CMYK

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

YEARS 35 देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार, 27 मई 2025 । वर्ष – 35 । अंक –27 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.



■ बहुत कुछ है जिस की पर्दादारी है!
■ ट्रम्प का व्यापार धर्मयुद्ध : विनिर्माण राष्ट्रवाद की बेपरवाह कोशिश — पृष्ठ 4

■ अपने देश का भला नहीं कर रहे राष्ट्रपति पुतिन व जेलेंस्की
■ इजरायल ने गाजा में नए संघर्ष विराम के प्रस्ताव को किया अस्वीकार — पृष्ठ 9

आरसीबी को शीर्ष दो की होड़ में बने रहने के लिए लखनऊ से जीतना ही होगा — पृष्ठ 10



आतंकवाद को पनाह देने वालों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से मुकाबला करना इतना मुश्किल होगा : नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### ऑपरेशन सिंदूर पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# हमने छुपाकर नहीं बताकर मारा

■ सिंदूर मिटाने वालों का मिटना तय
■ मैंने तीनों सेनाओं को पूरी छूट दी

**दाहोद**, 26 मई (एजेंसिया)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के दाहोद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सिंदूर मिटाने वालों का मिटना तय है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने छिपाकर नहीं, बताकर मारा। यह सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि ये हम भारतीयों के संस्कारों, हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है।

पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा, ये क्षेत्र मां भारती की, मानवता की रक्षा के लिए हमारे तप और त्याग को दर्शाता है। सोचिए, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने जो कुछ किया, क्या भारत चुप बैठ सकता है? क्या मोदी चुप बैठ सकता है? आतंकवाद को पनाह देने वालों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से मुकाबला करना इतना मुश्किल होगा।

उन्होंने कहा, अगर कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। इसलिए 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है। ये हम भारतीयों के संस्कारों, हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है।

**140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी**

'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैंने तीनों सेनाओं को पूरी छूट दी और हमारे बहादुर सैनिकों ने वो कर दिखाया, जो दुनिया ने दशकों में नहीं देखा था। हमने सीमा पार चल रहे नौ सबसे बड़े आतंकी शिविरों की पहचान की और उनके ठिकानों की पुष्टि की। 22 अप्रैल को उन्होंने जो खेल खेला, उसके जवाब में हमने 6 मई की रात को सिर्फ 22 मिनट में उन्हें धूल चटा दी। आतंकवादियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। इसलिए मैंने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे प्रधान सेवक की जिम्मेदारी दी है।

### भारतीय सेना ने बुकलेट जारी की, तीनों सेना प्रमुख मॉनिटरिंग कर रहे थे

भारतीय सेना ने सोमवार को एक बुकलेट जारी की है। इसमें बताया गया कि 6-7 मई को लॉन्च किए ऑपरेशन सिंदूर की तीनों सेना प्रमुख मॉनिटरिंग कर रहे थे। बुकलेट में दिखाया गया है कि कैसे वॉर रूम से पूरे ऑपरेशन पर नजर रखी जा रही थी। इसमें आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और एयरफोर्स चीफ एयरचीफ मार्शल एपी सिंह मौजूद थे।

**हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान को धूल चटा दी**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत की इस कार्रवाई से बौखलाकर जब पाकिस्तानी सेना ने दुस्साहस दिखाया, तो हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी धूल चटा दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा, विभाजन के बाद जिस देश का जन्म हुआ, उसका एक ही लक्ष्य था, भारत का विरोध करना, भारत से नफरत करना और भारत को नुकसान पहुंचाना। लेकिन, भारत का लक्ष्य गरीबी मिटाना, अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और विकसित भारत के रूप में प्रगति करना रहा है। विकसित भारत का विजन केवल एक मजबूत सेना और एक मजबूत अर्थव्यवस्था के माध्यम से ही साकार होगा।

**गुयाना के प्रधानमंत्री ने भारत को दिया समर्थन**

**जॉर्जटाउन।** गुयाना के प्रधानमंत्री मार्क एंथनी फिलिप्स ने बर्बिस में शशि थरूर के नेतृत्व वाले भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान सीमा पार आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के उपायों के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि फिलिप्स ने रविवार शाम (स्थानीय समयानुसार) को ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के प्रति भारत की शून्य सहनशीलता की नीति के बारे में सांसदों से जानकारी प्राप्त की। फिलिप्स आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के प्रति समर्थन व्यक्त करने वाले दूसरे गुयाना नेता थे।

# अब देश के सबसे उन्नत ट्रांसफॉर्मर बनेंगे रायपुर में



**रायपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ एक और बड़ी छलांग लगाने जा रहा है। देश की प्रतिष्ठित कंपनी करमवीर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने रायपुर में अत्याधुनिक ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस इकाई में 300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा, जिससे छत्तीसगढ़ का नाम देश के सबसे बड़े ट्रांसफॉर्मर निर्माण केंद्रों में शामिल हो जाएगा।

■ 300 करोड़ से अधिक का निवेश प्रस्ताव
■ छत्तीसगढ़ से होगा अब पूरे देश को ट्रांसफॉर्मर सप्लाई

इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक विवेक जैन ने मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ सदन, नई दिल्ली में मुलाकात की। बैठक में प्रस्तावित परियोजना की रूपरेखा, निवेश संभावनाएं और रोजगार सृजन के आयामों पर विस्तार से चर्चा हुई। जैन ने बताया कि यह यूनिट तकनीकी दृष्टि से देश की सबसे उन्नत ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई होगी, जो भविष्य में ऊर्जा क्षेत्र की ज़रूरतों को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निवेश प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़, विकसित भारत 2047 के निर्माण में एक मजबूत स्तंभ बने। यह निवेश सिर्फ एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की तकनीकी क्षमता और आत्मनिर्भरता की दिशा में ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### रायपुर में जल्द स्थापित होगा देश का प्रमुख एआई डेटा सेंटर



■ ईएसडीएस करेगी 600 करोड़ का निवेश

छत्तीसगढ़ देश के डिजिटल परिदृश्य में बड़ा कदम रखने जा रहा है। रायपुर में अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए टेक्नोलॉजी कंपनी ईएसडीएस साफ्टवेयर सोल्यूशन लिमिटेड ने 600 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री से नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में मुलाकात के दौरान कंपनी के चेयरमैन पीयूष सोमानी और उपाध्यक्ष लोकेश शर्मा ने कहा कि यह सेंटर न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे भारत के डिजिटल भविष्य को गति देगा। इस प्रस्ताव के माध्यम से छत्तीसगढ़ को एआई क्लाउड टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल स्टोरेज के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में ठोस पहल होगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा, डिजिटल इंडिया की भावना को छत्तीसगढ़ में धरातल पर उतारने के लिए यह निवेश मील का पत्थर साबित होगा। सरकार हरसंभव सहायता देगी ताकि यह परियोजना जल्द से जल्द मूर्तरूप ले। ईएसडीएस की यह पहल छत्तीसगढ़ को एक टेक्नोलॉजी हब बनाने के साथ-साथ युवाओं के लिए उच्च स्तरीय रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। यह सेंटर राज्य के आईटी इकोसिस्टम को मजबूती देगा और डिजिटल आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के इनवेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सेन भी उपस्थित थी।

## सार संक्षेप

### भाजपा के पूर्व सांसद छत्रपाल सिंह का निधन

**बुलंदशहर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ छत्रपाल सिंह का लम्बी बीमारी के चलते दिल्ली में निधन हो गया है। वह करीब 79 वर्ष के थे। बुलंदशहर के बिगराऊ गांव के मूल निवासी डा सिंह फिलहाल बुलंदशहर नगर की टीचर्स कॉलोनी में निवास कर रहे थे। वह बुलंदशहर लोकसभा सीट से चार बार सांसद और उड़ीसा से राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वह राज्यमंत्री थे। डा सिंह के निधन पर राजनीतिक हस्तियों और समाजसेवियों ने दुख प्रकट किया है।

### तुर्की, पाकिस्तान बढ़ाएंगे द्विपक्षीय सहयोग

**इस्तांबुल।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से यहां मुलाकात की तथा इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने का संकल्प लिया। दोनों नेताओं के बीच रविवार को यहां हुई बैठक के बाद तुर्की के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में श्री एर्दोगन ने कहा, वह दोनों देशों के बीच हर क्षेत्र में, विशेष रूप से ईंधन, परिवहन और रक्षा में सहयोग बढ़ाने का प्रयास करेंगे। राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में तुर्की और पाकिस्तान के बीच बढ़ती एकजुटता दोनों देशों के हितों की पूर्ति करती है।

### 2027 तक एआई अपनाने में 383 प्रतिशत वृद्धि संभव

**नई दिल्ली।** भारत में ह्युमन रिसोर्स इंडस्ट्री के लीडर्स को उम्मीद है कि 2027 तक एजेंटिक एआई अपनाने में 383 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जा सकती है। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। एजेंटिक एआई को ऐसी तकनीक के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो एआई एजेंटों को इस प्रकार सक्षम बनाती है कि वे मानवीय निगरानी के बिना स्वायत्त रूप से कार्य कर सकें।

### बृजभूषण को पॉक्सो केस में राहत

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली। इस रिपोर्ट में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह पर नाबालिग होने पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक पहलवान द्वारा दायर मामले को रद्द करने की मांग की गई थी।

# जातिगत जनगणना पर सरकार काम नहीं कर रही : भूपेश



**रायपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। जातिगत जनगणना को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने दिल्ली रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा करते हुए

कहा कि जब से राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की बात की है, तब से देशभर में इसे लेकर माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्तर पर बड़ा बदलाव संभव है। इसी विषय को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का फैसला किया, यह कैबिनेट का निर्णय है।हालांकि यह प्रक्रिया समय और संसाधन मांगती है, और फिलहाल भारत सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने बताया कि इन्हीं मुद्दों को लेकर दिल्ली में छत्तीसगढ़ के सभी ओबीसी नेता एकजुट हो रहे हैं।

भूपेश बघेल ने पूछा कौन चला रहा है मुख्यमंत्री के विभाग?

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंत्रिमंडल विस्तार में विलंब और सीमित मंत्रियों की संख्या को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जितने कम मंत्री होंगे, उनके सारे विभाग मुख्यमंत्री के पास चले जाएंगे।

अब यह जानने की आवश्यकता है कि मुख्यमंत्री के पास जो विभाग हैं, उन्हें आखिर चला कौन रहा है? उन्होंने कहा कि चाहे वह माइनिंग हो या शिक्षा, सभी विभाग मुख्यमंत्री के पास हैं, तो फिर उनका संचालन कौन कर रहा है?

मेकाहारा अस्पताल में पत्रकारों के साथ हुई बदसलूकी और मारपीट की घटना पर भूपेश बघेल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि पत्रकारों के साथ ऐसी घटना की मैं निंदा करता हूं ।सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों। रविवार रात कवरेज करने गए मीडियाकर्मी के साथ मेकाहारा अस्पताल में तैनात बाउंसरों ने धक्कामुक्की की और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी थी. इस घटना को लेकर मीडियाकर्मियों में भारी आक्रोश है।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को लेकर सरकार पर साधा निशाना

दंतेवाड़ा जिले में नक्सलवाद को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल में वहां नक्सलियों की संख्या में भारी कमी आई थी। हमने वहां शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया और आदिवासियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अभियान चलाए। उन्होंने वर्तमान की साय सरकार पर आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार तेंदूपत्ता नहीं खरीद पा रही है और मनरेगा भी सुचारू रूप से नहीं चल रहा है, जिससे आदिवासियों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है।

### एनआईए ने सीआरपीएफ जवान को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के साथ संवेदनशील जानकारी साझा करने के आरोप में दिल्ली से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान मोती राम जाट को गिरफ्तार किया। वह 2023 से पाकिस्तानियों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा कर रहा था।

**खरगे का कंद्र सरकार पर हमला**

# अच्छे दिन की बात डरावने सपने साबित हुए




**नई दिल्ली**, 26 मई (एजेंसियां)। 26 मई 2014 को के दिन नरेंद्र मोदी ने देश के प्रधानमंत्री के तौर पर पहली बार शपथ ली थी। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मौके पर पीएम मोदी और उनकी सरकार को घेरा है।

मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 6 मई 2014, 11 सालों में बड़े-बड़े वादों को खोखले दावों में बदलकर मोदी सरकार ने देश की ऐसी दुर्दशा की, कि अच्छे दिन की बात अब एक 'डरावने सपने' की तरह साबित हुए। मल्लिकार्जुन खरगे ने हर तबके का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं से सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा किया गया था। असलियत ये है कि उन्होंने करोड़ों नौकरी गायब की हैं। किसान से सरकार ने वादा किया था कि सरकार आने पर आय दोगुनी हो जाएगी। न आय हुई दोगुनी, ऊपर से रबर बुलेट खाने पड़ी। महिला आरक्षण पर शर्तें लागू, सुरक्षा तार-तार कर दी। कमजोर वर्ग जैसे ,एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों पर भयावह अत्याचार हो रहे हैं, हिस्सेदारी खत्म की जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने अर्थव्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि महंगाई की पराकाष्ठा, बेरोजगारी की बाढ़ और असमानता चरम पर है। हर तरफ लोग परेशान हैं। सरकार ने 2014 से पहले विदेश नीति को लेकर वादा किया था विश्वगुरु बनाकर रहेंगे। हालत ये है कि आज हर देश से सम्बन्ध बिगाड़ दिए हैं।

### लालू परिवार पर भड़कीं ऐश्वर्या

**पटना**, 26 मई (एजेंसियां)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और घर से निकाले जाने पर पत्नी ऐश्वर्या राय पहली बार मीडिया के सामने आईं। ऐश्वर्या ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए लालू यादव के परिवार पर जमकर निशाना साधा और कई सवाल पूछ डाले। उन्होंने कहा पूरा परिवार ड्रामा कर रहा है। मैं ये पूछना चाहती हूं कि जब इन लोगों (लालू यादव के परिवार को) तेजप्रताप के बारे में पता था कि ऐसी बात है तो मेरी शादी क्यों कराई, मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की? उनसे पूछिए कि मुझे मारा क्यों?

# मेकाहारा अस्पताल की पोल खुलने से बचाने तैनात किए गए हैं गुंडे : सिंहदेव



**रायपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। ।राजधानी रायपुर के सरकारी अस्पताल मेकाहारा में पत्रकारों के साथ मारपीट मामले में कांग्रेस ने सोशल मीडिया में पोस्टर जारी कर सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने कहा, अस्पताल की पोल खुलने से बचाने गुंडों को तैनात किया गया है। एक्स पर कांग्रेस ने लिखा, प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल मेकाहारा हॉस्पिटल में बाउंसरों का कहर है। खस्ता हाल व्यवस्थाओं और लापरवाही को ठीक करने की बजाए भारी भुजाओं वाले गुंडे पाल लिए गए हैं, जो मीडिया कर्मियों के साथ मारपीट, बदतमीजी कर भीतर की पोल खुलने से बचाते हैं।

प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने एक्स पर पोस्ट कर इस घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा, प्रदेश के सबसे बड़े और प्रख्यात सरकारी अस्पताल मेकाहारा में हुई अप्रिय और हिंसक घटना बहुत चौंकाने वाली और अत्यंत निन्दनीय है। सरकारी अस्पताल में बाउंसर के रूप में हिंसक और असामाजिक तत्वों का मौजूद होना और पत्रकारों के विरुद्ध प्रशासन की मौजूदगी में हिंसा और बदतमीजी करना प्रदेश की कानून व्यवस्था और पत्रकारिता की स्वतंत्रता का हाल साफ दिखाता है। सिंहदेव ने कहा, मैं प्रदेश के पत्रकार साथियों के साथ मजबूती से खड़ा हूं ।उनकी सुरक्षा, रिपोर्ट और सवाल करने की स्वच्छंदता के लिए पूरी शक्ति के साथ आवाज उठाऊंगा।

# कांग्रेस ने गौरव गोगोई को सौंपी असम की कमान



■ तीन कार्यकारी अध्यक्ष भी नियुक्त किए

**नई दिल्ली**, 26 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने लोकसभा में पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई को असम प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त कर उनके सहयोग के लिए तीन प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भी नियुक्त किए हैं। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है और सभी पदाधिकारी को तत्काल काम शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि श्री गोगई को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है जबकि वरिष्ठ नेता जाकिर हुसैन सिकदर, श्रीमती रोजलीना टिर्की तथा प्रदीप सरकार को प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। श्रीमती टिर्की को कांग्रेस सचिव पद से मुक्त किया गया है। श्री वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी ने भूपेन बोरा को प्रचार समिति, देवव्रत सैकिया को समन्वय समिति, प्रद्युत बोरडोलोई को घोषणा पत्र समिति तथा रकीबुल हुसैन को पब्लिसिटी विभाग का प्रमुख बनाया है। पार्टी ने श्री गोगोई से पहले प्रदेश अध्यक्ष रहे भूपेन वोरा के काम की प्रशंसा की है।

# ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा



**हिसार**, 26 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार की एक अदालत ने सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद ज्योति को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने का आदेश दिया गया। ज्योति मल्होत्रा को पुलिस ने नौ दिन की रिमांड पर लिया था, जो अब समाप्त हो चुकी है। इस दौरान पुलिस ने उससे गहन पूछताछ की और जासूसी से संबंधित महत्वपूर्ण सुराग जुटाने का प्रयास किया। इससे पहले भी पुलिस ने ज्योति को दो बार रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान जांच एजेंसियों ने ज्योति से गहनता से पूछताछ की ज्योति मल्होत्रा एक यूट्यूबर है और उसके खिलाफ 16 मई को सरकारी गोपनीयता अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। वह उन 12 लोगों में शामिल थी जिन्हें जासूसी के संदेह में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया था। बताया गया कि वह पाकिस्तानी उच्चायोग के कर्मचारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के संपर्क में थी। भारत ने कथित तौर पर जासूसी में लिप्त होने के कारण 13 मई को दानिश को देश से निष्कासित कर दिया था।

**महामारी** सबसे ज्यादा सक्रिय मामले केरल में, दिल्ली में भी कोरोना ने पकड़ी रफ्तार

# देश में लगातार बढ़ रहे कोविड मामले

■ कुल मामलों की संख्या 1,010 हुई

**नई दिल्ली, 26 मई (देशबन्धु)। भारत में कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। देश में कुल मामलों की संख्या 1,1 हो गई है। देश में कोरोना के सबसे ज्यादा 43 मरीज केरल में है। वहीं राजस्थान, महाराष्ट्र, बंगाल और कर्नाटक में कुल 12 मरीजों की मौत हुई है। हालांकि इनमें से कइयों को दूसरी गंभीर बीमारियां भी थीं।**

*इसके अलावा महाराष्ट्र में 209, दिल्ली में 104, गुजरात में 83 और कर्नाटक में 47 केस शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में 15 मरीज मिले हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोविड-19 के मामलों में बड़ा उछाल आया है।*

*राजधानी में कोरोना के 104 मामले सक्रिय हैं। इनमें से 99 मामले पिछले एक सप्ताह के दौरान बढ़े हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में सबसे ज्यादा सक्रिय मामले केरल में हैं।*



***सबसे ज्यादा मरीज महाराष्ट्र में ठीक हुए-*** *इसके अलावा, कोविड-19 से सबसे ज्यादा मरीज महाराष्ट्र में ठीक हुए हैं। महाराष्ट्र में 8,29,849, केरल में 6,84,927 और आंध्र प्रदेश में 2,32,635 में सबसे अधिक मरीजों ने कोरोना को मात दी है। सबसे ज्यादा मौतें (कोरोना की पहली लहर से अब तक) - महाराष्ट्र (1,48,606), तमिलनाडु (38,086) और कर्नाटक (40,412) में हुई हैं। 19 मई के बाद देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस के नए मामले दर्ज किए गए हैं। जिनमें आंध्र प्रदेश में (4), छत्तीसगढ़ में (1), गोवा में (1), गुजरात में (76), हरियाणा में (8), कर्नाटक में (34), मध्य प्रदेश में (2), राजस्थान में (11), तमिलनाडु में (3) और तेलंगाना में (1) मरीज शामिल हैं। इस बीच, दिल्ली में कोविड-19 के मामले 100 के पार पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार स्थिति पर करीबी से नजर बनाए हुए है। सीएम गुप्ता ने कहा, सभी अस्पतालों को दिशानिर्देश दिए गए हैं और सरकार स्थिति पर नजर रख रही है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में मामलों से निपटने की पूरी तैयारी कर रखी है। यहां हर तरह की सुविधाएं मौजूद हैं।*

# स्व. अजीत जोगी की प्रतिमा चोरी पर अमित जोगी और समर्थकों का धरना

## सम्मानपूर्वक पुनः स्थापना और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही** 26 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी की आदमकद प्रतिमा के रहस्यमय ढंग से देर रात चोरी हो जाने के बाद मामला गरमा गया है। शनिवार सुबह जैसे ही यह खबर फैली, पूरे जिले में आक्रोश की लहर दौड़ गई।

स्व. अजीत जोगी के पुत्र और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अध्यक्ष अमित जोगी खुद मौके पर पहुंचे और समर्थकों व स्थानीय नागरिकों के साथ धरने पर बैठ गए। उन्होंने प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि (यह केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की भावना और आदर का प्रतीक है।)

अमित जोगी ने कहा कि अजीत जोगी सिर्फ नेता नहीं थे, वे इस क्षेत्र के हर व्यक्ति के परिवार का हिस्सा थे। उन्होंने बताया कि प्रतिमा स्थापना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और अन्य प्रमुख नेताओं से चर्चा कर सहमति ली गई थी। इसके बाद ही मूर्ति स्थापना की तैयारी की गई थी।

धरने में जुटे लोगों ने प्रशासन से यह मांग की कि स्व. जोगी जी की प्रतिमा को सम्मानपूर्वक पुनः स्थापित किया जाए और इस घटना में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

इस बीच, जिला प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है। हालांकि, अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मूर्ति को हटाने या क्षतिग्रस्त करने के पीछे कौन जिम्मेदार है

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह एक सुनियोजित कृत्य है, जिससे जनता की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। धरने में बड़ी संख्या में जोगी समर्थक, क्षेत्रीय नेता और सामाजिक संगठन जुटे हैं।

फिलहाल माहौल तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रित बना हुआ है।





### अजीत जोगी की आदमकद प्रतिमा चोरी, और बरामदी के बाद विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले ज्योतिपुर चौक, वार्ड क्रमांक 10 से एक अत्यंत संवेदनशील और निंदनीय घटना सामने आई है। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी की आदमकद प्रतिमा को अज्ञात लोगों द्वारा रविवार की रात्रि में चोरी कर लिया गया। यह प्रतिमा निजी भूमि पर स्थापित थी और जनसामान्य में उसका विशेष भावनात्मक और सामाजिक महत्व था। घटना के सामने आने के बाद क्षेत्र में भारी जनाक्रोश फैल गया, जिसके चलते आज बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया साथ ही आपत्ति दर्ज करते हुए कहां की अजीत जोगी न सिर्फ स्थानीय थे बल्कि पूरे देश में गौरेला पेंड्रा मरवाही को पहचान देना वाले नेता थे उनके प्रतिमा के साथ इस तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन लोगों ने भी इस कृत्य को किया है उन्हें सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द ही दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हो ।धरना स्थल पर अमित जोगी सहित भाजपा कांग्रेस जोगी कांग्रेस एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सोपा है और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। इस गंभीर और भावनात्मक रूप से संवेदनशील घटना को लेकर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 303(1) BNS, 302, 305(D) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। धारा 303(1) BNS – सार्वजनिक श्रद्धा एवं सामाजिक शांति को ठेस पहुंचाने के कृत्य पर। धारा 302 – जानबूझकर और पूर्वनियोजित आपराधिक मंशा से की गई गंभीर क्षति। धारा 305(D)– समाज में अशांति फैलाने व विधिविरुद्ध षड्यंत्र का प्रयास। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में नागरिकों का आरोप है कि इस चोरी में मुख्य नगरपालिका अधिकारी, दीपक शर्मा एवं प्रदीप जायसवाल की संलिप्तता है। मांग की गई है कि दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई कर उन्हें दंडित किया जाए। प्रतिमा की तत्काल पुनर्स्थापना की जाए। चोरी की गई प्रतिमा को 24 घंटे के भीतर उसी स्थान पर ससम्मान पुनः स्थापित करने की मांग की गई है। चौक का नामकरण– ज्योतिपुर चौक को 'स्व. अजीत जोगी चौक' के नाम से अधिसूचित करने की भी अपील की गई है। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय गवाहों से पूछताछ प्रारंभ कर दी है। साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# शिक्षक साझा मंच की बैठक में, 28 को मंत्रालय घेराव की तैयारी पर हुई विस्तृत चर्चा



**मुंगेली** 26 मई (देशबन्धु)। शिक्षक संगठनों के साझा मंच मुंगेली की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें 28 मई को रायपुर में प्रस्तावित मंत्रालय घेराव आंदोलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रांतीय सह-संचालक संजय उपाध्याय ने कहा कि साझा मंच के माध्यम से लगातार शिक्षकों की समस्याओं और मांगों को उच्चाधिकारियों और राज्य सरकार तक पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युक्तियुक्तकरण एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है, जिसका शीघ्र समाधान आवश्यक है। उन्होंने सरकार से मांग की कि 2008 के स्कूल और शिक्षकों के सेटअप को यथावत रखा जाए और युक्तिकरण की नीति पर पुनर्विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्ता का आकलन शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी है, इसलिए शिक्षक तैनाती में जल्दबाजी या अव्यवस्था से शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। बैठक में जिला संचालक दीपक वेंताल ने सोना साहू प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में ऐसे मामलों से जुड़े पात्र शिक्षकों को क्रमोन्नति और समयमान वेतन मिलना चाहिए। उन्होंने शिक्षा विभाग से इस संबंध में जनरल आदेश जारी करने की मांग की, जिससे सभी पात्र शिक्षकों को लाभ मिल सके। बैठक में साझा मंच मुंगेली के अन्य पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे, जिनमें बलराज सिंह, नेमीचंद भास्कर, भूपेंद्र बंजारे, लक्ष्मीकांत जडेजा, रमन शर्मा, दिनेश निर्मलकर, राजकुमार धृतलहरे, जिला राम यादव, खूबचंद्र क्षत्रिय, जयप्रकाश चौबे एवं दुर्गेश देवांगन शामिल थे। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर रायपुर में होने वाले मंत्रालय घेराव में अधिक से अधिक शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया और कहा कि जब तक सरकार शिक्षकों की जायज मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती, आंदोलन जारी रहेगा।

# महिलाओं ने अखण्ड सुहाग के लिए वट सावित्री का रखा व्रत



**तखतपुर** 26 मई (देशबन्धु)। अखण्ड सुहाग की कामना को लेकर महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखकर पूजा अर्चना किए। सोमवती अमावस्या को आज पूरे क्षेत्र में महिलाओं ने व्रत रखा और पूजा अर्चना किए। मुहूर्त के अनुसार प्रातः 11 बजे के बाद महिलाएं बरगद और पीपल के वृक्ष की पूजा अर्चना किए। एक जगह एकत्रित होकर सभी ने एक साथ पूजा अर्चना करते हुए अपने सुहाग की अखण्डता की कामना की तथा पूजा अर्चना के बाद सत्यवान और सावित्री की कथा का श्रवण किए।

बरगद और पीपल वृक्ष की पूजा करने के बाद उसकी 108 बार परिक्रमा किए और अपने सुहाग की अखण्डता की आशीर्वाद मांगे। व्रती महिलाएं सुबह से निर्जला व्रत रखी थी और पूजा अर्चना के साथ प्रसाद ग्रहण कर व्रत खोले। इस अवसर पर वट सावित्री पूजन कैलाश नगर तखतपुर सोनाली राजपूत ने प्रथम व्रत रखी, लता राजपूत, दुर्गा राजपूत भारतीय राजपूत बिना राजपूत सोनू राजपूत उत्तरा राजपूत, प्रीति राजपूत ज्योति राजपूत माया राजपूत ज्योति राजपूत माया, खुशबू राजपूत, संगीता राजपूत दिब्यां राजपूत ने पूजा अर्चना किया।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

अब देश के सबसे ...

एक मजबूत कदम है। राज्य सरकार इस परियोजना को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। यह परियोजना राज्य में बिजली क्षेत्र के आधुनिकीकरण, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार, और उद्योग आधारित विकास को गति देगी। विशेष रूप से यह पहल मेक इन छत्तीसगढ़ के नारे को मजबूती देती है, जहां अब अत्याधुनिक तकनीक से बने ट्रांसफॉर्मर पूरे देश को रोशन करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के इनवेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सेन भी उपस्थित थी ।

## 3 जून से होगा शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन

**मुंगेली** 26 मई (देशबन्धु)। जिले की धार्मिक भूमि एक बार फिर भक्ति और श्रद्धा से सराबोर होने जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिव महापुराण कथा वाचक परम पूज्य गिरी बापू 03 जून से 11 जून तक दोपहर 2 बजे से आदर्श कृषि उपज मंडी मैदान, मुंगेली में 811वीं शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे। यह आयोजन धर्मप्रेमियों और शिवभक्तों के लिए एक अनुपम अवसर होगा। पूज्य बापू के लाखों अनुयायी देश-विदेश में मौजूद हैं और वे जहां भी कथा होती है, वहां पहुंचकर दिव्य वाणी का लाभ लेते हैं। उन्हीं भक्तों में से एक मुंगेली निवासी मिथलेश केशरवानी, जो पिछले 16 वर्षों से बापू जी की कथा श्रवण करते आ रहे हैं, की वर्षों पुरानी इच्छा थी कि गिरी बापू जी मुंगेली में कथा कहें। अब यह सपना साकार हो रहा है। आयोजक परिवार संतोष कुमार, दीनानाथ, आनंद, मिथिलेश एवं नवीन केसरवानी ने बताया कि इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से बापू जी के भक्तों के आगमन की संभावना है।

इस आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोरों पर हैं।

# अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन




**तखतपुर** 26 मई (देशबन्धु)। अहिल्या बाई होलकर की जयंती पर जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कृष्ण कुमार कौशिक ने कहा कि जिनकी विश्व में ख्याति हो, जिसका सद्चरित्र हो, उनको पुण्यलोक कहते है। केवल चार लोग को ही पुण्यश्लोक की उपाधि मिला है जिसमें श्री विष्णु भगवान, राजा नल, युधिष्ठिर और देवी अहिल्या बाई होलकर को मिला हुआ है। लोकमाता की उपाधि इसलिए दिया गया था कि वे सभी रूपों में ममतामई माता के रूप में कार्य किया। मातोश्री की उपाधि उनको ही मिला है। 29 साल तक निष्कंटक कार्य करना, एक महान शासक का निशानी है। वे पूरे तन्मयता पूर्वक शासन की। महिलाओं की शक्ति को संसार में सबसे दिखाने का कामअहिल्या बाई होलकर ने किया। सभा को नारायण पाली ने कहा कि अहिल्या बाई होलकर बचपन से ही मेधावी थी। हालांकि जल्दी विवाह हो गया था। अपने पति से साथ वे शासन की। लेकिन पति की मृत्यु के बाद सत्ता संभाली और विकसित राष्ट्र का निर्माण किया। अहिल्या बाई होलकर को इस लिए याद किया जाता की वे सड़क, हॉस्पिटल, कुवां बावली, मंदिरों का निर्माण कराया।

जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर जन भागीदारी के अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने कहा कि विधायक धर्मजीत सिंह जी के प्रयास से महाविद्यालय के लिए खेल ग्राउंड के लिए राशि की घोषणा हो चुकी है।

कार्यक्रम का संचालन प्रीतम कश्यप एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य विनोद कुमार दुबे ने किया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार कौशिक, अशोक ठाकुर, कृष्ण कुमार साहू, नैन लाल साहू, दिनेश राजपूत, श्रीमती ललिता कश्यप, प्राचार्य विनोद कुमार दुबे जी, महामंत्री प्रमोद ठाकुर, प्रीतम कश्यप, नारायण पाली, अंकित अग्रवाल पार्षद, मंडल कार्यसमिति सदस्य संतोष श्रीवास, श्रीमती मालती यादव, श्यामा रमानंदी, लव पांडे, अश्वनी शर्मा, राघवेंद्र पांडेय, ज्ञान सिंह ठाकुर, लखन लाल धनकर सहित महाविद्यालय परिवार के स्टाफ, एनसीसी कैडेट, एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ASHISH KUMAR S/O KHIKHRAM SAHU resident of WARD NO. 11, TELI PARA, RASONTA, JANJGIR CHAMPA, (C.G.) - 495554 have changed my old name ASHISH KUMAR S/O KHIKHRAM SAHU so in future I should be recognized by my new name that is ASHISH KHIKHRAM SAHU S/O KHIKHRAM SAHU in all Government and other documents.

**ASHISH KHIKHRAM SAHU**
WARD NO. 11, TELI PARA,
RASONTA, JANJGIR CHAMPA,
(C.G.) - 495554

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ROHIT KESHARWANI S/O NAND BABA KESHARWANI resident of WARD NO. 11 SHUKULPARA KHAROD, JANJGIR CHAMPA (C.G.) 495556 have changed my old name ROHIT KESHARWANI S/O NAND BABA KESHARWANI so in future I should be recognized by my new name that is ROHIT KUMAR KESHARWANI S/O NAND BABA KESHARWANI in all Government and other documents.

**ROHIT KUMAR KESHARWANI**
WARD NO. 11 SHUKULPARA
KHAROD, JANJGIR CHAMPA
(C.G) 495556

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**
**मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई.चौक, कोरबा (छ.ग.)**
**कोसाबाड़ी जोन**

फा.क्र./ 260/ निर्माण (कोसाबाड़ी जोन)/ 2025 / कोरबा, दिनांक 21.05.2025

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर बंद लिफाफे के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :–

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि – 02.06.2025 सायंकाल 3.00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि – 02.06.2025 सायंकाल 4.30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू में |
|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्र. 33 अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पी.डब्ल्यू.डी. रामपुर में शौचालय का निर्माण कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास, वर्ष 2024) (तृतीय निविदा) | 5,18,500/– | 4,000/– |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website: www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

// स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें //

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञानसंस्थान (सिम्स चिकित्सालय) बिलासपुर छ.ग.**
FAX (O) - 07752-224200, PHONE (O)- 07752-230030

क्रमांक / 4017 / ऑ.भं./ सं.सं.अधि./ सिम्स चिकि./ 2025
बिलासपुर, दिनांक 15/05/2025

**कन्ज्यूमेंबल/ सर्जिकल सामाग्री आपूर्ति हेतु ई-निविदा 2025-26 (द्वितीय निविदा)**

| | |
|---|---|
| सिस्टम टेंडर नं. 16654 निविदा कार्य का नाम | सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर (छ.ग.) में उपचारार्थ मरीजों, आयुष्मान लाभान्वित मरीजों के लिए कन्ज्यूमेंबल/ सर्जिकल सामाग्री की आपातकालीन स्थिति में तत्काल पूर्ति किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा। |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | रूपये 2000.00 का Demand Draft (दो हजार रू. मात्र/–) वापसी योग्य नहीं, जो की संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक (Joint Director and Superintendent CIMS Hospital Bilaspur (C.G.) सिम्स चिकित्सालय बिलासपुर (छ.ग.) के पक्ष में देय हो। |
| निविदा प्रारंभ तिथि वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in के माध्यम से | दिनांक 09/04/2025 समय 10.00 Am से प्रारंभ |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की तिथि | दिनांक 08/06/2025 समय 4.59 pm तक |
| निविदा संबंधित दस्तावेजों की हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 09/06/2025 समय 03.00 PM से पूर्व (सील बंद रजिस्टर्ड पोस्ट/ स्पीड पोस्ट/ पी.एंड टी विभाग से अधिकृत कोरियर के माध्यम से निविदा जमा किया जाना है) संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 09/06/2025 संध्या 4.00 P.M. |
| निविदा अमानत राशि | रूपये 1,50,000.00 (रूपए एक लाख पचास हजार/–) का डिमांड ड्राफ्ट/ बैंकर्स चेक। जो कि संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक (Joint Director and Superintendent CIMS Hospital Bilaspur ) सिम्स चिकित्सालय बिलासपुर के पक्ष में देय हो। |
| निविदा खोलने के हेतु निर्धारित स्थान | कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर में कार्यालयीन दिवस एवं अवधि में। |

उपरोक्तानुसार इच्छुक निविदाकारों से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
सिम्स चिकित्सालय बिलासपुर (छ.ग.)
जी– 252601134/1

एमपीकॉन लिमिटेड
MPCON LIMITED
भारत सरकार का उपक्रम
Ground Floor, Rajiv Gandhi Bhawan-2, 35, Shyamla Hills, Bhopal-462002
**INVITING APPLICATIONS FOR EMPANELMENT**
MPCON Limited, invites applications from Training Providers for empanelment. Detailed Terms/ Conditions & Application form available at www.mpconsultancy.org Application should be received within 15 days from the advertisement.

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PUSHPA KUMARI D/O NAND KISHOR resident of WARD NO. 11 SHUKULPARA KHAROD, JANJGIR CHAMPA (C.G.) 495556 have changed my old name PUSHPA KUMARI D/O NAND KISHOR so in future I should be recognized by my new name that is PUSHPA KHUSHBOO KESHARWANI W/O KANTI KUMAR KESHARWANI in all Government and other documents.

**PUSHPA KHUSHBOO KESHARWANI**
WARD NO. 11 SHUKULPARA
KHAROD, JANJGIR CHAMPA
(C.G.) 495556

**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. /अ–6/2024–25
पक्षकार– अजहर मोहम्मद पिता स्व. बशीर मोहम्मद वगैरह.................. आवेदकगण
बनाम
शमा बेगम पिता स्व. बसीर वगैरह

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण अजहर मोहम्मद पिता स्व. बशीर मोहम्मद वगैरह निवासी नेताजी सुभाष काम्पलेक्स के सामने मंदिर चौक जरहाभाठा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाठा नजूल शीट नं. 04 प्लाट नं. 25/3 रकबा 875 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख में हमारे एवं अन्य अनावेदकगण शमा बेगम पिता स्व. बसीर वगैरह के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को अनावेदकगण से पंजीकृत हकत्याग पत्र के माध्यम से प्राप्त कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 20/06/2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम् से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 26/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल**
**सरकण्डा तहसील व जिला**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्रमांक/ Q/सीमांकन/ रा.नि./ 2025
बिलासपुर, दिनांक 20/05/2025

प्रति,
1. आवेदक श्री गजानन्द मौर्य पिता चन्द्रशेखर मौर्य सा. देवनन्दन नगर
आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमिस्वामी
2. गायत्री मौर्य

विषयः– सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।
संदर्भः– न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक क / तह./ ना.तह./ वा./2025, बिलासपुर दिनांक 22/04/2025

ग्राम चांटीडीह प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 419 रकबा 0.206 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक गजानन्द मौर्य पिता चन्द्रशेखर मौर्य के द्वारा छ.ग.भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 28.05.2025 को समय 11 से 5.00 बजे तक किया जाना है। अतः उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात् की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. सरकण्डा
तहसील–बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल**
**सरकण्डा तहसील व जिला**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्रमांक/ Q/सीमांकन/ रा.नि./ 2025
बिलासपुर, दिनांक 20/05/2025

प्रति,
1. गायत्री मौर्य पति राजू मौर्य
सा. देवनन्दन नगर
आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमिस्वामी
2. संतोष साहू

विषयः– सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।
संदर्भः– न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक क/ तह./ ना.तह./ वा./2025, बिलासपुर दिनांक 22/04/2025

ग्राम चांटीडीह प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 420 रकबा 0.450 हे. के सीमांकन हेतु आवेदिका गायत्री मौर्य पति राजू मौर्य के द्वारा छ.ग.भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 28.05.2025 को समय 11 से 5.00 बजे तक किया जाना है। अतः उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात् की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. सरकण्डा
तहसील–बिलासपुर (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, Md.Murtuza Ansari पुत्र Sagir Ansari निवासी 691, Manas Chowk, Ratakhar, Ward No. 2, Korba Town यह सूचित करना चाहता हूं कि मैने अपने पुराने नाम Md.Martuza Ansari को विधिवत रूप से परिवर्तित कर अब अपना नाम Murtuza Ansari रख लिया है।

यह नाम परिवर्तन मेरी स्वेच्छा से बिना किसी दबाव या मजबूरी के किया गया है। मेरा उद्देश्य सभी सरकारी, अर्ध–सरकारी, बैंकिंग, शैक्षणिक संस्थानों तथा अन्य संबंधित विभागों में अपने नवीन नाम Murtuza Ansari को ही मान्य कराना है।

इसलिए अब से मैं सभी प्रकार के दस्तावेजों, प्रमाण पत्रों, पहचान पत्रों, लेन–देन तथा अन्य कानूनी और सामाजिक कार्यों Murtuza Ansari नाम से ही जाना और पहचाना जाऊंगा।

सभी संबंधित विभागों, संस्थाओं और व्यक्तियों से अनुरोध है कि मेरे नाम में किए गए इस परिवर्तन को अपने रिकार्ड में अद्यतन करें और भविष्य में किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति से बचें।

**Murtuza Ansari**
691, Manas Chowk, Ratakhar,
Ward No. 2, Korba

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**NIT N0.- 06/2025-26**

ज्ञा.क्र. 1476 / टेण्डर/ व.ले.लि./ ग्रा.यां.सेवा/ 2025 बिलासपुर, दिनांक 22/05/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) ''द'' वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी (सिविल कार्य) दर अनुसूची दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रीत एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑफलाईन (Offline) प्रतिशत दर पर दिनांक 09.06.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्रमांक | कार्य का नाम/ स्थान | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा का क्रम |
|---|---|---|---|
| 1 | मा.शाला में 2 अति.कक्ष निर्माण (शेष कार्य),बांका | 11.32 | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य, सेलर | 2.00 | द्वितीय आमंत्रण |

Note -

01. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट – 2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट– 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://res.cg.gov.in अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रा.यां. सेवा संभाग बिलासपुर
जी- 252601115/2

# देश

उवाच "

मध्य प्रदेश में महिलाओं, दलितों और आदिवासियों के साथ लगातार अत्याचार की घटनाएं हो रही हैं और राज्य सरकार इसे नियंत्रित नहीं कर पा रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव गृह मंत्रालय का कार्य भी संभाल रहे हैं इसलिए राज्य में सबसे पहले पूर्णकालिक गृह मंत्री होना चाहिए। –डॉ.विक्रांत भूरिया, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35° | 28° |
| मुंबई | 27° | 26° |
| कोलकाता | 27° | 26° |
| चेन्नई | 33° | 29° |

# कृषि विकास से ही आएगी समृद्धि : धनखड़

■ उप राष्ट्रपति ने तीन दिवसीय कृषि उद्योग समागम का किया उद्घाटन

■ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

**नरसिंहपुर,** 26 मई (एजेंसियां)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि खेती–किसानी देश की अर्थव्यवस्था की नींव है। यह हमारी प्रगति का मूल आधार है। कृषि के क्षेत्र में विकास और नित नए नवाचार जरूरी हैं। कृषि के विकास से ही देश में समृद्धि आएगी। देश का उदर–पोषण करने वाले अन्नदाता की खुशहाली में ही हमारे देश की खुशहाली सन्निहित है। उन्होंने कहा कि देश के किसान भाइयों के परिश्रम से ही विकसित भारत 2047 का लक्ष्य पूरा होगा। धनखड़ सोमवार को यहां जिला मुख्यालय में कृषि उद्योग समागम–2025 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उपराष्ट्रपति धनखड़, राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीप प्रज्जवलन, कन्या पूजन एवं भगवान बलराम की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 26 से 28 मई तक चलने वाले तीन दिवसीय 'कृषि–उद्योग समागम 2025' का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. श्रीमती सुदेश जगदीप धनखड़ विशेष रूप से उपस्थित थीं। वहीं उप राष्ट्रपति कृषि उद्योग समागम कार्यक्रम परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस दौरान उनके साथ उपस्थित रहे और पौधरोपण किया। मंत्रिपरिषद् में शामिल कई अन्य मंत्रियों ने भी पौधरोपण में हिस्सा लिया। उपराष्ट्रपति ने कृषि उद्योग समागम के लिए



देश के किसान भाइयों के परिश्रम से ही विकसित भारत 2047 का लक्ष्य पूरा होगा : जगदीप धनखड़

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस पहल का अन्य राज्यों को भी अनुसरण करना चाहिए। किसान हमारे अन्नदाता हैं। अन्नदाताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि किसान भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बेहद कर्मठ और कार्यशील है। कोई ऐसा दिन नहीं रहता, जब वे गांव, गरीब और किसान की चिंता न करें।

मध्य प्रदेश सरकार ने गांव–किसान और उद्योग को जोड़ने की अभिनव पहल शुरू की है। धनखड़ ने कृषि–उद्योग समागम के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि देश का हर राज्य मध्यप्रदेश की इस पहल का अनुकरण करेगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा भी 29 मई से 12 जून तक नई दिल्ली में कृषि आधारित एक वृहद आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का रास्ता गांव और किसान के खेत से निकलता है। देश में विकसित भारत के लिए महायज्ञ चल रहा है इसमें सबसे बड़ी आहूति किसान भाइयों की ही है। किसान केवल फसल उत्पादन तक सीमित न रहें। उन्हें खाद्य प्र–संस्करण, व्यापार और मार्केटिंग भी सीखनी चाहिए। उप राष्ट्रपति ने कहा कि किसान अधिक से अधिक कृषि आधारित उद्योग स्थापित करें। उन्होंने सुझाव दिया कि अन्नदाता को उद्यमी बनाने के लिए स्थानीय सांसद और विधायक गांवों को गोद लें, किसानों को समृद्ध बनाएं, जिससे खेती में नई तकनीक का इस्तेमाल हो और हर गांव में समृद्धि आए। उन्होंने कहा कि देश में 720 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नेतृत्व में सभी संस्थान बेहद सजग होकर कार्य कर रहे हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर एक नया इतिहास रच दिया है। हमने जापान को पीछे छोड़ा है और बहुत जल्द जर्मनी को पीछे छोड़कर हम तीसरे स्थान पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि के मामले में शस्य श्यामला है। नरसिंहपुर पर मां नर्मदा की विशेष कृपा है। नरसिंहपुर जिला दाल का कटोरा है, यहां की तुअर दाल को जीआई टैग मिला है। दाल उत्पादक किसान देशभर में पहचान बना चुके हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। मध्यप्रदेश तो नदियों का मायका है।

मध्य प्रदेश 247 नदियों का उद्गम है, जो देश में सर्वाधिक है। यहां घने जंगल नदियों एवं जलराशि को समृद्ध करते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश को मां नर्मदा का आशीर्वाद मिला हुआ है। नर्मदा मध्य प्रदेश के साथ–साथ गुजरात और राजस्थान को भी जल प्रदान करती है। झ

महाकौशल, मालवा और निमाड़ का कुछ हिस्सा मां नर्मदा से सिंचित है। मालवा की तरह बुंदेलखंड में केन–बेतवा नदी लिंक परियोजना से समृद्धि आएगी। स्व. श्री अटलजी का सपना पूरा करते हुए प्रदेश सरकार ने तीन बड़ी नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम शुरू कर दिया है।

## कृषि सब्सिडी किसान के खाते में मिले : उप राष्ट्रपति

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि सब्सिडी किसानों के बैंक खातों में भेजने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि इसका उद्योग से व्यापक जुड़ाव है। धनखड़ ने कहा कि किसानों को हर प्रकार की सहायता सीधे बैंक खाते में मिलनी चाहिए। इससे किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि खाद को लेकर सब्सिडी की राशि बहुत बड़ी है और अन्य भी सब्सिडी की राशियां भी बहुत बड़ी हैं, पर यह अप्रत्यक्ष हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि यदि यह सब सीधी किसानों को दी जाएं, तो मेरा आकलन है कि हर किसान को हर साल कम से कम 35,000 रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को इस पर ध्यान देना चाहिए और अध्ययन कराया जाना चाहिए। इससे किसान को ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि किसान को हर तरीके से सरकार मदद कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधा किसानों के खाते में जाती है, लेकिन अन्य सहायता भी सीधी किसानों के खाते में जानी चाहिए।

# बिहार में पथ निर्माण के क्षेत्र में करोड़ों की सौगात देंगे मोदी

**पटना,** 26 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 मई को दो दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे हैं और इस दौरान वह राज्य में पथ निर्माण के क्षेत्र में 17088 करोड़ रुपए की सौगात देंगे। राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 मई को दो दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे हैं और इस दौरान वह राज्य में पथ निर्माण के क्षेत्र में 17088 करोड़ रुपए की सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पटना–गया–डोभी जो राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)–22 है उसके पैकेज एक, दो और तीन का उद्घाटन करेंगे। इस परियोजना पर कुल लागत 5519 करोड़ रुपए की आई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री गोपालगंज शहर में एनएच–27 पर चार लेन एलिवेटेड सड़क का उद्घाटन करेंगे। इसका निर्माण केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 249 करोड़ रुपए की लागत से कराया गया है। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी इसके अतिरिक्त बिहार को कई सड़क परियोजना की भी सौगात देने जा रहे हैं। नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री जिन सड़क परियोजनाओ का शिलान्यास करेंगे उनमें एनएच–119 पटना–आरा–सासाराम के पैकेज एक और दो शामिल हैं। इसका निर्माण सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 3712 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है। इसी तरह वह एनएच–319बी वाराणसी–रांची–कोलकाता एक्सप्रेसवे के पैकेज दो एवं तीन तथा छह और सात का भी शिलान्यास करेंगे। इसकी कुल लागत क्रमश: 2817 करोड़ एवं 3177 करोड़ रुपए है।



■ 29 मई को दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे प्रधानमंत्री

## पटना हवाई अड्डे में नवनिर्मित टर्मिनल का करेंगे उद्घाटन

राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के क्रम में पटना हवाई अड्डा में नवनिर्मित टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे, जो कुल 1200 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है। इसके अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय में आठ करोड़ रुपए की लागत से निर्मित डारमेट्री और स्टाफ क्वार्टर का भी उद्घाटन प्रधानमंत्री करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री औरंगाबाद में नबीनगर सुपर थर्मल पॉवर परियोजना के दूसरे चरण और बिहटा हवाई अड्डा के सिविल एन्क्लेव का भी शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी राजधानी पटना में भव्य रोड शो करेंगे।

## सार संक्षेप

### ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की वैज्ञानिक ताकत को दिखाया : मनोज सिन्हा

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं, रक्षा क्षेत्र में नवाचारों एवं तकनीकी प्रगति को दिया और कहा कि इसने देश की वैज्ञानिक ताकत को प्रदर्शित किया है। उधमपुर से भौतिकी भारत यात्रा का उद्घाटन करते हुए, अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने भारतीय भौतिकी शिक्षकों संघ (आईएपीटी) और राष्ट्रीय अंतर्वेशिका नेटवर्क इंडिया (एनएएनआई) द्वारा शुरू की गई उत्कृष्ट पहल की सराहना की।

### कोलकाता में एक बांग्लादेशी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कालीघाट में वाणिज्यिक कार चालक के ड्यूटी पर तैनात कोलकाता पुलिस अधिकारी को टक्कर मारने के बाद की जांच में पता चला है कि आरोपी एक बंगलादेशी नागरिक है, जिसने महज 15ॅ रुपए में फर्जी भारतीय पहचान पत्र हासिल कर भारतीय नागरिक बन गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार चालक बंगलादेश के फरीदपुर का निवासी आजाद शेख अक्टूबर, २223 में उत्तर 24 परगना के रास्ते भारत आया था। वह फ़र्ज़ी आधार और मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड हासिल करने के बाद भारतीय नागरिक बन गया।

### मुंबई के होटल में लगी आग

**मुंबई।** मुंबई के उपनगर अंधेरी ईस्ट के चकला इलाके में ज्योति होटल में सोमवार सुबह आग लग गई, जिससे इलाके में रहने वालों और होटल में ठहरे लोगों में दहशत फैल गई। एक अधिकारी ने बताया कि आपात स्थिति में दमकल विभाग और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और इमारत के अंदर फंसे सभी 35 लोगों को बाहर निकाला। दमकल विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। बताया गया कि आग होटल की छठी मंजिल पर लगी थी। दमकल विभाग व पुलिस की समय पर कार्रवाई से जानमाल का नुकसान होने से बच गया।

### केरल से कश्मीर तक 'चलो एलओसी' यात्रा एक जून से

**तिरुवनंतपुरम।** केरल से कश्मीर तक 'चलो एलओसी' यात्रा आगामी एक जून को आदि शंकराचार्य के जन्मस्थान कलडी से शुरू होगी और 12 जून को जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास टीटवाल में शारदा मंदिर पहुंचेगी। अभिनवगुप्त उन्नत अध्ययन संस्थान के निदेशक एवं चलो एलओसी के राइड कैप्टन आर. रामानंद ने बताया कि 1ॅ बुलेट मोटर साइकिलों के काफिले के साथ, बुलेट अगेंस्ट बुलेट्स के नारे के तहत विरोध यात्रा शुरू की जाएगी।

# मुर्मु से मधुबनी गोंड कला के कलाकारों ने की भेंट

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेसियां)। राष्ट्रपति भवन में आयोजित आर्टिस्ट इन रेजिडेंस (घरेलू जीवन के कलाकार) कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मधुबनी चित्रकार और गोंड लोक–कला के कलाकारों के एक समूह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति में बताया गया राष्ट्रपति ने इस कार्यक्रम में प्रदर्शित लोक–चित्रकारों की कलाकृतियों का अवलोकन भी किया। उन्होंने भारत की महत्वपूर्ण पारंपरिक कलाओं के इन दो रूपों में उनके योगदान की सराहना की और उनके भविष्य के कलात्मक प्रयासों में सफलता की कामना की। इस कला उत्सव में भारत की पारंपरिक कलाओं को उनके मूल स्वरूप में प्रदर्शित किया जा रहा है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस कला उत्सव ने भारत के लोक, आदिवासी और पारंपरिक कलाकारों को राष्ट्रपति भवन में एक मंच भी प्रदान किया है, जिन्होंने पीढ़ियों से कला के विभिन्न रूपों को जारी रखा है। आर्टिस्ट–इन–रेजिडेंस कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश की गोंड कला और बिहार की मधुबनी कला के कलाकार 20 से राष्ट्रपति भवन में ठहरे हुये हैं और वे वहां कल तक रहेंगे। इस कार्यक्रम में आये कलाकारों में मधुबनी कलाकार–शांति देवी, अंबिका देवी, मनीषा झा, प्रीति कर्ण, रंजन पासवान, शांति देवी, उर्मिला देवी आदि शामिल हैं।



■ राष्ट्रपति ने लोक-चित्रकारों की कलाकृतियों का किया अवलोकन

# पाकिस्तान को सम्मान देने का काम भाजपा के नेताओं ने किया : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने वर्तमान संकट के लिए उसे जिम्मेदार ठहरने पर भाजपा नेता निशिकांत दुबे को आड़े हाथ लेते हुए सोमवार को कहा कि इतिहास का ज्ञान नहीं होने पर भी उन्हें समझना चाहिए कि पाकिस्तान को सम्मान देने का काम कांग्रेस ने नहीं बल्कि भाजपा के नेताओं ने ही किया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि निशिकांत दुबे कांग्रेस पर हमला करने के लिए भुट्टो का हवाला दे रहे हैं। अब बताइए, पाकिस्तान के नेताओं को सम्मान कौन दे रहा है लेकिन इसमें हैरानी की कोई बात नहीं है, अडवाणी और जसवंत सिंह ने सार्वजनिक रूप से जिन्ना की तारीफ की थी और मोदी ने पठानकोट एयरबेस पर आतंकी हमले की जांच के लिए आईएसआई को बुलाया था। निशिकांत दुबे पर व्यक्तिगत और तीखा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि और ये बिचौलिए से नकली इतिहासकार बना व्यक्ति यह भी जान ले कि सरदार स्वर्ण सिंह और भुट्टो के बीच 1963 में छह दौर की वार्ताएं हुई थीं, लेकिन वो सारी बातचीत भारत और पाकिस्तान में हुई थी, किसी तटस्थ स्थान पर नहीं, जैसा कि 10 मई 2025 की संघर्षविराम घोषणा में डॉ. जयशंकर के मित्र और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था।



निशिकांत दुबे कांग्रेस पर हमला करने के लिए भुट्टो का दे रहे हैं हवाला : पवन खेड़ा

वर्तमान संकट का जिम्मेदार ठहरने पर भाजपा को घेरा

गौरतलब है कि दुबे ने इतिहास का हवाला देते हुए कांग्रेस पर हमला किया और कहा कि आयरन लेडी इंदिरा जी और उनके पिताजी नेहरु जी कश्मीर के अवैध कब्जे पाकिस्तान के द्वारा 1948 के बाद दुबारा मध्यस्थ अमेरिका और ब्रिटेन के दबाव में भारत सरकार के मंत्री स्वर्ण सिंह जी व जुल्फ़िकार अली भुट्टो की लगातार बैठक 1962 से 1964 के बीच हुई,भारत ने पुंछ तथा उरी पाकिस्तान के द्वारा जबरदस्ती हथियाए भूभाग को पाकिस्तान को देने का फैसला ही कर लिया था, इतने पर ही मामला नहीं रुका गुरेज में पूरी नीलम और किशनगंगा घाटी के साथ लाइन ऑफ कंट्रोल को अन्तरराष्ट्रीय सीमा। भारत की आज की समस्या का एकमात्र कारण कांग्रेस का हाथ, किसके साथ।

# झारखंड में पांच लाख का इनामी नक्सली ढेर

**रांची,** 26 मई (एजेंसियां)। झारखंड में लातेहार जिला के नेतरहाट थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में भाकपा माओवादी संगठन के कमांडर पांच लाख के इनामी मनीष यादव मारा गया जबकि दस लाख का इनामी कुंदन खेरवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नक्सलियों के साथ यह मुठभेड़ रविवार देर रात शुरू हुई और सोमवार की सुबह तक चली। मुठभेड़ खत्म होने के बाद चलाए गए सर्च अभियान के दौरान मनीष यादव का शव मिला। मनीष यादव के उपर सरकार ने पांच लाख इनाम की घोषणा की थी। इस अभियान के दौरान लातेहार पुलिस को 10 लाख इनामी कुंदन खरवार को भी पकड़ने में भी सफलता हाथ लगी है।मारे गए नक्सलियों के पास से पुलिस ने कई हथियार भी बरामद किया है। उल्लेखनीय है कि बीते 24 मई को एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में लातेहार पुलिस की टीम ने लातेहार थाना क्षेत्र के इचाबार जंगल में जेजेएमपी सुप्रीमो 10 लाख इनामी उग्रवादी पप्पू लोहरा और पांच लाख इनामी उग्रवादी प्रभात गंझू को भी मार गिराया था।



# भाजपा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेगी कर्नाटक सरकार



झूठे और भ्रामक मीडिया अभियान को लेकर जताई नाराजगी

**बेंगलुरू,** 26 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने घोषणा की है वह कथित तौर पर झूठे और भ्रामक मीडिया अभियान के लिए भारतीय जनता पार्टी और उसके नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेगी। राज्य सरकार की सोमवार को यहां जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक वह बेंगलूरू के 42 वे मुख्य मेट्रोपोलिटन न्यायाधीश के समक्ष भाजपा सरकार के विज्ञापन 'दो सालों में राज्य सरकार की असफलताओं की सूची' के खिलाफ मामला दाखिल करेगी। विज्ञापन में राज्य सरकार एवं पार्टी नेताओं पर कथिततौर पर भ्रष्टाचार और प्रशासनिक असफलता के आरोप लगाए गए है। विज्ञापन में कांग्रेस के वर्ष 2023 में सत्ता में आने के बाद से राज्य सरकार पर घोटालो और प्रशासनिक असफलताओं के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई गलत सूचना के फैलाव को रोकने और सार्वजनिक तौर पर दायित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई हैं।


## विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा : विजयेंद्र

इस बीचर राज्य सरकार के इस कदम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कर्नाटक भाजपा प्रमुख विजयेंद्र येदियुरप्पा ने राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए उस पर विपक्ष को दबाने और मीडिया को चुप कराने के लिए आपातकाल–युग की रणनीति का सहारा लेने का आरोप लगाया है। पार्टी के जारी एक बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का लोकतंत्र को कमजोर करने, राजनीतिक विरोधियों को जेल में डालने और प्रेस की स्वतंत्रता को दबाने का इतिहास रहा है और विरोध की आवाजों को निशाना बनाकर राज्य में भी यही परिपाटी लागू की जा रही है।



# बंगाल में कोरोना के सात नए मामले

**कोलकाता,** 26 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में कोरोना के सात नए मामले सामने आए है। प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में हाल ही में कोविड जैसे लक्षणों के साथ 11 लोगों को भर्ती कराया गया है। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने कहा है



कि सभी मरीज स्थिर हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। विभाग के अनुसार रविवार को कोलकाता में कोविड–19 के सात नए मामले सामने आए, जिनमें से छह दक्षिण कोलकाता के एक निजी अस्पताल में और एक शहर के पूर्वी इलाके में स्थित एक अन्य निजी अस्पताल में पाया गया। अस्पताल के सूत्रों ने कहा कि अधिकांश मरीज खांसी और जुकाम के लक्षणों के साथ आए थे और नियमित कोविड–19 जांच में वायरस के लक्षण पाए गए, जिसके कारण उन्हें आइसोलेशन वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया।

# स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य में हुआ बड़ा सकारात्मक बदलाव : शाह

**नागपुर,** 26 मई (एजेंसियां)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को यहां कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के स्वास्थ्य परिदृश्य में बहुत सकारात्मक बदलाव आया है और करोड़ों गरीबों के लिए केंद्र ने मुफ्त इलाज का प्रबंध किया है। शाह यहां नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट परिसर में मरीजों और उनके परिजनों के लिए बनाए जाने वाले 'स्वस्ति निवास' परिसर का भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उन्होंने नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) के नागपुर कैम्पस के स्थायी परिसर का भूमिपूजन और अस्थायी कैम्पस का ई–उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश के करोड़ों गरीबों के लिए पांच लाख रुपए तक के सभी इलाज मुफ्त प्राप्त करने की सुविधा कर दी है। इसमें राज्य द्वारा दी जाने वाली राशि जोड़ने पर लगभग किसी गरीब को 25 लाख रुपए तक के इलाज पर कोई पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं होती है। इसके कारण गरीबों के जीवन में बीमारी के समय में लड़ने का हौंसला आया है और उनमें बीमारी से ठीक होकर फिर से अपने परिवार के साथ रहने की आशा जन्मी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसके साथ ही सस्ती और अच्छी औषधियों के लिए जन–औषधि दुकानों की श्रृंखला शुरू की है।



■ स्वस्ति निवास परिसर का किया भूमि पूजन


**कवायद** *कश्मीर के पर्यटन को फिर से जिन्दा करने की कोशिशें तेज*

# पर्यटन पैकेजों पर छूट देने की योजना बना रहे होटल व्यवसायी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 26 मई (देशबन्धु)। पहलगाम नरसंहार के बाद पूरी तरह से खत्म हो चुके कश्मीर के पर्यटन को फिर से जिन्दा करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। इसके लिए सरकारी के साथ साथ गैर सरकारी स्तर पर भी प्रयास तेज हुए हैं।

अगर सरकारी तौर पर मुख्यमंत्री ने कश्मीर के अलग–अलग हिस्सों में कैबिनट बैठकें करने की घोषणा की है तो होटल आदि ने 50 परसेंट छूट के साथ पर्यटकों को लुभाने का प्रयास भी आरंभ किया है। पहलगाम में हुए विनाशकारी आतंकी हमले के बाद जम्मू–कश्मीर में संघर्षरत पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के प्रयास में, स्थानीय होटल व्यवसायी पर्यटन पैकेजों पर 50 प्रतिशत की छूट देने की योजना बना रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में टूरिस्टों को वापस आकर्षित करना और पर्यटन पर निर्भर हजारों कर्मचारियों को राहत प्रदान करना है। यह बात जेएंडके होटलियर्स क्लब के महासचिव तारिक गनी ने साझा की, जिन्होंने कहा कि यह छूट 27 मई से 30 मई तक निर्धारित फेम टूर नामक एक व्यापक विश्वास–निर्माण कार्यक्रम का हिस्सा होगी। इसमें भाग लेने के लिए पूरे भारत से राष्ट्रीय टूर ऑपरेटर, शीर्ष होटल व्यवसायी और मीडिया प्रतिनिधि आमंत्रित हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय टूर ऑपरेटर और राष्ट्रीय मीडिया, श्रीनगर हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद, 27 मई को सीधे पहलगाम की ओर जाएंगे, जहां वे होटल व्यवसायियों, टट्टूवालों, स्थानीय लोगों और अन्य लोगों से बातचीत करेंगे और जमीनी स्थिति का आकलन करेंगे।



■ क्षेत्र में पर्यटकों को वापस आकर्षित करना उद्देश्य

गनी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल पहलगाम, श्रीनगर, सोनमर्ग और गुलमर्ग सहित चार प्रमुख सुरम्य स्थानों का दौरा करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को भी राष्ट्रीय टूर ऑपरेटरों और मीडियाकर्मियों से बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। वे बताते थे कि कार्यक्रम के दौरान, जम्मू–कश्मीर के होटल व्यवसायी, हाउसबोट मालिक, टूर ऑपरेटर, ट्रांसपोर्टर और अन्य सहित कश्मीर के पर्यटन हितधारक भी श्री अमरनाथ जी यात्रा–2025 के श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे। जबकि दूसरी ओर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई। जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर्यटकों में विश्वास पैदा करने के लिए घाटी के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर आधिकारिक बैठक करेंगे। बैठक के लिए सबसे पहले गुलमर्ग को चुना गया है। 28 मई बुधवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक होगी। जम्मू कश्मीर सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने नोटिस जारी कर सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में शामिल होने के लिए कहा है।

देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार 27 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## मोदी की विदेश नीति पर सवालिया निशान

नरेन्द्र मोदी सरकार जिस विदेश नीति पर चल रही है, उसके संभावित नुकसान के बारे में राहुल गांधी काफी पहले से आगाह करते रहे हैं। लेकिन कभी भी नेता प्रतिपक्ष श्री गांधी की सही सलाह को मोदी सरकार ने नहीं सुना, बल्कि भाजपा नेता उन्हें राजनीति का नौसिखिया साबित करने में लगे रहे या फिर उनके बयानों से देशविरोधी ताकतों को बल मिलता है, ये आरोप लगाते रहे। अभी डोनाल्ड ट्रंप के युद्धविराम के दावों को लेकर भी राहुल गांधी ने जो सवाल किए उसके बाद भाजपा नेताओं ने यहां तक कह दिया कि राहुल गांधी पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं और उन्हें निशान-ए-पाकिस्तान से नवाज़ा जाएगा। घरेलू राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप चलते रहते हैं, लेकिन विदेश नीति में सारे दल अब तक एकजुटता दिखाते रहे हैं, मगर अब मोदी सरकार में यह परंपरा भी टूट चुकी है। अब विदेश नीति मोदीनीति के तौर पर प्रस्तुत की जा रही है।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर 33 देशों में भेजा गया सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इसकी मिसाल है। भारत के पहले भी पाकिस्तान और चीन के साथ युद्ध हुए, कभी भी भारत ने पहले हमला नहीं किया, बल्कि परिस्थितियां संभालने के लिए उसे हथियार उठाने पड़े। यह बात पूरी दुनिया में अकाट्य सत्य की तरह बनी हुई है, इसलिए इससे पहले भारत को कभी भी अपना पक्ष रखने के लिए सांसदों, राजनयिकों की टोली देश-देश नहीं भेजनी पड़ी। इस बार भी भारत ऐसा कुछ न करता तब भी दुनिया ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल नहीं करती। क्योंकि जैसा हमेशा हुआ, अब भी वैसा ही हुआ कि सीमापार से आतंकी हमारी धरती पर आए, हमला किया, निर्दोष नागरिकों को मारा और तब जाकर भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी अड्डों पर हमला किया। पाकिस्तान ने पलटवार करने के लिए जो कदम उठाए, भारत ने उनका भी तगड़ा जवाब दिया। अफसोस है कि पुंछ जैसे सीमाई इलाकों में निर्दोष नागरिकों की मौत हुई, लेकिन यहां सेना की नहीं सरकार की गलती थी, कि उसने पहले से नागरिक सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए। बाकी जिन शहरों या सैन्य अड्डों को पाकिस्तान ने निशाना बनाने की कोशिश की, वो सारी हमारी रक्षा प्रणाली ने नाकाम कर दी थी। लेकिन इस बीच डोनाल्ड ट्रंप ने बीच में आकर सब गड़बड़ कर दिया। ट्रंप की मध्यस्थता से भारत युद्ध विराम के लिए सहमत हुआ यह संदेश तो पूरी दुनिया में गया ही, क्योंकि भारत ने अब तक इसका खंडन नहीं किया है। दूसरी तरफ पाकिस्तान को भी बढ़कर बोलने और खुद को पीड़ित की तरह पेश करने का मौका मिला। मोदी सरकार की विदेश नीति की यह सबसे बड़ी असफलता थी कि जिन देशों ने पहलगाम हमले के तुरंत बाद भारत के लिए सहानुभूति दिखाई, उनमें से कोई ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारत के साथ खड़ा नहीं रहा, अफगानिस्तान को छोड़कर।

अब प्रधानमंत्री मोदी देश में तो खुद घूम-घूमकर ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय लेने और उस पर राजनीति करने में लगे हैं, उधर उनका पक्ष रखने के लिए विदेशों में गया प्रतिनिधिमंडल भी भारत के पक्ष में माहौल बनाने में किस हद तक सफल होगा, यह विचारणीय है। क्योंकि इन प्रतिनिधिमंडलों की बैठकें अमूमन सामाजिक संगठनों, विचार मंचों, और वहां के प्रवासी भारतीय समुदाय से हो रही हैं, बहुत कम देशों में सरकार के साथ उच्च स्तरीय बैठक इन दलों की हुई है। जबकि विदेश नीति के मसले, किस देश को किस मुद्दे पर कितना साथ देना है, ऐसे फैसले सरकार में ऊंचे पदों पर बैठे लोग ही तय करते हैं, जो नीति निर्धारक होते हैं असल शक्ति उनके हाथों में होती है, और इन लोगों के साथ सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल की बैठकें हुई हैं, ऐसा देखने नहीं मिला। मेहमाननवाजी के तकाजे के हिसाब से अपने देश आए भारतीय प्रतिनिधिमंडल को हर देश सम्मान दे रहा है, उनकी बात सुन रहा है, आतंकवाद की निंदा भी कर रहा है, लेकिन क्या मोदी सरकार का मकसद केवल यही था। अगर ऐसा ही समर्थन जुटाना था तो फिर इन तमाम देशों में भारतीय दूतावास इस जिम्मेदारी को पूरा कर सकते थे। अच्छी, मनलुभावन बातें करने के लिए क्या जनता के धन पर इन प्रतिनिधिमंडलों को भेजा गया है।

खास तौर पर अमेरिका की बात करें तो भारतीय प्रतिनिधिमंडल के पहुंचने के बाद डोनाल्ड ट्रंप के बयान में कोई बदलाव आया, यह परखना चाहिए। क्योंकि मकसद तो भारत को सही और पाकिस्तान को गलत दिखाना है। लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक ऐसी कोई खबर नहीं आई कि ट्रंप का कोई बयान परिवर्तन हुआ हो। बल्कि अब इस प्रतिनिधिमंडल के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री और राष्ट्रीय सुरक्षा उपसलाहकार पवन कपूर भी अमेरिका जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनकी यात्रा का मकसद अमेरिका को यह समझाना ही है कि भारत और पाकिस्तान अपने मसले खुद सुलझा सकते हैं और इसमें किसी मध्यस्थ की जरूरत नहीं है। अमेरिका के पाकिस्तान के साथ बढ़ते व्यापारिक संबंधों को लेकर भी भारत अपनी चिंता व्यक्त कर सकता है। अब सरकार के इन दो प्रतिनिधियों से क्या ट्रंप को पाकिस्तान का साथ देने से रोका जा सकेगा, यह विचारणीय है। वैसे गौरतलब है कि शशि थरूर के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने वहां अलग-अलग मंचों से आतंकवाद के खिलाफ अपनी बात रखी, लेकिन इन मंचों पर ट्रंप सरकार का कोई नुमाइंदा रहा हो, ऐसी खबर नहीं थी।

इधर फ्रांस भी भारतीय दल पहुंचा है, लेकिन खबर ये भी है कि राफेल बनाने वाली दसॉ एविएशन ने भारत के साथ इस लड़ाकू विमान का सोर्स कोड यानी उसे चलाने वाला सॉफ्टवेयर या उसकी प्रोग्रामिंग भारत के साथ साझा करने से इंकार कर दिया है। भारत को अगर यह सोर्स कोड मिलता तो उसे अपने रक्षा उपकरणों को आगे जाकर अपग्रेड करने में मदद मिलती। मगर फ्रांसीसी कंपनी के इंकार के बाद अब भारत फिर से अपने पुराने परखे दोस्त रूस से सहायता लेने जा रहा है। रूस में बनने वाले एस यू 57 लड़ाकू विमान भारत खरीदने पर विचार कर रहा है और रूस ने इसकी तकनीकी जानकारी भारत के साथ साझा करने पर सहमति जताई है। यानी घूमफिर कर रूस ही हमारा मददगार साबित होता है। लेकिन फिर भी देश अमेरिका को लेकर दीवानगी दिखाता है, यह दुखद है।


कुल मिलाकर आज की तारीख में यही नजर आ रहा है कि मोदी सरकार बिना सोचे समझे वैश्विक, वैदेशिक संबंधों पर आगे बढ़ रही है, उसमें देश का नुकसान हो रहा है।

# बहुत कुछ है जिस की पर्दादारी है!

ऑपरेशन सिंदूर के बाद, राजस्थान में बीकानेर की अपनी सभा में प्रधानमंत्री मोदी, डॉयलागबाजी के अपने शीर्ष पर थे। यहां श्रोताओं की जोरदार तालियों के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने सिर्फ इसी का बखान नहीं किया कि कैसे ऑपरेशन सिंदूर के जरिए सफलता तथा सटीकता के साथ, पाकिस्तान में आतंकियों के अड्डों को तबाह कर दिया गया, उन्होंने इसका भी बखान किया किस तरह भारत ने पाकिस्तान के सीने पर ऐसा तगड़ा प्रहार किया था, जिससे पाकिस्तानी सेना लड़ाई रुकवाने के लिए बातचीत की प्रार्थना करने पर मजबूर हो गयी। भारत ने उसे अच्छी तरह समझा दिया है कि आइंदा उसके खिलाफ आतंकवादी हरकत की गयी तो उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी; पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, पाकिस्तान की सेना को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी आदि। बहरहाल, डॉयलागों की इस शृंखला का सिरमौर था प्रधानमंत्री मोदी का सिंदूर वाला डॉयलाग—'अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं गरम सिंदूर दौड़ रहा है'!

चाहे यह सिर्फ संयोग हो या बरबस वास्तविक मंतव्य का सामने आ जाना, प्रधानमंत्री मोदी को बीकानेर की इस सभा के मौके पर, पांच साल पहले बालाकोट एअर स्ट्राइक के बाद राजस्थान में ही चुरू में हुई अपनी सभा खूब याद थी। यह तो सभी जानते हैं कि बालाकोट एअर स्ट्राइक पुलवामा के आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में हुई थी, जिसमें सुरक्षा बलों के करीब चालीस जवान शहीद हुए थे। लेकिन, यह शायद ज्यादा लोगों को याद नहीं होगा कि चुरु की उक्त सभा से ही, जिसमें भी प्रधानमंत्री मोदी ने 'देश नहीं मिटने दूंगा, देश नहीं झुकने दूंगा' की प्रभावशाली डॉयलागबाजी की थी, पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के राजनीतिक और वास्तव में 2019 के आम चुनाव के लिए, दोहन के जबर्दस्त अभियान की शुरूआत हुई थी। बीकानेर की सभा से प्रधानमंत्री मोदी ने उसी सिलसिले के एक और चक्र की शुरूआत कर दी लगती है।

यह संयोग ही नहीं है कि सिंदूर के प्रतीक को सचेत रूप से इस अभियान के केंद्र में बनाए रखा जा रहा है। सिंदूर के प्रतीक का अगले कुछ ही महीने में होने वाले बिहार के विधानसभाई चुनाव के लिए और उसके कुछ और आगे, अगले साल के आरंभ में होने वाले बंगाल-असम के चुनावों के लिए विशेष महत्व है, हालांकि हिंदी सिनेमा से लेकर शिक्षा तथा सांस्कृतिक लेन-देन तक, प्रतीकों के सार्वदेशीकरण की प्रक्रिया में धीरे-धीरे सिंदूर, देश भर में विवाहिता के एक चिन्ह के रूप में स्थापित हो गया है, जोकि विडंबनापूर्ण तरीके से पितृसत्ता का प्रतीक भी है। इसीलिए, यह संघ परिवार के प्रिय प्रतीकों में से है, जो स्त्री के पूरे व्यक्तित्व को ही उसके वैवाहिक दर्जे में घटाने की कोशिश करता है। यह संयोग ही नहीं है कि संघ के इसी नजरिए को स्वर देते हुए, हरियाणा से भाजपा के सांसद, रामचंद्र जांगड़ा ने तो उन औरतों को, जिनके पतियों/ पिताओं की पहलगाम में आतंकवादियों ने हत्या की थी, बाकायदा इसके लिए फटकारा है कि उन्होंने मौके पर 'वीरांगना के भाव''का प्रदर्शन नहीं किया! सत्ताधारी पार्टी के सांसद के अनुसार, उनका वीरांगना के भाव का प्रदर्शन न कर के हाथ जोड़ना ही, उनके अपनों के काल का कारण बना। होना तो यह चाहिए था कि वे भले खुद शहीद हो जातीं, पर लाठी-डंडा जो भी मिल जाता, उसी से सामने से मुकाबला करतीं, पर वे तो हाथ जोड़े रहीं। बस संघ परिवार के नेता के इतना कहने की ही कसर रह गयी कि जब घर के पुरुष ही मार दिए गए, फिर इन महिलाओं के जिंदा रहने का क्या फायदा? यहां आकर सिंदूर के प्रतीक के उपयोग की वह प्रतिगामिता खुलकर सामने आ जाती है, जिसकी ओर 'ऑपरेशन सिंदूर' के आरंभ में ही कई नारीवादियों और जनतंत्रवादियों ने इशारा किया था।



राजेंद्र शर्मा

> राष्ट्रमत की यह कथित एकता तब कथित राष्ट्रमत की तानाशाही का रूप ले लेती है, जब इसके सहारे तमाम सवालों को दबाया जाने लगता है, भले ही वे सीधे शासन को कटघरे में खड़े करने वाले सवाल न हों, जैसे पहलगाम में सुरक्षा चूक के सवाल और जम्मू-कश्मीर में धारा-370 के खत्म किए जाने के बाद से, आतंकवाद के आखिरी सांसें गिन रहे होने के ढपोरशंखी दावों के सवाल, जो सीधे शासन को कटघरे में खड़ा करते हैं।

पुन: जैसाकि मोदी राज में नियम ही बन गया है, इस अभियान के केंद्र में भी, सेना को हटाकर मोदी को लाया जा चुका है। यह, ऑपरेशन सिंदूर के फौरन बाद, 13 से 23 मई तक के भाजपा के देशव्यापी अभियान में पहले ही किया जा चुका था। अब जगह-जगह लगे होर्डिंगों, बैनरों पर, कहीं हवाई जहाजों के साथ, तो कहीं तोपों के साथ, सैनिक पोशाक में सिर्फ और सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी हैं। बीकानेर की सभा के दो-तीन दिन बाद ही, प्रधानमंत्री गुजरात के दौरे पर निकल गए हैं, जहां रोड शो समेत तरह-तरह के उन्हीं पर केंद्रित कार्यक्रमों के जरिए, मोदी की छवि के गिर्द ऑपरेशन सिंदूर और उसमें जीत के दावों को पुख्ता किया जाएगा। यह शायद इसलिए और भी जरूरी है कि अभी चुनाव में थोड़ा सा वक्त बाकी है यानी हवा को अपेक्षाकृत ज्यादा दिन तब बनाए रखना है।

यह भी कोई संयोग नहीं है कि नीति आयोग की काउंसिल के मौके पर आयोजित, एनडीए के मुख्यमंत्रियों तथा उप-मुख्यमंत्रियों की बैठक ने, बाकायदा एक प्रस्ताव पारित कर, ऑपरेशन सिंदूर में सेना की भूमिका के साथ-साथ, प्रधानमंत्री के नेतृत्व की प्रशंसा की है। संभवत: इसी प्रस्ताव का रास्ता तैयार करने के लिए, मोदी सरकार ने सिर्फ सत्तापक्षीय मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाने का निर्णय लिया था, जिस पर विपक्षी पार्टियों ने इस आधार पर आपत्ति भी की थी कि चूंकि यह बैठक ऑपरेशन सिंदूर पर मुख्यमंत्रियों को ब्रीफ करने के लिए बुलायी जा रही थी, विपक्षी मुख्यमंत्रियों को इससे बाहर क्यों रखा जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय राजनीतिक राय की एकता की जिस तरह की मांग सत्तापक्ष और मीडिया में उसके पक्षधरों द्वारा उठायी जा रही थी, यह भी उसके इकतरफापन का एक और उदाहरण था। लेकिन, नरेंद्र मोदी एकता के ऐसे तकाजों से रुकने वाले नहीं थे। उनकी निगाह अपनी प्रशंसा के प्रस्ताव पर थी और इसका नतीजा यह हुआ कि एकता की सारी लफ्फाजी के बीच सिर्फ सत्तापक्षीय मुख्यमंत्रियों-उप-मुख्यमंत्रियों की बैठक हुई, जिसने खुशी-खुशी उक्त प्रस्ताव पारित किया।

इस इकतरफापन का एक और भी बड़ा उदाहरण, विपक्ष के सारे आग्रह के बावजूद, मोदी सरकार का संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए तैयार नहीं होना और इसके बजाए, सांसदों के नेतृत्व में विभिन्न देशों में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का था, जिसमें पुन: आतंकवाद के मुद्दे पर राष्ट्रीय राय की एकता का वही संदेश दिया जाना है। इन प्रतिनिधिमंडलों के लिए सत्तापक्ष द्वारा जिस तरह से विपक्ष से प्रतिनिधियों को चुना गया है, वह भी उसी इकतरफापन का एक और उदाहरण है।

बहरहाल, राष्ट्रमत की यह कथित एकता तब कथित राष्ट्रमत की तानाशाही का रूप ले लेती है, जब इसके सहारे तमाम सवालों को दबाया जाने लगता है, भले ही वे सीधे शासन को कटघरे में खड़े करने वाले सवाल न हों, जैसे पहलगाम में सुरक्षा चूक के सवाल और जम्मू-कश्मीर में धारा-370 के खत्म किए जाने के बाद से, आतंकवाद के आखिरी सांसें गिन रहे होने के ढपोरशंखी दावों के सवाल, जो सीधे शासन को कटघरे में खड़ा करते हैं। विपक्ष के नेता, राहुल गांधी जब सीमावर्ती इलाके में पुंछ में, भारत-पाकिस्तान के बीच घोषित-अघोषित युद्ध की विभीषिका झेल रहे लोगों से जाकर मिले, इसने प्रभावशाली ढंग से यह याद दिलाया कि युद्ध से प्रभावित होने वाले ये लोग भी इसी देश के नागरिक हैं। राजधानियों के फैसलों के नतीजे में इन सीमावर्ती इलाकों को जो झेलना पड़ता है, क्या राजधानियों के फैसलों में उसका समुचित या पर्याप्त हिसाब रखा जाता है? युद्ध संबंधी निर्णयों की इस कीमत की मौजूदा निजाम में शायद ही कभी चर्चा सुनाई देती हो। इसीलिए, प्रधानमंत्री मोदी के किसी भी भाषण, किसी भी बयान में, सीमावर्ती इलाकों के लोगों की इन मुश्किलों और कुर्बानियों का भी कोई जिक्र तक नहीं मिलता है। लेकिन, क्या सैन्य विकल्प का कोई भी फैसला करते हुए, इस कीमत को भी हिसाब में नहीं लिया जाना चाहिए।

ऐसा ही एक और मुद्दा, जिसे राहुल गांधी ने ही प्रभावशाली तरीके से उठाया है, युद्ध के वास्तविक नतीजों का है। मोदी सरकार, ऑपरेशन सिंदूर के खत्म नहीं होने के स्वांग की आड़ में, इसकी न्यूनतम प्रामाणिक जानकारियां तक छुपा कर रखने की कोशिश कर रही है कि इस लड़ाई में हमें क्या और कितनी कीमत चुकानी पड़ी है? सत्ताधारी पार्टी के पास एक ही रटा-रटाया जवाब है—यह ऐसे सवालों के जवाब देने का समय नहीं है। वास्तव में इसके पीछे मूल समझदारी यह है कि सरकार के सिवा और किसी को ऐसी जानकारी की जरूरत ही क्या है? दूसरी ओर मिट्टी में मिला देने से लेकर धूल चटा देने तक के दावों को अंतहीन तरीके से दोहराया जा रहा है। इस तरह एक ऐसा नैरेटिव गढ़ा जा रहा है, जिसमें सरकार और उसके गोदी मीडिया की ओर से बोलने वालों की मानें तो, भारत के लिए युद्ध की कोई कीमत ही नहीं है, जबकि पाकिस्तान के लिए इकतरफा तरीके से भारी कीमत है। इस तरह का असंतुलित विचार बाकायदा युद्धोन्माद को हवा दे रहा है। और यह युद्धोन्माद, संघ-भाजपा की मूल कार्यनीति के साथ बखूबी फिट बैठता है, हालांकि आपरेशन सिंदूर के शस्त्रविराम को अपने अनुयाइयों के ही गले उतरवाने में उन्हें भी अच्छी-खासी मशक्कत करनी पड़ी थी। दुर्भाग्य से कथित राष्ट्रमत की तानाशाही, विपक्ष के भी बड़े हिस्सों को इसी गाड़ी के पीछे घिसटने के लिए मजबूर करती नजर आ रही है। नसों में दौड़ते सिंदूर की डॉयलागबाजी, इसी सब पर पर्दा डालने का साधन है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# ट्रम्प का व्यापार धर्मयुद्ध : विनिर्माण राष्ट्रवाद की बेपरवाह कोशिश

■ के रवींद्रन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जिस आर्थिक राष्ट्रवाद कहते हैं वह अब उनका व्यापार धर्मयुद्ध बन गया है जिसके लिए वह अथक प्रयास कर रहे हैं। इसके तहत वह वैश्विक अर्थव्यवस्था के नये और अधिक विविध क्षेत्रों को निशाना साध रहे हैं। इस अभियान का नवीनतम मोर्चा हाई-टेक उद्योग है, जिसमें स्मार्टफोन निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है।

इस धर्मयुद्ध में सबसे खास घटनाक्रमों में से एक ट्रम्प द्वारा एप्पल के सीईओ टिम कुक को आईफोन निर्माण गतिविधियों को भारत से वापस संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थानांतरित करने के लिए राजी करने की कोशिश, जिसमें वह स्पष्ट रूप से विफल हो गये हैं। यह विफलता एक कठोर वास्तविकता को उजागर करती है-कॉर्पोरेट रणनीति उतनी लचीली नहीं है जितनी ट्रम्प उम्मीद कर सकते हैं, और वैश्विक विनिर्माण को आधार देने वाले आर्थिक तर्क को राजनीतिक दबाव से आसानी से पलटा नहीं जा सकता, भले ही दुनिया के सबसे शक्तिशाली कार्यालय द्वारा उसे लागू किया गया हो। भारत में अपने विनिर्माण कार्यों को जारी रखने और यहां तक कि विस्तार करने का एप्पल का निर्णय कई कारणों से प्रेरित है – लागत दक्षता, एक उभरते बाजार तक पहुंच और चीन पर अत्यधिक निर्भरता के खिलाफ भू-राजनीतिक बचाव। यह केवल ट्रम्प की अवहेलना का मामला नहीं है, बल्कि यह लोकलुभावन बहादुरी पर व्यावसायिक तर्क की जीत है।

> व्यापार जिहाद केवल एक आर्थिक अभियान नहीं है – यह एक राजनीतिक प्रदर्शन, चुनावी लाभ के लिए सावधानीपूर्वक बानाया गया अभियान है। फिर भी, इस प्रदर्शन की एक कीमत है। स्मार्टफोन और अन्य तकनीकी उत्पादों पर टैरिफ अनिवार्य रूप से उपभोक्ताओं पर डाला जायेगा, जिनमें से कई उन्हीं लोगों से संबंधित हैं, जिसकी रक्षा करने का दावा ट्रम्प करते हैं।

इस प्रतिरोध पर ट्रम्प की प्रतिक्रिया विशिष्ट रूप से आक्रामक रही है। अपने दृष्टिकोण को फिर से मापने के बजाय, उन्होंने च्थर्ड डिग्रीज् तरीकों के माध्यम से कदम उठाये हैं जिसे आर्थिक जबरदस्ती ही कहा जा सकता है। इनमें अनुपालन को मजबूर करने के उद्देश्य से टैरिफ और अन्य दंडात्मक उपायों की धमकियां शामिल हैं। उच्च आयात शुल्क की धमकियों के साथ एप्पल को लक्षित करके और सैमसंग को इसी तरह की धमकियाँ देकर, ट्रम्प वैश्विक तकनीकी दिग्गजों को अपने घरेलू विनिर्माण एजंडे के साथ संरेखित करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, यह रणनीति विरोधाभासों और खतरों से भरी हुई है।

स्मार्टफोन निर्माण एक अत्यधिक जटिल और अधिक पूंजी लगने वाली प्रक्रिया है। यह एक सुव्यवस्थित वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भर करता है जिसमें कई देशों के घटक, अत्यधिक कुशल श्रम और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा शामिल हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, अपनी सभी तकनीकी क्षमताओं के बावजूद, वर्तमान में प्रतिस्पर्धी मूल्य पर घरेलू स्तर पर स्मार्टफोन का उत्पादन करने के लिए सक्षम नहीं है क्योंकि वहां बड़े पैमाने पर सुविधाओं और लागत संरचना का अभाव है। इस बदलाव को मजबूर करने के किसी भी प्रयास के परिणामस्वरूप उपभोक्ता कीमतें काफी बढ़ सकती हैं, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान आ सकता है और संभावित रूप से उत्पाद की गुणवत्ता के मुद्दे भी हो सकते हैं। यह उनकी नीति का बाजार की वास्तविकताओं से टकराव का एक पाठ्यपुस्तक वाला मामला है।

इसके अलावा, ट्रम्प का अभियान उनकी विदेश नीति की लेन-देन प्रकृति से कमज़ोर है। भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी तथाकथित दोस्ती, जिसका वे अक्सर सार्वजनिक भाषणों और रैलियों में बखान करते हैं, उस समय लुप्त हो जाती है जब अमेरिकी कॉर्पोरेट हित उनके राष्ट्रवादी एजंडे के साथ संरेखित नहीं होते हैं। यह दोहरापन अंतरराष्ट्रीय भागीदारों द्वारा अनदेखा नहीं किया जाता है, जो तेजी से अमेरिकी नीति को अनिश्चित और स्वार्थी के रूप में देखते हैं। यह कूटनीतिक रिश्तों की ईमानदारी और स्थायित्व पर भी सवाल उठाता है, जो साझा मूल्यों या दीर्घकालिक रणनीतिक हितों के बजाय सुविधा पर आधारित होते हैं।

यह असंगतता वैश्विक मंच पर संयुक्त राज्य अमेरिका की विश्वसनीयता को कमज़ोर करती है। ट्रम्प के एजेंडे के केंद्र में यह विश्वास है कि विनिर्माण नौकरियों को क्रूर बल द्वारा अमेरिका में वापस लाया जा सकता है। वह टैरिफ और व्यापार बाधाओं के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्र के पुनरुद्धार की कल्पना करते हैं, बावजूद इसके कि दशकों के आर्थिक विकास ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को सेवाओं, स्वचालन और डिजिटलीकरण की ओर बढ़ाया है। आर्थिक महानता का यह उदासीन दृष्टिकोण एक बीते युग की याद दिलाता है जिसे केवल आदेश द्वारा पुनर्जीवित नहीं किया जा सकता है। आज विनिर्माण कमज़ोर, अधिक स्वचालित और मानव श्रम पर कम निर्भर है। ऑफ़शोरिंग के कारण खोयी गयी नौकरियां वही नहीं हैं जो सबसे अनुकूल परिस्थितियों में भी वापस आ सकती हैं।

वास्तव में, व्यापार जिहाद केवल एक आर्थिक अभियान नहीं है – यह एक राजनीतिक प्रदर्शन, चुनावी लाभ के लिए सावधानीपूर्वक बानाया गया अभियान है।

फिर भी, इस प्रदर्शन की एक कीमत है। स्मार्टफोन और अन्य तकनीकी उत्पादों पर टैरिफ अनिवार्य रूप से उपभोक्ताओं पर डाला जायेगा, जिनमें से कई उन्हीं लोगों से संबंधित हैं, जिसकी रक्षा करने का दावा ट्रम्प करते हैं। उदाहरण के लिए, सैमसंग स्मार्टफोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ अमेरिकी खरीदारों के लिए उन्हें काफी महंगा बना देगा, जिससे उपभोक्ता विकल्प कम हो जायेंगे और संभावित रूप से मांग कम हो जायेगी। एप्पल के लिए, प्रभाव और भी अधिक स्पष्ट हो सकता है, क्योंकि यह पहले से ही प्रीमियम मूल्य बिंदु पर है और लाभ मार्जिन बनाये रखने के लिए मात्रा पर बहुत अधिक निर्भर करता है। उच्च कीमतें बिक्री को नुकसान पहुंचा सकती हैं, कंपनी की बाजार स्थिति को कमजोर कर सकती हैं, और यहां तक कि इसके स्टॉक मूल्य को भी प्रभावित कर सकती हैं। इसके जो परिणाम होंगे वे व्यापक अर्थव्यवस्था में लहर की तरह होंगे।

इसके अलावा, टैरिफ लगाने से अमेरिकी धरती पर कारखानों के विदेशों से वांछित स्थानांतरण के लक्ष्य हासिल होने की संभावना नहीं है। इसके बजाय कंपनियां अन्य उभरते बाजारों में विविधता ला सकती हैं जहां श्रम और उत्पादन लागत अभी भी अनुकूल हैं। वियतनाम, इंडोनेशिया और मैक्सिको इसके प्रमुख उदाहरण हैं। यह न केवल अमेरिकी टैरिफ को दरकिनार करेगा बल्कि वैश्विक तकनीकी अर्थव्यवस्था को आकार देने में अमेरिकी प्रभाव को और भी कम करेगा। नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास उत्पादन के विकेंद्रीकरण को तेज कर सकता है, जिससे इसके रणनीतिक लक्ष्य कमज़ोर हो सकते हैं।

# जवाहर लाल नेहरू और अटलजी

■ अरविंद कुमार सिंह

संसद भवन परिसर में संविधान सदन में ऐसे बेहद अहम हिस्से में पंडित जवाहर लाल नेहरू की 16 फीट ऊंची प्रतिमा लगी है, जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। वह प्रतिमा शिवराज पाटिल के लोकसभा अध्यक्ष काल में लगी। जो प्रतिमा लगी उसे वास्तव में हवाई अड्डे पर लगाने के लिए बनाया गया था लेकिन बाद में फैसला हुआ कि संसद भवन में लगे। प्रतिमा में नेहरूजी नीचे की ओर देख रहे थे। इस प्रतिमा पर उस दौर के विपक्षी नेता अटलजी से भी सलाह ली गयी थी। प्रतिमा उनके सुझाव के अनुरूप ही लगी।

नेहरूजी प्रधानमंत्री और दिग्गज नायक थे, जब अटलजी ने संसद में प्रवेश किया। पर वाजपेयी जी की हिंदी ने नेहरू को भी प्रभावित किया था। संसद में अटलजी के सवालों का जवाब नेहरूजी हिंदी में दिया करते थे। विदेशी मामलों में अटलजी की खासी दिलचस्पी थी और इस विभाग का प्रभार नेहरूजी के पास ही था। पक्ष और विपक्ष के बीच इनका जो रिश्ता बना वह कितना प्रगाढ़ था इसकी झलक लोगों ने तब देखी जब 1964 में पंडित नेहरू के निधन पर अटलजी ने राज्य सभा में जो शानदार भाषण दिया था वह समय-समय पर उद्धरित होता रहता है। उन्होंने अपने लंबे उद्गार में 29 मई 1964 को यहां तक कहा कि-

महर्षि वाल्मीकि ने रामायण में भगवान राम के सम्बन्ध में कहा है कि वे असम्भवों के समन्वय थे। पंडितजी के जीवन में महाकवि के उसी कथन की एक झलक दिखाई देती है। वह शान्ति के पुजारी, किन्तु क्रान्ति के अग्रदूत थे; वे अहिंसा के उपासक थे, किन्तु स्वाधीनता और सम्मान की रक्षा के लिए हर हथियार से लड़ने के हिमायती थे। वे व्यक्तिगत स्वाधीनता के समर्थक थे किन्तु आर्थिक समानता लाने के लिए प्रतिबद्ध थे। उन्होंने समझौता करने में किसी से भय नहीं खाया, किन्तु किसी से भयभीत होकर समझौता नहीं किया। पाकिस्तान और चीन के प्रति उनकी नीति इसी अद्भुत सम्मिश्रण की प्रतीक थी।

अटलजी ने ये भी कहा था कि चीनी आक्रमण के दिनों में जब हमारे पश्चिमी मित्र इस बात का प्रयत्न कर रहे थे कि हम कश्मीर के प्रश्न पर पाकिस्तान से कोई समझौता कर लें, तब एक दिन, मैंने उन्हें बड़ा क्रुद्ध पाया। जब उनसे कहा गया कि कश्मीर के प्रश्न पर समझौता नहीं होगा तो हमें दो मोर्चों पर लड़ना पड़ेगा तो वो बिगड़ गये और कहने लगे कि अगर आवश्यकता पड़ेगी तो हम दोनों मोर्चों पर लड़ेंगे। किसी दबाव में आकर वो बातचीत करने के खिलाफ़ थे।

वाजपेयीजी के मन में नेहरूजी के लिए बहुत अधिक इज़्ज़त थी। 1977 में जनता पार्टी सरकार बनने के दौरान जब अटलजी विदेश मंत्री के रूप में साउथ ब्लॉक अपने मुख्यालय पहुंचे तो उनको पता चला कि एक मुख्य स्थल पर दीवार पर लगा नेहरूजी का चित्र ग़ायब है। अटलजी ने इस बारे में पड़ताल कराई तो विदेश सचिव ने उनको बताया कि अधिकारियों ने यह सोचकर उसे हटवा दिया था कि शायद उसे देखकर आप खुश नहीं होंगे। इस घटना के बाद श्री वाजपेयी ने आदेश दिया कि उस चित्र को वापस लाकर उसी स्थान पर लगाया जाये। और फिर वह चित्र लगा।

प्रधानमंत्री के रूप में 17 वर्षों तक विदेश मंत्रालय का कार्य भी नेहरूजी ने संभाला था। यह उनकी सोच थी कि नवोदित राष्ट्र को सैन्य गुटों तथा गठबंधनों से बाहर रखें। गुट-निरपेक्षता की उनकी नीति इसी विचार के तहत थी। वह एक गतिशील नीति थी, जिसे वैश्विक प्रतिष्ठा मिली। पंडित जवाहर लाल नेहरू विश्व नेता थे। तीसरी दुनिया के तो वे निर्विवाद नायक ही थे। भारत के विदेश मंत्री के तौर पर देश के सबसे कठिन कालखंडों में संसद में जवाहर लाल नेहरू ने ही मोरचा संभाला और मील के पत्थर कायम किए। अक्टूबर 1947 में देश को कश्मीर पर पाकिस्तान के साथ संघर्ष का सामना करना पड़ा। चाहे वह पड़ोसी मुल्कों से अच्छे रिश्ते हों या फिर शांति व स्थिरता का संदेश, नेहरू प्रखरता से अपनी इन नीतियों का पालन करते रहे। तिब्बत सीमा विवाद के वक्त चीन ने पंडित जवाहर लाल नेहरू का कद छोटा करने के लिए उनका चरित्र हनन करना शुरू किया था। उनकी सोच यह थी कि नेहरू से टकराने के लिए पहले नेहरू का कद घटाना जरूरी है, पर उसमें उनको सफलता नहीं मिली।



## ललित सुरजन की कलम से

### तालाब सुखाने और पेड़ काटने का सुख

*'बिलासपुर यात्रा में मैंने एक तरफ तो यह देखा कि रास्ते के तमाम वृक्ष काटे जा चुके हैं और दूसरी ओर बिलासपुर शहर का तापमान रायपुर से अधिक रहने लगा है। राजमार्ग के पेड़ इसलिए कटे क्योंकि सड़क को फोरलेन बनाया जा रहा है। मैं मानता हूं कि देश में सभी तरफ बेहतर सड़कों की आवश्यकता है। देश के भीतर परिवहन की गति और सुरक्षा दोनों बढ़ाने की आवश्यकता है। भारत वैश्विक अर्थतंत्र का हिस्सा है और उसकी भी यही मांग है। रूपक रचना हो तो कहूंगा कि रॉकेट युग में बैलगाड़ी की रफ्तार से चलना अब वांछित नहीं है। इसके विस्तृत कारणों में नहीं जाऊंगा। लेकिन ध्यान आता है कि जब रायपुर नगर से विमानतल के रास्ते के सैकड़ों वृक्षों को बचाने के लिए योजना बन सकती है तो क्या बिलासपुर के मार्ग पर लगे ऊंचे घने पेड़ों को बचाना संभव नहीं था? हमारे देश में गर्मियां लंबी होती हैं। तीखी धूप का सामना कई महीनों तक करना पड़ता है। ये सड़क किनारे के पेड़ राहगीरों को सुकून पहुंचाते थे। इस बारे में सड़क बनाने वाले विभागों ने ध्यान नहीं दिया, इसकी तारीफ नहीं की जा सकती।'*

**( देशबन्धु में 17 मई 2018 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/05/blog-post_17.html

## पावन प्रसंग

### जब तक संतोष नहीं तब तक स्थायी शांति असम्भव

जैसे-जैसे लोभ होता जाता है वैसे-वैसे लोभ बढ़ता जाता है, तृष्णा आकाश के समान अनंत है, जीवन का अन्त निश्चित है परंतु लोभ का नहीं। लोभ के वशीभूत होकर मानव जीवन स्वाहा कर देते हैं। तीनों लोकों की संपति से भी मानव जन्म का एक-एक पल अनमोल है। संपति देकर भी एक पल भी नहीं खरीदा जा सकता। सद्कार्य करने पर जो बाधा डालता है, वह उसके पाप का भागी है। क्रोध तो प्रीति का विनाशक है। मान से विनय का, माया से सरलता का, परंतु लोभ तो सभी सद्गुणों का नाश कर सकता है। लोभ होने पर मानव, दानव बन जाता है। जिस प्रकार कुत्ते को खुजली होने पर अशांत भटकता है, उसी प्रकार लोभ के कीटाणुओं से शांति भंग हो जाती है व आत्मा की दुर्गति होती है। लोभ रूपी पिशाच ने पारिवारिक खून के रिश्ते में भी कड़वाहट घोल दी है, भाई-बहन, माता-पिता सभी स्वार्थ और लोभ के रिश्ते बन गये हैं। धन की मुख्य भूमिका परिवार में पनप रही है। वह धन भी जीवन के लिए अभिशाप है। जो प्रेम सद्भावना के पावन रिश्तों को नष्ट कर देता है। मानव-मानव आपस में खून के प्यासे हो जाते हैं इंसान नीति को भूल रहा है। अनीति का धन परिवार में अशांति ही पेदा करता है। तृष्णा के जाल से मुक्त नहीं हुए तो अतृप्त आत्मा बनकर उसके आसपास भटकती रहेगी। धन संपति का संयोग भागने-दौड़ने से नहीं बनता। किंतु पुण्य अर्जन से होता है। पशु-पक्षी के पास एक जून का भी संग्रह नहीं है फिर भी चैन की नींद सोते है। इंसान के पास इतना होते हुए भी अशांत है। अशांति से कई रोग उत्पन्न होते हैं।

जब तक मन में संतोष नहीं आता तब तक स्थायी शांति असंभव है। धन से सुख की सामग्री खरीद सकते हैं किंतु शांति नहीं। धन रोकने से कभी नहीं रूकता और मनौती से आता भी नहीं है। त्याग में जो सुख है, जो सच्चा आनंद है, वह अन्य किसी में नहीं, शुभ कर्मों से बढ़कर अपने लिए और कोई संपति नहीं ऐसा विचार जिसके मन में आता है। वहीं परम पिता परमेश्वर का सच्चा उपासक है। धन से बढ़कर धन को महत्व देकर धर्म की रक्षा में धन लगाना चाहिए अत: धर्म की रक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर करना पड़े तो भी हर पल तैयार रहें। यही शिक्षा सभी धर्मों में समान रूप से दी है।

**-कांतिलाल मांडोत**

**उल्टा पुल्टा**

शेर शेरनी का किस करने लगा तो शेरनी ने रोक दिया और इधर-उधर देखने लगी।
शेर- क्या हुआ ?
शेरनी- देख रही हूं कहीं आसपास डिस्कवरी वाले तो नहीं हैं.. !!

# बिजली की समस्या का निराकरण के लिए सीईओ जिला पंचायत को आवश्यक कार्रवाई करने के दिए निर्देश

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**बिलासपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने सभी की समस्याओं को इत्मीनान से सुना। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा निराकरण किया गया। साप्ताहिक जनदर्शन में 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए जिसके त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

मंथन सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आज तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत खरकेना के सरपंच द्वारा स्ट्रीट लाइट के मांग संबंधी आवेदन दिए। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की जनसंख्या 5000 के ऊपर है और बिजली की समस्या हमेशा बनी रहती है, बिजली व्यवस्था न होने से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। कलेक्टर ने आवेदन सीईओ जिला पंचायत को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मस्तूरी विकासखंड के ग्राम पंचायत कर्रा के सरपंच द्वारा क्षतिग्रस्त विद्युत पोल के सुधार एवं केबल तार में शॉट सर्किट होने के संबंध में आवेदन दिया गया। उन्होंने बताया कि 4 बिजली के खंभो के दुर्घटना से टूटने के कारण ग्रामीणों के घरों के ऊपर केबल तार लटका है जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। कलेक्टर ने आवेदन सीएसपीडीसीएल विभाग को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही करने कहा। तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत अमसेना के ग्रामीणों ने ग्राम के सरपंच द्वारा व्यर्थ में तालाब से पानी निकालने संबंधी शिकायत कलेक्टर से की। उन्होंने बताया कि सरपंच द्वारा मछली मारने व चिड़ मिट्टी के बेचने के उद्देश्य से तालाब से पानी निकाला जा रहा है। कलेक्टर ने आवेदन जिला पंचायत सीईओ को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कोटा विकासखंड के ग्राम पंचायत धूमा के ग्रामीणों ने बताया कि वन भूमि में कुछ लोगों द्वारा जबरदस्ती काबिज कर वन अधिकार पट्टा बनवाने के लिए आवेदन किया गया है जिसे निरस्त करने संबंधी आवेदन कलेक्टर को दिया गया। कलेक्टर ने कोटा एसडीएम को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मस्तूरी विकासखंड के ग्राम पंचायत धनगवां निवासी श्री रामफल भारद्वाज ने पंचायत जांच दल के द्वारा झूठे रिपोर्ट तैयार कर दोषियों को बचाने संबंधी शिकायत कलेक्टर से की। कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत गुनसरी के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा गुनसरी के आश्रित ग्राम लिम्ही के शासकीय तालाब व गौठान को अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधी आवेदन कलेक्टर को दिए। कलेक्टर ने आवेदन एसडीएम तखतपुर को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। महामाया विहार निवासी आरती रजक ने अन्य व्यक्तियों द्वारा निस्तारी रास्ता जो कि शासकीय भूमि है उस पर अवैध रूप से कब्जा कर बोर एवं भवन निर्माण कराने संबंधी शिकायत कलेक्टर से की। कलेक्टर ने नगर निगम कमिश्नर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बहतराई निवासी मंजू ठाकुर द्वारा प्रगति विहार स्थित दुकान को मुख्यमंत्री स्वावलंबन महिला समृद्धि के तहत आबंटन कराने संबंधी आवेदन दिया गया। इस मामले में कलेक्टर ने नगर निगम कमिश्नर को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। मस्तूरी विकासखंड के ग्राम परसदा निवासी श्री अश्वनी कुमार द्वारा अपने बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने संबंधी आवेदन दिया गया। कोनी के रिवर व्यू कॉलोनी निवासियों द्वारा कॉलोनी के अधूरे निर्माण कार्य, बिजली, पानी एवं अन्य समस्याओं के निराकरण संबंधी आवेदन दिया गया। जिसके निराकरण के लिए निगर कमिश्नर को कलेक्टर ने निर्देश दिए। तालापारा के निवासियों द्वारा सार्वजनिक रोड पर अवैध निर्माण कार्य को तत्काल रोकने संबंधी आवेदन दिया गया।

## संपादकीय

### अनावश्यक व्यायाम से बचें

*निश्चित रूप से व्यायाम और खेलकूद शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिये अच्छा है। यह किसी भी रूप में हो, व्यक्ति को चुस्त-दुरुस्त रखता है। हर उम्र में तथा ज़रूरत के लिहाज से सभी लोगों को टहलने, तेज़ चलने, दौड़ लगाने या खेलों के जरिये शरीर को तंदुरुस्त रखना चाहिये। बेशक, हाल के वर्षों में शारीरिक फिटनेस के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। अब लोग नियमित रूप से पार्क या गार्डन में चहलकदमी करते, दौड़ लगाते, पार्क या जिम में व्यायाम के उपकरणों का उपयोग करते, योगाभ्यास करते दिख जाते हैं। बहुत से ऐसे भी हैं जो इनडोर या आऊटडोर गेम खेलते हैं। क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस आदि लोकप्रिय खेल हैं। लड़कियां और महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। वे भी स्वस्थ रहना चाहती हैं जो बहुत अच्छी बात है। यहां तक कि बहुत सी गृहणियां भी समय निकाल कर अपने स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिये विविध उपाय करती हैं।*

*इसका दूसरा पहलू भी है। हाल के वर्षों में, खासकर 219 में आये कोरोना के बाद अचानक मौतों की घटनाएं बहुत हो रही हैं। शादी-ब्याह या ऐसे ही किसी समारोह में हंसते-नाचते हुए लोगों की मृत्यु हो रही है। इतना ही नहीं, कोई कसरत के दौरान ट्रेड मिल का उपयोग करते या वेट लिफ्टिंग करता हुआ अचानक मौत का शिकार हो रहा है। अच्छे-खासे चलते-फिरते लोग भी मौत के मुंह में समा रहे हैं। देश के विभिन्न इलाकों से इस प्रकार की अनेक घटनाओं के वीडियो सामने आ रहे हैं। ऐसा नहीं कि ये उम्रदराज लोग हों। युवा भी इसके शिकार हो रहे हैं जिनकी उम्र 3 से 4 वर्ष की ही होती है।*

*रायपुर के सप्रे शाला में बने बैडमिंटन कोर्ट में ऐसा ही हादसा हुआ। भिलाई के सेक्टर-4 में रहने वाले 35 वर्षीय हिमांशु श्रीवास्तव रायपुर की एक प्राइवेट कम्पनी में मैनेजर थे। उन्हें लगभग 1 वर्ष पूर्व माइनर हार्ट अटैक आया था। वे अपने को फिट रखने के लिये कुछ समय बैडमिंटन खेलते थे। शुक्रवार को लगभग पौन घंटे खेलकर जब वे आराम करने के लिये बैठे, अचानक मुंह के बल पर गिर गये और उनकी तत्काल मौत हो गयी।*

*इसका एक कारण यह बताया जाता है कि कोरोना के संक्रमण से बचने के लिये जो टीके लगाये गये थे उसके कारण लोगों का खून गाढ़ा हो गया है। यह खून की क्लाटिंग कर रहा है। इससे हार्ट अटैक व ब्रेन हैमरेज के मामले बढ़ गये हैं। यह इतना अचानक होता है कि किसी के पास कुछ करने का अवसर तक नहीं रह जाता। ज्यादातर मामलों में कुछ ही मिनटों में सब कुछ हो जाता है। इसलिये उतना ही व्यायाम करें जितना शरीर सह सके। अनावश्यक, लम्बे और कड़े व्यायाम टालें। विशेषज्ञों की उपस्थिति और उनकी सलाह के अनुसार व्यायाम करने चाहिये।*

## सार-संक्षेप



### सौहार्द्रपूर्ण माहौल में ईद उल अजहा पर्व मनाने का लिया गया निर्णय

#### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

**बिलासपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। एडीएम आर.ए. क्रुवंशी की मौजूदगी में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में 7 अथवा 8 जून को मनाए जाने वाले ईद उल अजहा पर्व को आपसी सौहार्द एवं भाईचारे की भावना के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।

पर्व के दौरान आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में विचार विमर्श किया गया। एडीएम ने शांति समिति के सदस्यों और समाज प्रमुखों से अपील करते हुए कहा कि शहर की गौरवशाली परम्परा की तरह इस बार भी आपसी समन्वय और भाईचारे की भावना के साथ पर्व मनाएं। पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भ्रामक सूचनाओं का प्रचार-प्रसार न हो। ऐसे लोगों पर खुद भी नजर रखें और इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को तत्काल देवें।

बैठक में श्री क्रुवंशी ने पर्व के पूर्व सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए और बिजली, पानी, प्रकाश सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। पुलिस, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग को जिम्मेदारी सौंपते हुए सजग रहकर व्यवस्था बनाने के लिए निर्देशित किया गया। सभी धार्मिक एवं समाज प्रमुखों ने शांतिपूर्ण तरीके से सभी का सम्मान करते हुए पर्व मनाने का भरोसा दिलाया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर अरूण खलखो, अपर कलेक्टर एस.एस. दुबे, एडीशल कमिश्नर खजांची कुमार, एडीशनल एसपी सिटी राजेंद्र जायसवाल, शांति समिति के सदस्य इरशाद अली, हबीब मेमन, सुधीर खण्डेलवाल, शेखर मुदलीयार सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए शुरू हुआ पंजीयन

**बिलासपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शिक्षा वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाईन पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पंजीयन की तिथि के अनुसार छात्रवृत्ति की स्वीकृति और भुगतान किया जायेगा। नवीनीकरण अथवा नये आवेदन के लिए ऑनलाईन पंजीयन की अंतिम तिथि 30 नवम्बर निर्धारित की गई है। कक्षा बारहवीं से ऊपर शासकीय एवं अशासकीय कॉलेजों में पढ़ने वाले एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्ग के छात्र-छात्राओं को पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति पाने की पात्रता है। सहायक आयुक्त ने बताया कि एससी-एसटी वर्ग के विद्यार्थियों की वार्षिक आय सीमा ढाई लाख रूपये एवं ओबीसी विद्यार्थियों के लिए वार्षिक आयसीमा एक लाख रूपये होने चाहिए। पात्र विद्यार्थी पोस्ट मेट्रिक डैश स्कॉलरशीप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन वेबसाईट पर जाकर आवेदन पंजीयन करा सकते हैं। छात्रवृत्ति की स्वीकृति उपरांत विद्यार्थियों के आधार सीडेड बैंक खाते पर भुगतान किया जायेगा।

## खनिज रेत के अवैध उत्तखनन पर 1 जेसीबी जब्त



**बिलासपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला बिलासपुर में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 25 मई को को खनिज अमला बिलासपुर द्वारा जोंधरा, गोपालपुर, अमलडीहा, उदइबंद एंव अन्य क्षेत्रों में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की लगातार जांच की गई। जोंधरा क्षेत्र से खनिज रेत का उतखनन करते 01 जेसीबी को जप्त कर थाना पचपेड़ी को सुपुर्द किया गया। खनिजों के अवैध खनन,परिवहन,भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही लगातार जारी है।

## जुआ खेल रहे 5 लोगों को मोपका पुलिस ने किया गिरफ्तार, 43 हजार जब्त



**बिलासपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। प्रहार अभियान के अंतर्गत अवैध जुआ सट्टा खेलने वाले के विरुद्ध कार्रवाई के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा निर्देशित किए जाने पर राजेन्द्र जायसवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर एवं सिद्धार्थ बघेल नगर पुलिस अधीक्षक सरकंडा , निरीक्षक निलेश पाण्डे थाना प्रभारी सरकंडा के मार्गदर्शन में रविवार को टीम गठित कर मुखबिर सुचना पर छठ घाट मोपका के पास 52 पत्ती ताश से रूपये पैसे का जीत हार दाँव लगाकर जुआ खेलते हुए पाए जाने पर आरोपियों ईशान सिंह ठाकुर पिता संतोष उम्र 32वर्ष सा दाऊ बाबा मंदिर के पास तोरवा जिला बिलासपुर। सुभाष सूर्यवंशी पिता फूलसिंह उम्र 35 वर्ष सा शिव मन्दिर के पास तोरवा। संतोष सूर्यवंशी पिता बाबूलाल उम्र 55 वर्ष शिव मंदिर के पास तोरवा। राजेन्द्र यादव पिता बलदाऊ उम्र 38 वर्ष सा बोलबम चौक के पास तोरवा तथा आकाश सूर्यवंशी पिता कुशल उम्र 32 वर्ष प्राइमरी स्कूल के पास तोरवा के सयुंक्त कब्जे से नगदी रकम 43390 रू,52 पत्ती ताश को विधिवत जप्त कर आरोपियो के विरूद्ध धारा 3(2) छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 कार्यवाही करते हुये उक्त आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक भावेश शेंडे प्रभारी पु स के मोपका, प्रधान आर 11580 रविकान्त सैनिक,आर रमेश राठौर,आर मुरली भार्गव का विशेष योगदान रहा।

## सीयू और एएमईटी चेन्नई के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर




**बिलासपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए.ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय और अकेदमी ऑफ मेरीटाइम एजुकेशन एंड ट्रेनिंग विश्वविद्यालय, चेन्नई के मध्य आज 26 मई को समझौता ज्ञापन हुआ। प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में मध्याह्न 12 बजे आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल रहे तथा इस अवसर पर अकादमी ऑफमेरीटाइम एजुकेशन एंड ट्रेनिंग विश्वविद्यालय, चेन्नई के कुलपति प्रोफेसर वी. राजेन्द्रन उपस्थित रहे।

कुलपति महोदय प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि समझौता ज्ञापन का उद्देश्य संयुक्त अनुसंधान, शिक्षक और छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम, पाठ्यक्रम विकास, प्रशिक्षण और शैक्षणिक आउटरीच जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि यह समझौता ज्ञापन गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की व्यापक दृष्टि के अनुरूप है, जिसमें शोध, अनुसंधान और नवाचार के साथ समावेशिता तथा उद्योग-प्रासंगिक शिक्षा को प्रोत्साहित करना है।

अकादमी ऑफमेरीटाइम एजुकेशन एंड ट्रेनिंग विश्वविद्यालय, चेन्नई के कुलपति प्रो. वी. राजेन्द्रन ने कहा कि यह साझेदारी दोनों विश्वविद्यालयों के बीच बहुविषयक सहयोग के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में शैक्षणिक सेतु की तरह काम करेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल दोनों संस्थानों की उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और राष्ट्रीय व वैश्विक शैक्षणिक प्रगति में सार्थक योगदान देने की साझा दृष्टि को दर्शाती है। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से संयुक्त परियोजनाओं, शैक्षणिक गतिशीलता, सेमिनार और कार्यशालाओं में परस्पर सहयोग मिलेगा।

इससे पूर्व अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन प्रो. शरद चंद्र श्रीवास्तव ने दिया। शाल, श्रीफल और स्मृति चिह्न से अतिथियों को सम्मानित किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अन्बूदयाशंकर ने तथा संचालन डॉ. गणेश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण, शिक्षकगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग हेतु आवेदन 10 जून तक

**बिलासपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। राजीव युवा उत्थान योजना के तहत द्वितीय प्रशिक्षण सत्र 2024-25 हेतु परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में अनु.जाति, अनु.जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लिए निःशुल्क कोचिंग हेतु 10 जून तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। प्रशिक्षण केन्द्र में एस.एस.सी., बैंकिंग, रेल्वे, छ.ग. व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अनुबंधित निजी कोचिंग संस्था के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। 12वीं एवं स्नातक पास अभ्यर्थी पंजीकृत डाक के माध्यम से या कार्यालय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र एवं अन्य विस्तृत जानकारी साईंस कॉलेज के पास चांटीडीह रोड स्थित कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में अथवा जिले की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती हैं। अंतिम तिथि पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## आईजीकेवी के अधीन केवीके के कर्मचारियों के साथ भेदभाव

### संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन के विरोध में 27 मई को आंदोलन की चेतावनी

**बिलासपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। तकनीकी कर्मचारी संघ, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने विरोध प्रप्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन को कृषि विज्ञान केंद्रों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ हो रहे संस्थागत भेदभाव, सेवा शर्तों के उल्लंघन और संवैधानिक अधिकारों की अनदेखी के विरोध में 15 दिनों के भीतर समाधान न होने पर राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है।



#### प्रमुख मुद्दे

- **पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा से वंचित करना**-केवीके कर्मचारियों को एनपीएस, ओपीएस जैसे मूलभूत लाभों से अनुचित तरीके से वंचित किया गया है।
- **मेडिकल एवं अन्य भत्तों की समाप्ति**- बिना किसी सूचना के मेडिकल भत्ते रोक दिए गए, जिससे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।
- **कैरियर उन्नयन योजना का उल्लंघन**- योग्य कर्मचारियों को पदोन्नति और वेतन वृद्धि से अनुचित रूप से रोका गया है।
- **सेवा-निवृत्ति आयु में भेदभाव**- विश्वविद्यालय के नियमों के विपरीत केवीके कर्मचारियों को 60 वर्ष की आयु में ही सेवानिवृत्त किया जा रहा है, जबकि अन्य कर्मचारियों के लिए यह सीमा 62/65 वर्ष है।
- **सेवानिवृत्ति उपरांत लाभों की अनदेखी**-पेंशन, ग्रेच्युटी और चिकित्सा सुविधाएँ जैसे अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं।
- **विशुद्ध अस्थायी नियुक्तियों का विरोध**-विश्वविद्यालय द्वारा केवीके में विशुद्ध अस्थायी नियुक्तियाँ की जा रही हैं, जो आईजीकेवी अधिनियम, 1987 और आईसीएआर के समझौते का उल्लंघन है।

#### कर्मचारी संघ की मांगें

केवीके कर्मचारियों को विश्वविद्यालय के समकक्ष पदों के समान सेवा लाभ प्रदान किए जाएँ।

- एनपीएस/ओपीएस मेडिकल भत्ते और सीएएस योजना को तुरंत बहाल किया जाए।
- सेवा-निवृत्ति आयु को 62/65 वर्ष किया जाए।
- सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन, ग्रेच्युटी और चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान की जाएँ।
- विवादित अस्थायी नियुक्तियों के विज्ञापन को तुरंत रद्द किया जाए।

यदि 15 दिनों के भीतर इन मुद्दों का समाधान नहीं किया गया, तो तकनीकी कर्मचारी संघ संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) व (बी) के तहत राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेगा। यह आंदोलन विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान और प्रसार गतिविधियों को प्रभावित कर सकता है। संघ ने स्पष्ट किया है कि ऐसी स्थिति के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की निष्क्रियता और भेदभावपूर्ण नीतियाँ जिम्मेदार होंगी।

देशबन्धु
बिलासपुर
मंगलवार, 27 मई 2025



# बरौदखार में ड्रायवर से नगदी की लूट, 2 आरोपी गिरफ्त में

## पानी पीने के बहाने की थी घटना



कोरबा, 26 मई (देशबन्धु)। काफी मशक्कत के बाद पुलिस की टीमों ने लूटपाट की घटना को लेकर 2 आरोपियों को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बरौदखार क्षेत्र में ड्रायवर व हेल्पर से मारपीट कर हजारों की नगदी रकम व सामान लूट लिए थे। पीड़ित पक्ष ने बांगो थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसकी जांच की जा रही थी।

कटघोरा पुलिस सब डिविजन के अंतर्गत बांगो थाना में इस घटना को लेकर अपराध क्रमांक 78/2025, धारा 309(4), 309(6) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। खबर के अनुसार 21 मई को यह घटना एनएच-130 कोरबा-अंबिकापुर में बरौदखार के पास हुई थी। ट्रक चालक रोशनलाल नेताम अपने हेल्पर दिनेश साहू के साथ ट्रक क्रमांक सीजी-08डब्ल्यू-9115 में धान लोडकर अंबिकापुर जा रहा था। रात्रि ढाई बजे के आसपास चोटिया टोल प्लाजा क्षेत्र में ट्रक का टायर फटने पर वह सुधार कार्य कर रहा था। उसी दौरान कार से चार लोग आए और पानी पीने के बहाने ड्रायवर व हेल्पर से मारपीट की। बाद में 40 हजार रुपए नगदी, आधार कार्ड, मोबाइल, ड्राइविंग लाइसेंस, एटीएम कार्ड लूट लिया और भाग गए। पीड़ित पक्ष ने डॉयल 100 पर सूचना दी और फिर पुलिस को अवगत कराया। पुलिस और साइबर सेल इसकी जांच कर रही थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मिले इनपुट के आधार पर आरोपियों की पहचान विवेक सिंह व सुमित रजक के रूप में की गई। पुलिस ने बताया कि एक स्थान पर आरोपियों की पहचान में उनके द्वारा की गई हरकत की खास भूमिका रही। ये दोनों कृष्णानगर दीपका व पोड़ीबहार रामपुर के रहने वाले है। दोनों को गिरफ्तार करने के साथ घटना को अंजाम देने में उपयोग की गई कार जप्त कर ली गई है।

# कुल्हाडी मारकर पिता की हत्या, आरोपी पुत्र को आजीवन कारावास



कोरबा, 26 मई (देशबन्धु)। यहां के एडीजे कोर्ट ने हत्या के एक मामले में आरोपी पुत्र को आजीवन कारावास व जुर्माना ने दंडित किया है। उस पर अपने पिता की हत्या का आरोप साबित हुआ है।

घटना 16 जून 2024 को कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में हुई। इस घटना में अशोक केंवट ने अपने पिता दिलचंद केंवट की निर्मम हत्या कर दी। घर के आंगन में उनका शव पड़ा मिला। पिता के गले के पीछे, कंधा, सिर के पीछे, दाहिने कनपट्टी में चोट के निशान पाए गए। मृतक के एक पुत्र संतोष केवट की सूचना पर थाना बालको नगर द्वारा आरोपी के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने विवेचना बाद प्रकरण को विचारण हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश, कोरबा पीठासीन न्यायाधीश सुनील कुमार नन्दे ने दोषसिद्ध पाए जाने पर अभियुक्त अशोक कुमार केंवट पिता दिलचंद केंवट 30 वर्ष निवासी बैगा मोहल्ला दोंदरो, थाना बालको नगर को आजीवन कारावास एवं 100 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में पैरवी करने वाले लोक अभियोजक केके द्विवेदी ने बताया कि अर्थदण्ड जमा न करने की दशा में आरोपी को एक माह अतिरिक्त सजा भोगनी पड़ेगी।

## सार-संक्षेप

### परिपत्र 976 के विरोध में एनटीपीसी के कार्यपालक



कोरबा, 26 मई (देशबन्धु)। देश की सब से बड़ी विद्युत उत्पादक राष्ट्रीय कंपनी एनटीपीसी के एक्जीक्यूटिव विगत 16 मई से जारी किए गए परिपत्र 976 के मुखर विरोध में एकजुट हो गए हैं।

ज्ञात हो कि जब समस्त कर्मचारी अपनी पदोन्नति आदेश का इंतजार कर रहे थे जो कि 1 अप्रैल को जारी करना नियत है तब इस परिपत्र कें द्वारा पदोन्नति की पात्रता अवधि को 1 वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। इस तरह अचानक और अन्यायपूर्ण ढंग से जारी किए परिपत्र को लेकर कर्मियों में खासा रोष है। एनटीपीसी कार्यपालकों की राष्ट्रीय इकाई नेफी ने समस्त कार्यपालकों से इस परिपत्र का विरोध जताने की अपील की है और मैनेजमेंट को इसे वापस लेने के लिए ज्ञापन भी दिया है। एनटीपीसी सीपत के कार्यपालक भी 16 तारीख से काली पट्टी लगाकर और शाम के वक्त गेट मीटिंग में एकत्रित हो नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट कर रहे हैं। वर्तमान में वर्क टू रूल कार्य कर के भी विरोध जताया जा रहा है। इस के अंतर्गत सभी कार्य लिखित और औपचारिक आदेशों द्वारा ही संपन्न किए जाएंगे और वॉट्सएप निर्देशों को नहीं माना जाएगा। अगर परिपत्र वापस नहीं लिया गया तो अगले चरणों में धरना और भूख हड़ताल जैसे विरोध की भी संभावना है।

### प्रतियोगी परीक्षा के छात्र रवाना, मंत्री ने दिखाई झंडी



कोरबा, 26 मई (देशबन्धु)। जेईई, नीट के नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए कोरबा जिले के काफी विद्यार्थी रायपुर भेजे गए हैं। केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने छात्रों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

श्रम, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा उत्खनन वाले जिले में ही डीएमएफ की राशि को खर्च किए जाने का प्रावधान करने के बाद इस राशि का सदुपयोग जिले के विकास कार्यों और शिक्षा, स्वास्थ्य में हो रहा है। राज्य सरकार भी इस दिशा में काम कर रही है। छात्रों को नि:शुल्क कोचिंग देना इसमें शामिल हैं। छात्र अच्छी तैयारी कर सफल हो। विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल ने बच्चों के बेहतर शिक्षा हेतु चलाए जा रहे जिला प्रशासन के इस पहल का सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन का मूल आधार है। महापौर श्रीमती राजपूत ने सभी छात्रों को सफल होने के लिए अग्रिम बधाई दी। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि दो साल के समय का उपयोग अपने लक्ष्य को हासिल करने में लगाकर आप अपने जीवन को नई दिशा में ले जा सकते हैं। छात्रों की रवानगी के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कंवर, निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, विद्यार्थी एवं उनके पालक उपस्थित थे।

### 28 को मंत्रालय का घेराव करेंगे शिक्षक संगठन




कोरबा, 26 मई (देशबन्धु)। विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध में प्रदेश के सभी 23 शैक्षणिक संगठन एक जुट होकर 28 मई को मंत्रालय का घेराव करेंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष एवं शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय संचालक डॉ. गिरीश केशकर ने बताया कि किसी भी संगठन को शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय स्कूल में शिक्षक की व्यवस्था करने का विरोध नहीं है लेकिन वर्तमान में अपनाई जा रही युक्तिऊक्तकरण कि इस प्रक्रिया में व्यापक विसंगति है। शासन को 2008 के सेटअप के अनुसार प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। प्राथमिक शाला में 5 कक्षा के लिए एक शिक्षक और एक प्रधान पाठक के भरोशे और युक्तिऊक्तकरण के नाम पर 4 हजार स्कूलों को मर्ज करके हमारा देश विश्व गुरु नहीं बन सकता।

# बजाज फाइनेंस की गुंडई, मैनेजर सहित गिरफ्तार

## पत्नी की शिकायत पर कार्रवाई




कोरबा, 26 मई (देशबन्धु)। सीएसईबी पुलिस ने बजाज फाइनेंस के मैनेजर सहित रिकव्हरी से जुड़े 2 कर्मियों को दबोच लिया है। उनके विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध करने के बाद पुलिस ने यह कार्यवाही की। आरोप है कि उन्होंने एक दंपत्ति को पर्सनल लोन के मामले में उठवाने के साथ बंधक बनाया और धमकी दी।

खबरों के अनुसार सीएसईबी पुलिस सहायता केंद्र अंतर्गत तुलसी नगर निवासी एक दंपति ने करीब 60-70000 रुपए का पर्सनल लोन लिया है। लोन की किस्त ईएमआई हर महीने भुगतान की व्यवस्था बजाज फाइनेंस ने दंपति को दी है। बजाज वालों का कहना है कि तीन माह से ईएमआई का भुगतान नहीं किया जा रहा था। ईएमआई नहीं पटाए जाने पर कंपनी के द्वारा उनके घर पर दस्तक दी गई लेकिन घर पर नहीं मिले। उनकी खोजबीन में रिकवरी वाले कर्मचारी लगे हुए थे की टीपी नगर में शिव पर्दावाला के सामने लोन लेने वाला व्यक्ति मिल गया और रिकवरी करने वाले कर्मचारी उसे उठाकर बजाज फाइनेंस कंपनी के कार्यालय ले आए ताकि मैनेजर से बातचीत हो सके। आरोप है कि बजाज फाइनेंस के कार्यालय में दंपत्ति से दुर्व्यवहार व मारपीट करने के साथ धमकाया गया। इस दौरान पति को बंधक बनाकर गाड़ी में ले जाने की कोशिश की गई जिस पर हड़बड़ाई पत्नी ने पुलिस सहायता केंद्र पहुंचकर मामले की सूचना दी। पुलिस ने बजाज फाइनेंस कंपनी पहुंचकर उसके पति को चौकी लाया और बयान दर्ज करने के बाद मैनेजर सहित तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सीएसईबी पुलिस सहायता केंद्र के प्रभारी ने बताया कि अभी कार्रवाई जारी है।

# बारिश में परेशानी से बचने अब तक साफ किए 40 नाले

## लक्ष्य के अंतर्गत एक पखवाड़े में पूरा होगा काम



कोरबा, 26 मई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम द्वारा वर्षा ऋतु से पूर्व एक विशेष अभियान संचालित कर निगम क्षेत्र के 71 किलोमीटर लंबे 40 बड़े नालों व अन्य छोटे नालों का सतह से सम्पूर्ण सफाई का कार्य किया जा रहा है। निगम द्वारा अब तक 50 प्रतिशत से अधिक का कार्य पूरा कर लिया गया है, वहीं शेष कार्य को एक पखवाड़े के अंदर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत लगभग 71 किलोमीटर की लंबाई वाले 40 बड़े नाले व अन्य छोटे नाले स्थित हैं, जिनके माध्यम से शहर से प्रतिदिन उत्सर्जित अपशिष्ट पानी व बरसाती पानी की निकासी होती है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष वर्षा ऋतु के पहले इन नालों की सतह से सम्पूर्ण सफाई की जाती है, चूंकि मानसून का आगमन अब कुछ दिनों बाद होगा, इसे ध्यान में रखते हुए निगम ने विगत एक पखवाड़े से अधिक समय से एक विशेष अभियान चलाकर नालों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है, उन्होने बताया कि अभी तक लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। मेयर संजूदेवी राजपूत व कमिश्नर विनय मिश्रा के निर्देश पर यह काम चल रहा है। कोशिश यहीं है कि तय समय सीमा में यह काम पूरा हो जाए।

# अपनी जमीन को पाट रहे व्यक्ति को धमकाया भाजपा नेता ने

## जेसीबी को आग लगाने की धमकी दी

कोरबा, 26 मई (देशबन्धु)। कोयलांचल बांकीमोंगरा में अपनी पैतृक जमीन पर मौजूद गड्ढे को पाटने वाले व्यक्ति को भाजपा नेता विकास झा ने धमकी देने के साथ जेसीबी को आगे लगाने की चेतावनी दी। जबकि पीड़ित ने इस काम के लिए बकायदा नगर पालिका से अनुमति ली है। इस मामले की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की है।

दिनेश कुमार ने बताया कि उसकी पूर्वजों की जमीन टिकरा में है, जिसे पूर्व में मिट्टी निकालने और हाईवे निर्माण के लिए खोद दिए जाने से अब वह गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। इस कारण उनके 4 एकड़ खेत में फसल बर्बाद हो रही है और परिवार भूखमरी की कगार पर है। पर्यावरण विभाग और नगर पालिका की अनुमति लेकर जब वे इस गड्ढे को भरने का कार्य करवा रहे थे, तभी बांकीमोंगरा नगर पालिका अध्यक्ष के पति विकास झा और भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए काम बंद करवा दिया। शिकायत में दिनेश ने आरोप लगाया कि दोनों व्यक्तियों ने उन्हें खुलेआम धमकी दी कि वे भाजपा पदाधिकारी है और प्रदेश में भाजपा की सरकार है, उसे कहीं भी निपटा सकते है। उन्होंने जेसीबी में पेट्रोल डालकर आग लगाने और जान से मारने की धमकी दी।

# झोराघाट में उत्पात, पुलिस ने जब्त की 21 बाइक

कोरबा, 26 मई (देशबन्धु)। छुरी के झोराघाट पिकनिक स्पॉट पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां 10 हजार से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो रही थी। शराब पीकर हंगामा करने और बाइक से उत्पात मचाने की शिकायतें मिल रही थीं।

कटघोरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। पुलिस को देखते ही कई उपद्रवी मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने बिना नंबर प्लेट और साइलेंसर वाली 21 गाड़ियों को जब्त किया। झोराघाट में कोरबा के अलावा आसपास के जिलों से भी लोग पिकनिक मनाने आते हैं।

यहां महिला समूह द्वारा एक नाका बनाया गया है। दो और चार पहिया वाहनों से शुल्क लिया जाता है। साफ-सफाई और रखरखाव की व्यवस्था की गई है। महिलाएं निगरानी भी करती हैं।

कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। पहले भी यहां मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं।

स्थानीय लोगों की मांग है कि पिकनिक स्पॉट पर पुलिस कर्मियों की स्थायी तैनाती की जाए। साथ ही उपद्रवियों पर लगातार कार्रवाई की जाए।

# आदर्शनगर में असुरक्षित है महंगे कपड़े, चोरों की खोज जारी

कोरबा, 26 मई (देशबन्धु)। एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र की आदर्श नगर कॉलोनी में दिनदहाड़े कपड़े चोरी का मामला सामने आया है। 3 बाइक सवार युवक कॉलोनी में घूमकर घरों के बाहर सूख रहे कपड़े चुरा रहे हैं। चोर महिला-पुरुषों के कपड़ों के साथ-साथ अंडरगार्मेंट्स भी चुरा रहे हैं।

एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कॉलोनीवासियों को सतर्क करने के लिए कुछ लोगों ने यह फुटेज व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर की है। वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक ने सीसीटीवी कैमरे से बचने के लिए गमछे से अपना चेहरा ढक रखा है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार इस तरह की चोरियां हो चुकी हैं।

स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है कि कपड़ों की चोरी से शुरू हुई यह वारदात आगे चलकर घर में सेंध लगाने तक पहुंच सकती है। क्षेत्र के पार्षद ने कहा है कि वे इस मामले की शिकायत कुसमुंडा पुलिस में करेंगे।

कुसमुंडा पुलिस का कहना है कि अभी तक उन्हें कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की जानकारी उन्हें है।

# एमपी नगर में फिर हुआ अतिक्रमण, निगम ने की कार्रवाई



कोरबा, 26 मई (देशबन्धु)। महाराणा प्रताप नगर मुख्य मार्ग पर ठेला, गुमठी व दुकानें लगाकर किए जा रहे अतिक्रमण पर कार्यवाही करते हुए उक्त अतिक्रमण को नगर निगम ने पुनः हटा दिया। कहा गया है कि बेमतलब की कोशिश बिल्कुल न की जाए। ऐसे हर मामले में आगे भी कार्यवाही होगी और मलबा हटाने का खर्च भी वसूल किया जाएगा। शहर के महाराणा प्रतापनगर मुख्य मार्ग पर पूर्व में भी अवैध रूप से दर्जनों गुमठी, ठेले लगाकर अतिक्रमण किया गया था, उक्त मार्ग पर बड़ी संख्या में अवैध गुमठी, ठेले लगने एवं वहॉं पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने से मार्ग से गुजरने वाले नागरिकों व वहॉं पर स्थित निगम के उद्यान में सुबह-शाम सैर हेतु आने वाली महिलाओं, बच्चों, कालोनीवासियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था, कालोनीवासियों की मांग पर निगम द्वारा एक अभियान चलाकर उक्त अवैध ठेले गुमठियों को वहॉं से हटाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया गया था, किन्तु अतिक्रमणकारियों द्वारा पुनः अवैध रूप से गुमठी ठेले लगाकर अतिक्रमण कर लिया गया था।

# लेमरू, रंगबेल, हरदीबाजार व तुमान में समाधान शिविर 28 को

कोरबा, 26 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तृतीय चरण अन्तर्गत 28 मई बुधवार को विकासखंड कोरबा के ग्राम लेमरू कलस्टर अंतर्गत समिल्लित ग्राम पंचायत लेमरू, नकिया, देवपहरी, अरसेना, बड़गांव, गढ़उपरोड़ा, सतरेंगा और डोकरमना के लिए हाईस्कूल भवन लेमरू में समाधान शिविर का आयोजन होगा।

इसी तरह विकासखंड कटघोरा के ग्राम रंगबेल कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत बिरदा, बाता, रंगबेल, खोडरी, सलोरा (ख), केसला, कनबेरी, खैरभवना, पाली, और जपेली के लिए रंगबेल पंचायत भवन के सामने, विकासखंड पाली के ग्राम हरदीबाजार कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत हरदीबाजार, सरईसिंगार, रेंकी, भलपहरी, कोरबी, मुड़ापार, जोरहाडबरी, धतुरा, खम्हरिया, बम्हनीकोना और ढोलपुर के लिए हाईस्कूल ग्राउंड हरदीबाजार और विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम तुमान कलस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत तुमान, बनखेता, रावा, पुटुवा, खोडरी तु., पोड़ीगोसाई, अमझर अ, कुटेशरनगोई, अमलडीहा और ग्राम पंचायत बरबसपुर हेतु शासकीय हाईस्कूल मैदान तुमान में समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर 28 को

कोरबा, 26 मई (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि वयोवृद्ध देखभाल कार्यक्रम के तहत 28 मई बुधवार को कोरबा ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पताढ़ी, करतला ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करतला, कटघोरा ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा, और पाली ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा।

इन शिविरों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवाईयों का वितरण किया जायेगा।

# 68 आवेदन आए जनदर्शन में



कोरबा, 26 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर अजीत वसंत ने जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निश्चित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में आज भूमि सीमांकन, बंटवारा, नक्शा दुरूस्तीकरण, अभिलेख शुद्धता, किसान ऋण पुस्तिका, मुआवजा भुगतान, वनाधिकार पत्र, पेंशन सहित अन्य 68 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## नेहरू की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आज

कोरबा, 26 मई (देशबन्धु)। स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू का पुण्यतिथि 27 मई को सुबह 11 बजे टीपी नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में मनाया जावेगा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थू लाल यादव एवं मनोज चैहान ने जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, इंटक, पार्षद, ब्लॉक कांग्रेस, जोन, वार्ड, बूथ कमेटी सहित समस्त जन प्रतिनिधियों को उपस्थित होने आग्रह किया है।

## सार-संक्षेप

### शहीद नंदकुमार पटेल एवं दिनेश पटेल की पुण्यतिथि पर खरसिया में श्रद्धा एवं संकल्प का माहौल

#### कांग्रेसजनों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**रायगढ़,** 26 मई (देशबन्धु)। 25 मई का दिन खरसिया सहित समूचे प्रदेश कांग्रेस के लिए बेहद भावुक और प्रेरणादायी रहा। झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री स्व. नंदकुमार पटेल एवं उनके सुपुत्र स्व. दिनेश पटेल की पुण्यतिथि पर खरसिया में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय विधायक उमेश पटेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मदनपुर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विधायक उमेश पटेल ने भावुक होते हुए कहा, शहीद पिता नंदकुमार पटेल के अधूरे सपनों को साकार करने के लिए हम दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि 25 मई 2013 का दिन न केवल खरसिया बल्कि समूचे प्रदेश कांग्रेस के लिए काला दिन था। उस दिन झीरम घाटी नक्सली हमले में मेरे पिता नंदकुमार पटेल, भाई दिनेश पटेल, महेन्द्र कर्मा, विद्याचरण शुक्ल सहित लगभग 30 कांग्रेस नेताओं की शहादत हुई थी।

उन्होंने बताया कि उनके पिता ने खरसिया को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए अपने जीवन का प्रत्येक क्षण ग्राम, गरीब, मजदूर और किसानों की सेवा में लगाया था। आज वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाना ही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज गवेल, रणधीर शर्मा सहित कई कांग्रेस नेताओं ने शहीद नंदकुमार पटेल के साथ बिताए संस्मरण साझा किए। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का सफल संचालन राम शर्मा ने किया।

पुण्यतिथि के अवसर पर प्रातः 10 बजे खरसिया शासकीय अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को कांग्रेसजनों द्वारा फल वितरित किए गए। इस सेवा कार्य में कांग्रेस परिवार के कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इसके अलावा ठुसेकेला के बारातोरहीन दाई चैक में शहीद नंदकुमार पटेल एवं दिनेश पटेल की प्रतिमा में माल्यार्पण कर विधायक उमेश पटेल एवं उपस्थित कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात रेस्ट हाउस के सामने स्थित शहीद नंदकुमार पटेल स्मारक स्थल पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण द्वारा विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में आमजन ने मूंग भात, कढ़ी एवं पचमेली सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान विधायक उमेश पटेल ने अपने शहीद पिता की आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। वहीं युवा कांग्रेस खरसिया द्वारा भगवान परशुराम चैक, स्टेशन के पास पूड़ी-सब्जी का भंडारा आयोजित किया गया। सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर शहीद नंदकुमार पटेल एवं दिनेश पटेल को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### झीरम घाटी के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई स्व. डॉ शक्राजीत नायक की जयंती कार्यक्रम सम्पन्न हुआ



**रायगढ़,** 26 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण नगेंद्र नेगी एवं शहर अध्यक्ष अनिल शुक्ला के अध्यक्षता में उपस्थित कांग्रेसजनों के साथ छत्तीसगढ़ के पूर्व सिंचाई मंत्री पूर्व रायगढ़ विधायक स्व डॉ शक्रजीत नायक की जयंती एवम झीरम हमले में शहीद नंदकुमार पटेल, शहीद महेंद्र कर्मा ,शहीद उदय मुदलियार ,शहीद दिनेश पटेल एवम अन्य शहीद कांग्रेस नेताओं को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

जिला कांग्रेस भवन में उपस्थित जनों ने बस्तर संभाग के झीरम घाटी में 25 मई 2013 को हुए नक्सली घटना में प्रदेश कांग्रेस के दिवंगत शीर्ष नेताओं को याद किया गया। एवं शहीदों के याद में शहर के जगह-जगह पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव राकेश पाण्डेय द्वारा सरबत वितरण किया गया वहीं कांग्रेस नेता यतीस गांधी द्वारा मुकबधिर बच्चों को भोजन कराया गया, एवं अटल चैक में अरुण गुप्ता एवं किरण पंडा द्वारा राहगीरों को शीतल जल (फ्रूटी) पिलाया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुये जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी ने कहां कि कांग्रेस पार्टी ने 2013 में छत्तीसगढ़ की अस्मिता की रक्षा के लिए प्रदेश के सभी जिले में परिवर्तन यात्रा का आगाज किया गया था जो प्रदेश के अनेकों जिलों में सुचारू रूप से संपन्न हुआ था प्रदेशभर में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे परिवर्तन यात्रा 25 मई 2013 को दरभा के झीरम घाटी से होते हुए यात्रा जारी था कि इसी बीच नक्सलियों ने पहले से घात लगाकर कायरता पूर्वक कांग्रेस के दिग्गज नेता हमारे खरसिया के माटी पुत्र सहित नंदकुमार पटेल जी, उनके पुत्र शहीद दिनेश पटेल जी, शहीद महेंद्र कर्मा जी, शहीद उदय मुदलियार जी, अन्य कांग्रेसी एवं पुलिसकर्मी शहीद हुए हो गए थे। नक्सलियों द्वारा किए गए एक साथ कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज नेताओं का हत्या से देश दहला उठा था। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने झीरम हमले में शहीद हुए नेताओ को याद करते हुए बताया कि झीरम घाटी में हुए नक्सल हमले में दिवंगत नेताओं और शहीद पुलिसकर्मियों के प्रति हम सभी कांग्रेसजनों श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। 25 मई 2013 को कांग्रेस के परिवर्तन यात्रा के दौरान पूरे प्रदेश का भ्रमण करने के बाद उक्त यात्रा बस्तर पहुंची थी और सुकमा कार्यक्रम के पश्चात वापसी के दौरान झीरम घाट में नक्सली हमला से तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष नंदकुमार पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विद्याचरण शुक्ल, बस्तर टाइगर महेन्द्र कर्मा, उदय मुदलियार, दिनेश पटेल सहित प्रदेश के कांग्रेस नेता और पुलिस कर्मियों सहित 32 लोगों की शहादत हो गई थी उन्हें याद करते हुए उनके सम्मान में दो मिनट का मौन धारण कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस मौन के पश्चात इन शहीदों के अमर रहने के नारों से पूरा वातावरण गमगीन हो गया और घटनाक्रम को याद कर सभी के नेत्र नम हो गए।

### निर्यात जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यशाला कल

**रायगढ़,** 26 मई (देशबन्धु)। एक दिवसीय निर्यात जागरूकता व मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन 28 मई को प्रात- 10 बजे से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, लोचन नगर, पहाड़ मंदिर रोड, रायगढ़ में किया जाएगा। मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ ने जिले के निर्यातक उद्योगों, हस्तशिल्प, वस्त्रोद्योगों, कृषि उत्पादों, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के संभावित उद्यमियों से कार्यशाला में भाग लेने की अपील की गई है।

# वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी रायगढ़ में चल रहे प्रोजेक्ट्स की प्रगति देखने पहुंचे

### बाल समुंद तालाब का होगा सौंदर्यीकरण, पहाड़ मंदिर इको ट्रेल से जुड़ेगा



**रायगढ़,** 26 मई (देशबन्धु)। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी रायगढ़ में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों से जुड़े प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण करने पहुंचे और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से कार्यों की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में टाइमलाइन और गुणवत्ता पर फोकस करते हुए सभी एजेंसीज अपने प्रोजेक्ट्स का काम तेजी से पूरा करते चलें।

वित्त मंत्री चौधरी नालंदा परिसर में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेने पहुंचे। यहां मुख्य भवन के साथ किड्स लाइब्रेरी के फाउंडेशन का काम चल रहा है। वित्त मंत्री चौधरी ने निर्माण कार्य को तेजी से आगे बढ़ाते हुए बारिश के पहले प्लिंथ लेवल तक का काम पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद वे ऑक्सीजोन पार्क के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने पार्क के चारों ओर की सड़क को बारिश से पहले तैयार करने और जल निकासी के लिए नालियों को अपग्रेड करने के लिए कहा। पार्क परिसर में वृक्षारोपण की तैयारियां भी समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने पुराना सारंगढ़ बस स्टैंड में लगने वाले बाजार का भी निरीक्षण किया। नगर निगम आयुक्त को इसे व्यवस्थित करने के लिए कहा। जिससे यहां व्यवसायियों की संख्या बढ़े और आस-पास के लोगों को खरीददारी के लिए बेहतर विकल्प मिले। इसी के साथ उन्होंने शहर के अलग-अलग हिस्सों में भी संचालित बाजारों को व्यवस्थित करने व जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस दौरान कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ अरविंद पीएम, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, ईई पीडब्ल्यूडी अमित कश्यप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

#### बालसमुंद तालाब के सौंदर्यीकरण की तैयारी, पहाड़ मंदिर इको ट्रेल से जुड़ेगा

वित्त मंत्री चौधरी पहाड़ मंदिर मार्ग स्थित बालसमुंद तालाब के निरीक्षण में पहुंचे। इस तालाब का सौंदर्यीकरण होने जा रहा है। वित्त मंत्री चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तालाब में डिसिल्टिंग के साथ ही यहां अच्छी लैंडस्केपिंग की जाए और चारों ओर वॉक वे बनाया जाए। उन्होंने इसके लिए सस्टेनेबल प्लानिंग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पहाड़ मंदिर से जोड़ते यहां इको ट्रेल भी बनाया जाना है। इसकी कार्ययोजना भी जल्द तैयार करने के निर्देश दिए।

#### शहर में बनेगा एक और ऑक्सीजोन, वित्त मंत्री चौधरी ने किया निरीक्षण

रायगढ़ में एक और ऑक्सीजोन पार्क बनने जा रहा है। यह कबीर चौक के पास बनेगा। इसके लिए किसान राइस मिल की खाली जगह को चिन्हांकित किया गया है।

वित्त मंत्री चौधरी अधिकारियों के साथ इस जगह का भी मुआयना किया। यहां ऑक्सीजोन तैयार करने के लिए नगर निगम द्वारा तैयार की गयी कार्ययोजना और लेआउट के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जल्द सारी प्रक्रियाएं पूरी करते हुए प्रोजेक्ट का जमीनी क्रियान्वयन शुरू करें। उन्होंने कहा कि यहां पार्क के प्रवेश द्वार के समीप ही पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान रखें और बाहर की ओर चौपाटी का निर्माण करवाएं। जिससे लोगों को खान-पान की सुविधा मिलने के साथ ही पार्क के संचालन हेतु नगर निगम आय भी अर्जित कर सकेगा।

#### बाबा धाम कोसमनारा को मुख्य सड़क से जोड़ने वाले मार्ग का जल्द होगा कायाकल्प

कोसमनारा में मुख्य सड़क से बाबा धाम को जाने वाली सड़क को सुधारकर डामरीकृत किया जाएगा। जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आवाजाही में सुविधा हो। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने इस सड़क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अच्छी गुणवत्ता के साथ जल्द इस सड़क का काम पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ मंदिर परिसर और आस-पास श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने आवश्यक इंतेजाम हेतु मंदिर समिति और ग्राम पंचायत को आपसी समन्वय से काम करने के लिए कहा।

## महुआ पेड़ के नीचे बैठकर विधायक भईया लाल रजवाड़े ने ग्रामीणों से की

**कोरिया,** 26 मई (देशबन्धु)। बैकुण्ठपुर विकासखण्ड के ग्राम मोदीपारा में महुआ पेड़ के नीचे समाधान शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर में बैकुण्ठपुर विधानसभा के विधायक भईया लाल राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राजवाड़े ने एक-एक ग्रामीणों से चर्चा की बल्कि उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। राजवाड़े ने सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के बारे अधिकारियों से की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी प्राप्त की । श्री राजवाड़े ने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि आवेदकों से प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण व समय सीमा के भीतर निराकरण करें। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही के बारे में ग्रामीणों के समक्ष साझा की। इसके अलावा विभाग के अधिकारियों ने महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में भी ग्रामीणों को जानकारी दी गई। इस समाधान शिविर में 27 हितग्राहियों को राशन कार्ड, तीन बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड, 5 छात्रों को जाति प्रमाण पत्र, 5 बेटियों के पालकों को सुकन्या समृद्धि योजना के तहत पासबुक और 17 हितग्राहियों को वनाधिकार पट्टा जनप्रतिनिधियों ने वितरण किया। हितग्राहियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार को धन्यवाद भी दिए। स्वास्थ्य विभाग व आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवाई वितरण भी किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, बैकुण्ठपुर एसडीएम (राजस्व), श्रीमती दीपिका नेताम, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## 29 मई से 12 जून तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

**अम्बिकापुर,** 26 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में आगामी 29 मई से 12 जून 2025 तक जिले के विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के तैयारी के संबंध में कृषि विभाग से जानकारी ली।

कलेक्टर ने कृषि विभाग से खरीफ फसलों के कृषि कार्यों और विभागीय योजनाओं की जानकारी साझा करने तथा अधिक से अधिक लाभ मिल सके इसके लिए किसानों को जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने, रूट चार्ट, नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, नियंत्रण कक्ष की स्थापना सहित सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशा अनुसार नागरिकों की समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि विगत दिनों मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान जिले में किए गए कार्यों की मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा सराहना की गई है। उन्होंने कहा कि निरंतर शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें जिससे आम जनता को अधिक से अधिक लाभ मिल सके और समस्याओं का निराकरण समय पर हो। कलेक्टर ने बारिश शुरू होने से पूर्व दूरवर्ती क्षेत्र में राशन सामग्री, दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिया है। जिससे मलेरिया एवं डायरिया जैसे बीमारियों से फैलने से पहले रोकथाम किया जा सके। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग को जर्जर भवन को मरम्मत करने तथा सतर्कता पूर्वक स्कूल संचालन का कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि आगामी दिनों में व्यापम, पीएससी एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित होगी उसके लिए लाइट व्यवस्था दुरुस्त रखें, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। कलेक्टर ने एसटी, एससी, अन्य पिछड़ा वर्ग सहित अन्य कॉलेज एवं स्कूल के बच्चे जो छात्रवृत्ति के पात्रता रखते हैं, उन्हें आवश्यक जानकारी देकर लाभ दिलाने हेतु आदिवासी विभाग सहायक आयुक्त को निर्देशित किया है। साथ ही उन्होंने सभी विभाग प्रमुख को बिना अनुमति के जिला मुख्यालय नहीं छोड़ने सख्त निर्देश दिए हैं।

## ग्राम रामगढ़ शिविर में 2268 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण

### 11 गांव के सैकड़ो लोग शिविर में हुए शामिल

**एमसीबी,** 26 मई (देशबन्धु)। जिले के विकासखंड भरतपुर के ग्राम रामगढ़ में सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, शिविर की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का दीप प्रज्वलन के साथ हुई, दीप प्रज्वलन के पश्चात जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।



शिविर में शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। सभी विभागों से प्राप्त कुल 2268 आवेदनों में से 2150 का त्वरित निराकरण किया गया, जबकि शेष 118 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। ग्रामीणों को बताया गया कि यह शिविर न केवल जानकारी देने का माध्यम है, बल्कि समस्याओं के तत्काल समाधान का भी एक मंच है। शिविर में रामगढ़, मोहनटोला, मट्टा, जैती, सगरा, खाड़ाखोड, खेतौली, उमरवाह, चुटकी, धोवाताल तथा बहरासी के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने अपने-अपने विभाग से संबंधित चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कैसे किया जा रहा है और आप इनका लाभ कैसे ले सकते हैं। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया, जिसमें जनपद पंचायत द्वारा सावित्री सिंह, सरिता, रीतू सिंह, भावी, राम बाई, यसोदा, सुखमंती को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए। वहीं दूसरी ओर, शिविर में आदिम जाति विकास विभाग द्वारा रामरतन सिंह को वन अधिकार पट्टा प्रदान किया गया। शिविर में अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष हीरा लाल मौर्य, जिला सदस्य सुखमती सिंह, जनपद सदस्य सुखलाल मरावी, सविता सिंह, धर्मपाल मरावी, फूल बाई, सरपंच- श्रीमती सुलोचना, बाबू लाल सिंह, लाल साय सिंह, अमर सिंह, शिव प्रसाद सिंह, सोनवती बैगा, गोकुल सिंह, चन्द्रभान बैगा, जनप्रतिनिधि माधव सिंह, प्रदीप सिंह, भइया प्रसाद, दुर्गा शंकर मिश्र, रविशंकर सिंह, रामाश्रय पाण्डेय, मनीष कुमार एडीओ, ऋषि कुमार एडीओ, दौलत सिंह, मणिक गुप्ता, गोपाल कारे , शिव तिवारी, श्रीनिवास तिवारी, एसडीएम- शशि शेखर मिश्रा, सीईओ- अजय सिंह राठौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बी.एस.सी. नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 29 को

### परीक्षार्थियों के लिए दिशा-निर्देश जारी

**एमसीबी,** 26 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 29 मई गुरुवार को बी.एस.सी.नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। बी.एस.सी.नर्सिंग प्रवेश परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से 12:15 तक जिले के 02 परीक्षा केन्द्रों क्रमशः शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ तथा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होना नियत है। अतएव उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु निम्नानुसार दिशा-निर्देश जारी किया जाता है। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हो, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सकें एवं परीक्षा केन्द्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके। परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिवस पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भली-भॉती परिचित हो जाये। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् किसी भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई.डी. प्रूफ जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा।

## चिरमिरी में अवैध शराब, गांजा, इंजेक्शन और सोलेशन आसानी से स्कूली बच्चों को उपलब्ध हो जा रहा- डोमरु रेड्डी

### पूर्व महापौर के. डोमरु रेड्डी के नेतृत्व में कांग्रेस ने चिरमिरी में चल रहे अवैध कारोबार के विरुद्ध एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

### अवैध कारोबारियों पर की कार्रवाई की मांग, कार्यवाही नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**चिरमिरी,** 26 मई (देशबन्धु)। पूर्व महापौर और जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष के. डोमरु रेड्डी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार के विरुद्ध चिरमिरी थाने जाकर एसपी और एसडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में अवैध कारोबारियों पर जल्द ठोस कार्रवाई की मांग की गई है तथा कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है। अपने ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा है कि हमारे शांतिप्रिय शहर चिरमिरी में इन दिनों बेखौफ रूप से गली मोहल्ले में स्प्रिटयुक्त कच्ची शराब की बिक्री, शासकीय शराब दुकानों में मिलावट और अवैध कोयला उत्खनन सहित जुआ तथा सट्टे की समस्या बहुत गंभीर हो गई है। शहर के विभिन्न गली, मोहल्लों में आसानी से उपलब्ध होने वाले स्प्रिट मिला कच्ची जहरीली शराब पीने से लोग बीमार भी हो रहे हैं। विशेषकर स्कूल के छोटे बच्चे भी घर से 10-20 रुपये चुरा कर घर या खुद के नए कपड़े जैसे समान बेच कर शराब पीने लगे हैं, जो एक बड़ी समस्या है।

ऐसे ही शासकीय दुकानों में भी मिलावटी शराब बिक रही है और कोई रोकटोक नहीं है। प्रशासन को जनता की भावनाओं के अनुरूप जानकारी देते हुए पत्र में कहा गया है कि चर्चा तो ऐसी होती है कि शराब दुकानों में श्रमिक सप्लाई करने वाली एजेंसी के मैनेजर और आबकारी विभाग के संयुक्त सहमति से शराब दुकान में कार्यरत



कर्मचारी ही मिलावट कर अतिरिक्त राशि एकत्रित कर बंदरबाट करते हैं। कांग्रेस की मांगों में से प्रमुख – कच्ची शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई, गांजा एवं नशीले इंजेक्शन्स की हो रहे बिक्री पर रोक, शासकीय शराब दुकानों में मिलावट की जांच और दोषियों के खिलाफ आबकारी विभाग के खानापूर्ति के बजाय प्रभावी कार्रवाई, अवैध कोयला उत्खनन पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम, सट्टा - पट्टी पर रोक लगाना है। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष के. डोमरु रेड्डी ने ज्ञापन में आगे कहा है कि इन समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्काल उचित कार्रवाई की जाए। शहरवासी इन समस्याओं से काफी परेशान हैं। इस सम्बन्ध में यदि हमारी मांगों को अनदेखा किया गया तो हमें मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पडेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन में कांग्रेस ने आगे कहा है कि शहर में ये सब हो रहा है। इसका सीधा मतलब यही है कि स्थानीय स्तर की प्रशासनिक व्यवस्था इन अवैध कारोबार को या तो संरक्षण दे रही है या कार्यवाही करने से बच रही है। ऐसे में कृपया अपने गुप्तचर विभागों से जानकारी मंगाकर अन्य थाना क्षेत्र के कर्मचारी व अधिकारियों में इसके रोकथाम के लिए करे कदम उठाये। हमारा शहर ऐसे अनैतिक गतिविधियों से थक चुका है और अपने छोटे-छोटे बच्चों को बिगड़ते देख, लोग बहुत हताश हैं।

#### ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व महापौर के. डोमरु रेड्डी के साथ

कांग्रेस के एमसीबी जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एवं नगर निगम में साँसद प्रतिनिधि शंकर राव, इण्टक के क्षेत्रीय अध्यक्ष अब्दुल सलीम, पूर्व विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व महापौर परिषद सदस्य शिवांश जैन, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती गायत्री बिरहा, उप नेता प्रतिपक्ष मो. इकराम, महिला कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जिला महिला बाल विकास विभाग में साँसद प्रतिनिधि श्रीमती नीता डे, विकास खण्ड साँसद प्रतिनिधि साबीर खान, स्कूल शिक्षा विभाग में सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष एवं जिला चिकित्सालय जीवन दीप समिति के साँसद प्रतिनिधि राणा दास, अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष एवं लाहिड़ी महाविद्यालय जन भागीदारी समिति में साँसद प्रतिनिधि इसरार मोहम्मद (बीरू), जिला कांग्रेस महामंत्री अधिवक्ता शाहिद महमूद, महिला काँग्रेस नेत्री श्रीमती खुशी हाजरा, श्रीमती रामश्री खटिक, श्रीमती अरुणा, पार्षद राहुल पटेल, मो. सहाबुद्दीन, सैय्यद अनीस, पूर्व पार्षद सोहन खटिक, प्रताप चौहान, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी वरुण शर्मा, जोगेन्दर पाण्डेय, रवि बिरहा, पूर्व एल्डरमेन उमा शंकर अलगमकर, जुबेर अहमद, शिव महाराणा, हबीब खान, केशव सोनकर गोपाल कर, माईकन अली, सफीर अहमद, सदाशिव बारिक, शुभम सलूजा, सुधीर अग्रवाल, अधिवक्ता रंजन नायक, प्रदीप प्रजापति, दिनेश प्रसाद, विजेंद्र सिंह, विश्वदीप दासगुप्ता, अशोक कुमार, राहुल रेड्डी, सोनू, गोलू सोनकर, रतन सोनी, समीर अहमद, नूरुद्दीन अंसारी, राहुल मालिक, शोएब, दिनेश वस्त्रकार, राजा रोहीदास, सैफ नियाजी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### ग्वालीनडीह के पूर्व सरपंच के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा कार्रवाई की मांग एसडीएम से शिकायत



**सारंगढ़,** 26 मई (देशबन्धु)। ग्रापं ग्वालिनडीह के पूर्व सरपंच कौशल भारती पर ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उन्होंने 15 वें वित्त की राशि का दुरूपयोग किया है , ग्रामीणों ने की जांच कार्यवाही व वसूली करने की मांग की है। पूर्व सरपंच कौशल भारती पर ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उन्होंने ने अपने 5 वर्ष के सरपंच कार्यकाल वर्ष 2020 से 2025 तक 15 वें वित्त की राशि का दुरुपयोग किया है जिसकी शिकायत सामने आई है। जिसमें ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच के कार्यकाल वर्ष 2020 से 2025 के 15 वें वित योजना से संबंधित आय व्यय किए गए कार्यों की जांच करने एवं वसूली करने हेतु शिकायत प्रकरण न्यायालय अनु.अधि. ( राजस्व) सारंगढ़ के समक्ष दर्ज कराई है। जिसमें वर्तमान सरपंच एवं ग्रामीणों के द्वारा इंटरनेट में मौजूद कापी के आधार पर आय व्यय का पूरा काला चिट्ठा निकाला गया, जिसमें कुल व्यय राशि 35 लाख 39 हजार 3 सौ 44 रूपए एवं बैंक ब्याज 28025 रूपए को भुगतान कर दिया गया है । जबकि – ब्याज राशि से किसी प्रकार का कोई निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है। पूरी राशि बंदर बांट करके डकारने का आरोप लगाया गया है। निर्माण कार्य कहीं नहीं दिख रहा है ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि, तत्कालीन सरपंच कौशल भारती द्वारा फर्जी बिल वाउचर प्रस्तुत कर एजेंसियों को भुगतान कर दिया गया है जबकि– वास्तव में यह फर्म कहीं स्थित ही नहीं है। इसके अलावा कोई भी निर्माण कार्य केवल मटेरियल से पूरा नहीं होता है उसमें मजदूर की आवश्यकता होती है। यह बात कोई छोटा बच्चा भी बता देगा । किंतु पूर्व सरपंच यह नहीं बता पाएगा कि – किन मजदूरों के द्वारा निर्माण कार्य पूरा कराया गया है । क्योंकि – मजदूरों के नाम से ना तो मास्टर रोल भर गया और न उनके खातों में मजदूरी भेजी गई। पूर्व सरपंच के पास शायद कोई जादुई चिराग है जो केवल मटेरियल से ही निर्माण कार्य पूरा कर देता है। बिना मजदूर के कुल राशि 3539344 /– व्यय किए गए हैं। इसकी जांच कार्यवाही कर वसूली की मांग शिकायत न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगढ़ से किया गया है।

### अवैध खनिज परिवहन पर की गई कार्रवाई, 67 प्रकरण दर्ज



**सारंगढ़,** 26 मई (देशबन्धु)। बिलाईगढ़ अनुविभाग क्षेत्र में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के रोकथाम हेतु राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश के परिपालन में खनिज अमला एवं राजस्व अमला द्वारा अनुविभाग बिलाईगढ़ अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रो का आकस्मिक, संयुक्त निरीक्षण कर अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के रोकथाम हेतु नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अनुभाग अन्तर्गत अवैध उत्खनन में कार्यवाही कर 02 प्रकरण दर्ज कर राशि एक लाख छियासठ हजार दो सौ रूपये खनिज मद में जमा कराया गया। अवैध परिवहन में कार्यवाही करते हुए कुल 65 प्रकरण दर्ज कर राशि छः लाख सात सौ पच्चीस रूपये खनिज मद में जमा कराया गया। इस प्रकार कुल 67 प्रकरणों में कार्यवाही कर सात लाख 66 हजार 925 रूपये वसूल कर प्रकरण का प्रशमन किया गया। यह कार्यवाही छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 तथा खान एवं खनिज विकास अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की गई।

### सुहागिनों ने मनाया वट सावित्री पर्व

**शिवरीनारायण,** 26 मई (देशबन्धु)। पुराणिक नगरी में दर्जनों की टोलियों में साथ मिलकर वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए उमा महेश्वर अखंड सौभाग्य प्रदान करने की प्रार्थना किए शिवरीनारायण के साव घाट, ठाकुरदिया, चौपाटी ,महावीर चौक में सुहागन महिलाओं की भीड़ वट सावित्री पूजन हेतु जुटी।

### ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार



जांजगीर, 26 मई (देशबन्धु)। शिवरीनारायण थाना व सायबर टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी व एक विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक को पकड़ा है। आरोपियों से चोरी की गई लाल रंग की वंदना ट्रैक्टर ट्रॉली, एक पल्सर मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर इंजन बरामद किया गया है।

प्रार्थी लोकनाथ मानिकपुरी ने थाना सरसीवा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी ट्रैक्टर ट्रॉली दिनांक 21–22 मई की रात उसके शोरूम से चोरी हो गई है। मामले में अपराध क्रमांक 200/2025 धारा 303(2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर साइबर टीम व थाना शिवरीनारायण की टीम ने तकनीकी आधार पर संदेही दुर्गा प्रसाद लहरे निवासी चंदनिया, थाना बलौदा को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने साथी के साथ मिलकर चोरी की बात स्वीकार की। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर इंजन भी जब्त किए गए। आरोपी से पूछताछ में जांजगीर स्थित खोखसा फाटक परिसर से एक और ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी करने की बात भी सामने आई। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, वहीं विधि विरुद्ध बालक को किशोर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक सागर पाठक, भास्कर शर्मा, सायबर सेल व थाना स्टाफ का योगदान रहा।

# फरार वारंटियों पर जांजगीर–चांपा पुलिस का बड़ा वार

## सिर्फ 48 घंटे में 80 आरोपी चढ़े हत्थे,20 साल से फरार अपराधी भी गिरफ्तार



जांजगीर, 26 मई (देशबन्धु)। जिले में नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में जांजगीर–चांपा पुलिस ने फरार अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर बड़ी सफलता अर्जित की है। मात्र 48 घंटे में 36 स्थायी वारंटी और 44 गिरफ्तारी वारंटियों सहित कुल 80 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

इस सघन अभियान में हत्या के प्रयास, लूट, बलवा, चोरी, मारपीट जैसे संगीन मामलों में वांछित आरोपी भी पकड़े गए। 20 वर्षों से फरार चल रहे दो आरोपियों को भी पुलिस ने दबोचा है, जो थाना जांजगीर क्षेत्र में प्राणघातक हमले के मामले में वांछित थे। वहीं, थाना चाम्पा क्षेत्र से 2 साल से फरार लूट का आरोपी भी गिरफ्त में आया।

अभियान का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के निर्देशन में तथा डीएसपी जितेन्द्र खुंटे, डीएसपी श्रीमती कविता ठाकुर और एसडीओपी चाम्पा यदुमणि सिदार के पर्यवेक्षण में किया गया। प्रत्येक थाना–चौकी स्तर पर विशेष टीम गठित कर धरपकड़ की कार्यवाही अंजाम दी गई।

### थाना-वार गिरफ्तारी का विवरण

थाना जांजगीर13 गिरफ्तारी, 4 स्थायी वारंट

चौकी नैला4 गिरफ्तारी, 3 स्थायी वारंट

थाना अकलतरा 13 गिरफ्तारी, 1 स्थायी वारंट

थाना चाम्पा 16 गिरफ्तारी, 5 स्थायी वारंट

थाना पामगढ़, बलौदा, नवागढ़, सारागांव, बम्हनीडीह, बिर्रा आदि से शेष वारंटियों की गिरफ्तारी की गई है।

### आगामी कार्रवाई की चेतावनी

एएसपी श्री कश्यप ने स्पष्ट किया कि वारंटियों को सुधरने का अंतिम मौका दिया गया है। यदि वे पुनः अपराध में संलिप्त पाए जाते हैं, तो कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने उन लोगों को भी सचेत किया है जिन पर न्यायालयों द्वारा समंस नोटिस जारी किए गए हैं या जो जमानत पर चल रहे हैं — यदि वे आगामी पेशियों में उपस्थित नहीं हुए तो उनकी जमानत निरस्त कर गिरफ्तारी की जाएगी।

# खोखरा में 4.22 करोड़ की पानी टंकी बनी शो पीस

### ग्रामीणों को नहीं मिल रही बूंदभर पानी



जांजगीर, 26 मई (देशबन्धु)। जल जीवन मिशन के अंतर्गत करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई पानी टंकी और सप्लाई सिस्टम गांव खोखरा में महज शोपीस बनकर रह गई है। 4.22 करोड़ की लागत से निर्मित इस प्रणाली से गांव को पानी देने की उम्मीद थी, लेकिन हालात यह हैं कि भीषण गर्मी में भी ग्रामीण एक–एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

ग्राम पंचायत खोखरा की सरपंच दुर्गा अजय राठौर ने इस स्थिति पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि 7 हजार की आबादी वाले इस बड़े गांव में अब तक लोगों को पानी की नियमित आपूर्ति नहीं मिल पाई है। ग्रामीणों ने इस संबंध में कई बार शिकायत की, लेकिन नतीजा सिफर रहा। बताया जा रहा है कि इस वाटर सप्लाई सिस्टम का निर्माण भवानी बोरवेल्स, जांजगीर द्वारा किया गया है। कंपनी का दावा है कि गांव में पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंच रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। गांव में पानी की एक बूंद भी ठीक से नहीं पहुंच पा रही है। सरपंच ने इस प्रोजेक्ट को अब तक हैंडओवर नहीं किया है। उनका कहना है कि जब तक सिस्टम सही तरीके से काम नहीं करेगा, वे इसे पंचायत की जिम्मेदारी में नहीं लेंगी। उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों को भी इस संबंध में अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ने पानी जैसी बुनियादी जरूरत को पूरा करने के लिए पानी की तरह पैसे बहा दिए, लेकिन योजना जमीन पर पूरी तरह फेल साबित हो रही है। गौरतलब है कि जिले भर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत लगभग 600 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन अधिकांश योजनाएं कागजों तक ही सीमित हैं। खोखरा की पानी टंकी इसका जीवंत उदाहरण है, जो केवल देखने लायक रह गई है, लेकिन ग्रामीणों की प्यास बुझाने में पूरी तरह विफल है। ग्रामीणों की मांग है कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो और जल्द से जल्द गांव को पानी की आपूर्ति सुचारु की जाए।

# नगरदा में हुआ समाधान शिविर का आयोजन

### समाधान शिविर में जनसमस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण



जांजगीर, 26 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार आम जनता की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु आज जनपद पंचायत सक्ती के ग्राम पंचायत नगरदा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत जर्वे, सुन्दरेली, सोनगुढा, धनुपर, बोकरामुडा, सकरेलीखुर्द, नगरदा, कुरदा, बासीन, सेन्दरी, पुटेकेला, चमराबरपाली कलस्टर से कुल 2237 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 2233 आवेदनो का निराकरण किया गया तथा शेष आवेदनों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण किया जा रहा है।सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्राप्त हुआ था। शिविर में जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलो का अवलोकन कर अधिकारियों से सुशासन तिहार में प्राप्त मांगों और शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली एवं प्राथमिकता के साथ सभी आवेदनों का निराकण करने कहा। समाधान शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागवार प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी आवेदकों को दी गई तथा शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियो को लाभान्वित भी किया गया। समाधान शिविर मे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र का वितरण, मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड का वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड का वितरण सहित विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहीमूलक सामग्रियों का भी वितरण किया। इसके साथ ही अन्नप्राशन एवं गर्भवती माताओं को गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल,जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीतू ऋषि रॉय, जिला पंचायत सदस्य आयुष शर्मा, एसडीएम सक्ती अरुण कुमार सोम, तहसीलदार विद्या भूषण साव सहित नगरदा कलस्टर क्षेत्र के सरपंच, सचिव एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण,जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारीगण, स्व सहायता समूहों के सक्रिय महिलाएं उपस्थित थे।

# पति की दीर्घायु के लिए व्रत रख की गई वट सावित्री की पूजा

### सुहागिनों ने बरगद, पीपल पेड़ की परिक्रमा कर लिया आशीर्वाद



जांजगीर, 26 मई (देशबन्धु)। पति की दीर्घायु की कामना के लिए हिन्दू सुहागिन महिलाओं ने आज व्रत रखकर वट सावित्री की पूजा की और बरगद, पीपल पेड़ की परिक्रमा कर आशीर्वाद लिया।

वट सावित्री पूजा के लिए थाली सजाकर आज महिलाएं दोपहर से ही वट–पीपल के वृक्ष के पास पहुंची और वट वृक्ष के चारों ओर 108 परिक्रमा कर धागा लपेटा गया एवं पति की सुख, समृद्धि और परिवार की कुशलता के लिए कामना की। पौराणिक मान्यता के अनुसार बरगद के पेड़ में देवताओं का वास होता है, इसलिए महिलाएं अमावस्या के दिन व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर परिक्रमा करती हैं। पूजा के लिए महिलाओं ने बांस में चना बेसन का बरों बनाया था, जिसे वृक्ष पर चढ़ाने के बाद महिलाओं ने वृक्ष के चारों ओर परिक्रमा करते हुए फल्ली दाना, रेवड़ी का भोग चढ़ाया। कई महिलाओं ने निर्जला व्रत भी रखा।

वट सावित्री के संबंध में यह कथा प्रचलित है कि सावित्री भद्र देश के राजा की पुत्री थी। राजा को अपनी पुत्री के लिए गुणकारी वर नहीं मिल रहा था, तब उसने सावित्री को अपने लिए वर ढूंढने को कहा। इसके बाद सावित्री ने शाल्व देश के निष्कासित राजकुमार सत्यवान को अपने वर के रुप में चुना। जब उसकी मृत्यु हुई तो सावित्री ने यमराज से भी अपने पति का जीवनदान प्राप्त कर लिया। उसी समय से वट सावित्री की कथा प्रचलित हुई और हिन्दू महिलाएं अमावस्या के दिन वट सावित्री की पूजा करती हैं। शिव मंदिर नहर किनारे, ब्लॉक कालोनी, नैला अकलतरा में रामसागर तालाब के पास तथा विभिन्न स्थानों में महिलाओं ने सामूहिक रुप से वट सावित्री की पूजा की।

### ग्राम साल्हे में ग्रामीण महिलाओं की बट सावित्री पूजा

डभरा,बट सावित्री पूजा 6 जून को ग्राम साल्हे में ग्रामीण महिलाओं द्वारा मनाया गया । आपको बता दें कि इस तिथि काफी महत्व है क्योंकि कई साल बाद इस बार बट सावित्री व्रत का कई शुभ संयोग बन रहा है मान्यता है कि बट सावित्री के दौरान विधि विधान से पूजा करने से पूजा का फल पूरा मिलता है महिलाएं यह व्रत अखंड सौभाग्य के लिए करती हैं।

# आईसीटी प्रोजेक्ट के तहत शिक्षकों को प्रशिक्षण

### आधुनिक शिक्षा प्रणाली की ओर एक कदम

जांजगीर, 26 मई (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदा में प्राचार्य अनिल शर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षकों को आईसीटी (सूचना और संचार प्रौद्योगिकी) परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर हरि शंकर शुक्ला द्वारा किया जा रहा है।

### प्रशिक्षण का उद्देश्य

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को शिक्षा में आईसीटी उपकरणों और तकनीकों के प्रभावी उपयोग के लिए तैयार करना है। डिजिटल युग में शिक्षा को अधिक सुलभ, रोचक और प्रभावी बनाने के लिए शिक्षकों का तकनीकी रूप से सशक्त होना आवश्यक है। उक्त प्रशिक्षण में 16 म ई से प्रारंभ हुई है जिसमें अब तक 132 शिक्षकों द्वारा



प्रशिक्षण किया जा चुका है।

### छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में सहायता

आईसीटी प्रशिक्षण से शिक्षक आधुनिक शिक्षण विधियों का उपयोग करने में सक्षम बनते हैं। यह प्रशिक्षण उन्हें शिक्षण–अधिगम की प्रक्रिया में सुधार लाने, विषयवस्तु को अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने तथा छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में सहायता करता है। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल शिक्षकों की दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि पूरे शिक्षण तंत्र को डिजिटल दिशा में अग्रसर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

# खरसिया प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट का हुआ भव्य शुभारंभ

### योद्धा एवं स्पार्टन के बीच मुकाबले से हुआ आगाज

**खरसिया,** 26 मई (देशबन्धु)। भारत में क्रिकेट के प्रति युवाओं में एक अलग ही जुनून देखने को मिलता है आईपीएल के आने के बाद छोटे–छोटे शहरों से भी युवाओं के सपनों को पंख मिले हैं इससे प्रेरणा लेते हुए किशोर एवं युवाओं में उम्मीद की एक किरण नजर आती है कि उनमें प्रतिभा होगी तो राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं इसे देखते हुए इस वर्ष खरसिया नगर के युवाओं द्वारा खरसिया प्रीमियर लीग सीजन एक के रूप में बहुत ही शानदार शुरुआत खरसिया के महात्मा गांधी कॉलेज मैदान की गई इसके मुकाबले 7 दिन तक चलेंगे जिसमें 10 फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा ले रही है।

क्रिकेट लीग का भव्य एवं शानदार आगाज सोमवार को शाम 6 बजे शो मैच के रूप में नगर पालिका इलेवन वर्सेस आयोजन समिति इलेवन के बीच किया गया। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला टीम योद्धा एवं टीम स्पार्टन के बीच खेला गया। इस टूर्नामेंट का आयोजन इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल की तर्ज पर किया जा रहा है जिसमें दस फ्रेंचाइजी टीमों द्वारा बाकायदा बोली लगाकर खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया गया है। 10 टीम इस प्रकार है योद्धा, स्पार्टन, रॉयल्स, थंडर, टाइटंस, हंटर, किंग्स, नाइटस, वॉरियर्स, एवं स्टार फ्रेंचाइजी टीमों के रूप में बनाई गई है। किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न ना हो इसके लिए इस टूर्नामेंट में बाहर से प्रोफेशनल अंपायर जिनको बड़े–बड़े टूर्नामेंट में अंपायरिंग का अनुभव है एवं प्रोफेशनल कॉमेंटेटर को लाया गया है। साथ ही टूर्नामेंट के सभी मैचों का लाइव प्रसारण यूट्यूब चैनल में किया जा रहा है। बता दे कि टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार एक लाख ग्यारह हजार एक सो ग्यारह रूपए एवं द्वितीय पुरस्कार पचपन हजार पांच सौ पचपन रूपए तथा अन्य टीमों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। आयोजन कर्ता एवं प्रायोजकों द्वारा अनेक प्रकार के मेन ऑफ द सीरीज हैट्रिक सिक्स एवं अनेकों आकर्षक इनाम रखे गए है। इस टूर्नामेंट को लेकर युवाओं में एवं नगर में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। जिसका आज पहले मुकाबले में उपस्थित जनसमूह को देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है वहीं खरसिया क्रिकेट क्लब समिति द्वारा कई दिनों से मेहनत कर इस टूर्नामेंट हेतु तैयारी जोर शोर से की जा रही थी जो आज सफल होती नजर आ रही है।

खरसिया क्लब द्वारा भविष्य में इसे और भी बृहद रूप दिए जाने एवं भव्य रूप से किए जाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। धर्म की नगरी खरसिया यूं तो नगर के युवाओं द्वारा बड़े–बड़े धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए प्रसिद्ध है इन्हीं युवाओं द्वारा पहली बार इतने बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है खरसिया नगर ही सहित आस पास के क्षेत्र में भी इस अनूठे आयोजन की चर्चा हो रही है विशेष कर युवाओं में उत्साह देखते ही बन रहा है आयोजन सफल होता है तो निश्चित ही क्षेत्र की युवाओं को इसका लाभ प्राप्त होगा।

# सुप्रसिद्ध रामकथा वाचक राजन महाराज बुधवार को खरसिया आ रहे



### भगवत् चर्चा के रूप में अपनी सुमधुर वाणी में करेंगे ज्ञान गंगा का प्रवाह

**खरसिया,** 26 मई (देशबन्धु)। धार्मिक नगरी खरसिया की धन्य धरा पर सरस रामकथा वाचक परम् राजन महाराज का आगमन 28/05/ 2025 दिन बुधवार को श्री राम जानकी मंदिर खरसिया में सुबह 9.30 बजे हो रहा है। भक्तों के प्रेरणास्त्रोत महाराज का एकदिवसीय सानिध्य भगवत् चर्चा के रूप में खरसिया नगर की भागवत प्रेमी आम जनता को प्राप्त होगा राजन महाराज भगवत् प्राप्ति हेतु अपनी वाणी से ज्ञान गंगा के प्रवाह से सभी भक्तों का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

श्री सियाराम से सखा मंडल के युवा भक्तों द्वारा धर्म प्रेमी आम जनता से निवेदन किया गया कि सभी सपरिवार उपस्थित होकर इस ज्ञान की गंगा में डुबकी लगाकर भगवान श्री राम जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# राशन कार्डधारी को जून में एकमुश्त तीन माह का चावल किया जाएगा वितरण

जांजगीर, 26 मई (देशबन्धु)। सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ खाद्य और पोषण सुरक्षा अधिनियम तथा मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के राशनकार्डधारी परिवारों को माह जून से अगस्त के तीन माह का एक मुश्त चावल वितरण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिले में संचालित सभी उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से राशनकार्डधारी परिवारों को 30 जून तक 3 माह के चावल वितरण सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

चावल को छोड़कर शेष राशन सामग्री शक्कर, नमक का भण्डारण एवं वितरण नागरिकों आपूर्ति निगम में स्टॉक की उपलब्धता के आधार पर माह जून से अगस्त के दौरान प्रत्येक माह पृथक–पृथक जारी आबंटन अनुसार वितरण किया जाएगा। चावल वितरण हेतु शासकीय उचित मूल्य दुकानों में चावल उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

दुकान स्तर पर निगरानी समिति के समक्ष हितग्राहियों को चावल एवं अन्य राशन सामग्री का वितरण कराया जाएगा। कलेक्टर ने चावल वितरण की निगरानी खाद्य, राजस्व एवं सहकारिता विभाग के अमलो द्वारा करने के निर्देश दिए है ताकि लक्षित हितग्राहियों को वितरण सुनिश्चित की जा सके।

# देश विदेश

## चीन व इंडोनेशिया स्थानीय मुद्रा लेन-देन को बढ़ावा देने पर सहमत

**बीजिंग,** 26 मई (एजेंसियां)। चीन और इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए एक सहयोग ढांचा स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) ने यह जानकारी दी। केंद्रीय बैंक ने रविवार को एक बयान में कहा कि चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो की संयुक्त गवाही के तहत, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) के गवर्नर पैन गोंगशेंग और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) के गवर्नर पेरी वारजियो ने स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए सहयोग के वास्ते एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की व्लादिमीर पुतिन व वोलोडिमिर जेलेंस्की की आलोचना, कहा

# अपने देश का भला नहीं कर रहे राष्ट्रपति पुतिन व जेलेंस्की

**वाशिंगटन,** 26 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि अगर वह उस समय पद पर होते तो दोनों देशों के बीच चल रहा युद्ध कभी नहीं छिड़ता।

ट्रंप की यह टिप्पणी रूस के बड़े हवाई हमले के बाद आई है। इस हमले में यूक्रेन के कई नागरिकों की मौत हो गई, जिनमें बच्चे भी शामिल थे। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने पुतिन को 'पागल' करार दिया। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनके एक समय पुतिन के साथ अच्छे संबंध थे।

ट्रंप ने लिखा कि मेरे और व्लादिमीर पुतिन के बीच हमेशा बहुत अच्छे रिश्ते रहे हैं, लेकिन उनको कुछ हो गया है। वह पूरी तरह पागल हो गए हैं। वह बेवजह कई लोगों को मार रहे हैं और मैं सिर्फ सैनिकों की बात नहीं कर रहा। मिसाइलें और ड्रोन यूक्रेन के शहरों में बिना किसी कारण के दागे जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि वे यूक्रेन का पूरा हिस्सा चाहते हैं। सिर्फ उसका एक टुकड़ा नहीं और शायद यह सही साबित हो रहा है,



मैंने हमेशा कहा है कि पुतिन यूक्रेन का पूरा हिस्सा चाहते हैं, सिर्फ उसका एक टुकड़ा नहीं और शायद यह सही साबित हो रहा है : डोनाल्ड ट्रंप

लेकिन अगर वे ऐसा करते हैं, तो इससे रूस का पतन हो जाएगा। ट्रंप ने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की पर भी सवाल उठाए। जेलेंस्की ने हाल ही में कहा था कि अमेरिका की चुप्पी ने पुतिन को और प्रोत्साहित किया है।

ट्रंप ने जेलेंस्की की बयानबाजी की आलोचना करते हुए कहा कि जेलेंस्की अपने देश का भला नहीं कर रहे। उनके मुंह से निकलने वाली हर बात समस्याएं पैदा करती हैं। मुझे यह पसंद नहीं और इसे बंद करना होगा। अगर मैं राष्ट्रपति होता तो यह युद्ध कभी शुरू ही नहीं होता।

अमेरिकी राष्ट्रपति रविवार शाम तक रूस के हवाई हमले पर चुप रहे, जब उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए इस मामले पर टिप्पणी की। पुतिन के बारे में ट्रंप ने कहा कि वह बहुत सारे लोगों को मार रहे हैं। मुझे नहीं पता उनके साथ क्या गलत है। उनके साथ आखिर हुआ क्या है? वह बहुत सारे लोगों को मार रहे हैं। मैं इससे खुश नहीं हूं।

## रूस की सुरक्षा के लिए आवश्यक निर्णय लेते हैं पुतिन : क्रेमलिन



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्णय लेते हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने सोमवार को यह बात कही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह यूक्रेन में रूस की हालिया कार्रवाइयों को अस्वीकार करते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह रूस के खिलाफ अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने की संभावना पर निश्चित रूप से विचार कर रहे हैं। जब पेसकोव से पूछा गया कि क्रेमलिन ने पुतिन के बारे में ट्रम्प के शब्दों का आकलन कैसे किया, तो उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन हमारे देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्णय लेते हैं।

## यूक्रेनी ड्रोन के बीच फंस गया था पुतिन का हेलीकॉप्टर



**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का हेलीकॉप्टर इस सप्ताह के शुरू में स्वतंत्र घोषित किए गए कुर्स्क क्षेत्र की उनकी पहली यात्रा के दौरान एक बड़े यूक्रेनी ड्रोन हमले में फंस गया था, यह खुलासा एक रूसी सैन्य कमांडर ने किया है। हालांकि, क्षेत्र में एयर डिफेंस यूनिट्स ने हमले को विफल करने में कामयाबी हासिल की और राष्ट्रपति की सुरक्षा सुनिश्चित की। एयर डिफेंस डिवीजन के कमांडर यूरी डैशकिन ने रविवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में चैनल रूस 1 को बताया। इसे न्यूज आउटफिट आरटी ने रिपोर्ट किया। डैशकिन ने कहा कि पुतिन का हेलीकॉप्टर कुर्सक क्षेत्र में दुश्मन के बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले को रोकने के लिए एक ऑपरेशन के केंद्र में था।

क्रेमलिन के अनुसार अप्रैल में यूक्रेनी सेना से पूरी तरह से मुक्त होने के बाद, मंगलवार को कुर्स्क क्षेत्र की अपनी पहली यात्रा में पुतिन ने गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशटेन के साथ स्थानीय नगर पालिकाओं के प्रमुखों और स्वयंसेवकों से मुलाकात की। यह यूक्रेनी आक्रमण से प्रभावित लोगों की मदद कर रहे हैं। डैशकिन के अनुसार, उस समय, यूक्रेन ने क्षेत्र पर एक अभूतपूर्व यूएवी हमला किया, लेकिन रूसी वायु रक्षा ने 46 आने वाले फिक्स्ड-विंग यूएवी को नष्ट कर दिया।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 27 मई , 2025 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15**

### राशिफल

मेष - आज आप खर्च में संयम बनाए रखें। अनावश्यक कारणों पर भी धन खर्च हो सकता है। धन संबंधी एवं लेन-देन संबंधी सभी कामों में सावधानी रखने की जरूरत है। किसी के साथ विवाद न हो, इसका ध्यान रखें।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। मानसिक रूप से आज आप वैचारिक स्थिरता का अनुभव करेंगे। इसके परिणामस्वरूप आप लगन के साथ काम कर पाएंगे।

मिथुन - आपकी वाणी या व्यवहार से आज किसी के साथ गलतफहमी पैदा कर सकते हैं। परिजनों तथा सगे- संबंधियों के साथ खूब संभलकर रहना पड़ेगा। बीमारी या दुर्घटना का योग है, सावधानी बरतें। मान प्रतिष्ठा को हानि पहुंचेगी।

कर्क - आर्थिक आयोजनों और नए कार्य की शुरूआत करने के लिए उत्तम दिन है। व्यापार- धंधे में लाभ, नौकरी में पदोन्नति और आय के स्रोत में वृद्धि होने से आप आनंद और संतोष की भावना का अनुभव करेंगे।

सिंह - नौकरी तथा व्यवसाय के क्षेत्र में लाभदायक और सफल दिन है। आपके कार्यक्षेत्र में आप वर्चस्व और प्रभाव जमा सकेंगे। भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल से आपका काम सरलतापूर्वक पूरा होगा।

कन्या - आपका आज का दिन धार्मिक प्रवृत्तियों में व्यतीत होगा। किसी तीर्थ स्थान की यात्रा के संयोग बनेंगे। विदेश गमन के लिए अवसर निर्मित होंगे। भाई-बंधुओं से लाभ होगा। ऑफिस में अधिकारियों से वाद-विवाद ना करें।

तुला - आकस्मिक धन लाभ का दिन है। आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए उत्तम दिन है। फिर भी नए काम शुरू न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। दोस्तों से सचेत रहें।

वृश्चिक - दैनिक घटना चक्र की प्रवृत्तियों में आज परिवर्तन आएगा। आज आप मौज-मस्ती और मनोरंजन की दुनिया में घूमने के मूड में होंगे। इसमें मित्रों, परिजनों का साथ मिलेगा। सार्वजनिक जीवन में आपकी मान- प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

धनु - आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए आज का दिन शुभ है। कार्य सरलतापूर्वक सफल होंगे। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी। आपका दिन आमोद-प्रमोद में व्यतीत होगा।

मकर - आपका आज का दिन मिश्र फलदायी साबित होगा। बौद्धिक कार्यों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे। परिणाम स्वरूप शारीरिक थकान और ऊबन रहेगी। संतान को लेकर चिंता होगी।

कुंभ - नकारात्मक विचारों से मन में हताशा जन्म लेगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना अनुभव होगी। खर्च बढ़ेगा। वाणी पर संयम न रहने के कारण परिवार में मनमुटाव और झगड़े होने की संभावना है।

मीन - आपका आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। व्यापारियों को भागीदारी के लिए उत्तम समय है। दांपत्य जीवन में निकटता का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। प्रेमीजनों का रोमांस अधिक प्रगाढ़ बनेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इजरायल ने गाजा में नए संघर्ष विराम के प्रस्ताव को किया अस्वीकार



इजरायल ने 'विटकॉफ' प्रारूप पर दिया जोर

**यरुशलम,** 26 मई (एजेंसियां)। इजरायल ने गाजा में हमले रोकने और उसके 10 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित कराने के उद्देश्य वाले एक नए अमेरिकी प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इजरायल के सरकारी 'कान' टीवी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इस बाबत जारी 'वार्ता' दल में शामिल एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने कान टीवी को बताया कि अमेरिकी मध्यस्थों ने कल रात एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें पांच जीवित बंधकों की रिहाई एवं पांच बंधकों के शवों की सुपुर्दगी, गाजा में मानवीय सहायता सामग्री की आवाजाही, 70-दिवसीय युद्धविराम और स्थायी युद्धविराम की दिशा में बातचीत जैसे मुद्दे शामिल थे।

अधिकारी ने बताया कि इजरायल ने इसे 'हमास के सामने आत्मसमर्पण' मानते हुए सिरे से खारिज कर दिया है। इजरायल ने तथाकथित 'विटकॉफ' प्रारूप पर जोर दिया है, जो देश के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा मार्च की शुरुआत में प्रस्तुत एक प्रस्ताव है। इसमें 50-दिवसीय युद्धविराम के बदले में अतिरिक्त इजरायली बंधकों की रिहाई और लंबे समय तक युद्धविराम पर बातचीत करने का वायदा किया गया है। इसमें हालांकि इजरायली सेना की वापसी या फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई का उल्लेख नहीं है, जो हमास की दो प्रमुख मांगें हैं। इस बीच, इज़रायल और हमास के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता का एक और दौर पिछले गुरुवार को श्री नेतन्याहू द्वारा देश के प्रतिनिधिमंडल को वापस बुलाए जाने के बाद समाप्त हो गया। इसका उद्देश्य इज़रायल के 19 महीने लंबे सैन्य अभियान को समाप्त करना और गाजा में अभी भी बंधक बनाकर रखे गए 58 लोगों की रिहाई सुनिश्चित करना था।

## अल्बानीस ने की इजरायल की गाजा में आपूर्ति सीमित करने की निंदा

**कैनबरा,** 26 मई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने गाजा में सहायता सीमित करने के इजरायल के फैसले की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया है। श्री अल्बानीस ने सोमवार को गाजा में जरूरतमंद लोगों को भोजन और आपूर्ति की नाकाबंदी को अपमानजनक बताया और कहा कि उन्होंने इजरायल सरकार को सीधे ऑस्ट्रेलिया की स्थिति से अवगत करा दिया है। उन्होंने कैनबरा में संवाददाताओं से कहा कि हमें इजरायल के बहाने और स्पष्टीकरण पूरी तरह से अस्वीकार्य और विश्वसनीयताहीन लगते हैं। लोग भूख से मर रहे हैं। यह विचार कि एक लोकतांत्रिक राष्ट्र आपूर्ति रोके रखता है, अपमानजनक है। यह मेरी स्पष्ट स्थिति है। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग ने मई की शुरुआत में जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन सहित 22 अन्य देशों के समकक्षों के साथ मिलकर इजरायल से गाजा में सहायता की तत्काल पूर्ण बहाली की अनुमति देने और संयुक्त राष्ट्र संगठनों को जीवन बचाने और पीड़ा को कम करने में सक्षम बनाने का आह्वान किया था।



## इथियोपिया में एमपॉक्स का पहला मामला आया सामने

**अदीस अबाबा,** 26 मई (एजेंसियां)। इथियोपिया में एमपॉक्स का पहला मामला सामने आया है। देश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को इसकी पुष्टि की।



इथियोपिया के स्वास्थ्य मंत्रालय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान ने एक संयुक्त बयान में कहा कि केन्या की सीमा के पास मोयाले शहर में 21 दिन के एक शिशु में एमपॉक्स की पुष्टि हुई है।

मंत्रालय ने कहा कि बाद में किए गए परीक्षण में भी पुष्टि हुई है कि बच्चे की मां भी वायरस से संक्रमित है। मंत्रालय ने कहा कि बच्चे और उसकी मां को क्वारंटीन में रखा गया है। मंत्रालय के अनुसार बच्चे और उसकी मां दोनों को अब तक कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं हुई है और वे फिलहाल स्थिर स्थिति में हैं।

मंत्रालय ने कहा कि संक्रमण के स्रोत का पता लगाने के लिए समन्वित प्रयास चल रहे हैं। अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (अफ्रीका सीडीसी) के अनुसार इथियोपिया एमपॉक्स मामले की रिपोर्ट करने वाला नवीनतम अफ्रीकी देश बन गया है तथा पिछले वर्ष की शुरुआत से महाद्वीप पर कुल प्रभावित देशों की संख्या अब 26 तक पहुंच गई है।

## मलेशिया में आसियान शिखर सम्मेलन शुरू

**कुआलालंपुर,** 26 मई (एजेंसियां)। मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) का 46वां शिखर सम्मेलन सोमवार को शुरू हुआ। सम्मेलन में क्षेत्रीय एकीकरण और व्यापार तथा आर्थिक व्यवधानों के विरुद्ध लचीलापन एजेंडे में शीर्ष पर रहा।

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने पूर्ण अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए आसियान सदस्यों से बदलती विश्व व्यवस्था द्वारा लाई गई चुनौतियों का सामना करने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सतत और न्यायसंगत विकास का एजेंडा दरकिनार न हो। उन्होंने कहा कि आसियान के लिए हमारी शांति, स्थिरता और समृद्धि अक्सर एक खुली, समावेशी, नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था पर निर्भर रही है जो व्यापार, पूंजी और लोगों के मुक्त प्रवाह पर आधारित है। इन आधारों को अब मनमानी कार्रवाई के बल पर खत्म किया जा रहा है। उन्होंने कहा, वास्तव में भू-राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव हो रहा है और हाल ही में अमेरिका द्वारा एकतरफा टैरिफ लगाए जाने के कारण वैश्विक व्यापार प्रणाली और भी दबाव में है। संरक्षणवाद फिर से उभर रहा है क्योंकि हम बहुपक्षवाद को टूटते हुए देख रहे हैं।




■ सम्मेलन में क्षेत्रीय एकीकरण, व्यापार तथा आर्थिक व्यवधानों के विरुद्ध लचीलापन एजेंडा शीर्ष पर

श्री अनवर ने समूह के मित्रवत भागीदारों के साथ सहयोग को मजबूत करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने पहले आसियान-चीन-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) शिखर सम्मेलन के महत्व को ध्यान में रखा जो क्षेत्र के सबसे बड़े आर्थिक भागीदार चीन और जीसीसी के साथ समूह को एक साथ लाता है।

### आज का इतिहास

1805-नेपोलियन बोनापार्ट इटली के सम्राट बने।
1894-ख्यातिप्राप्त आलोचक तथा निबन्धकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी का जन्म।
1896-जार निकोलस द्वितीय रुस के अंतिम सम्राट बने।
1931-प्रसिद्ध मलयाली कवि और गीतकार ओ. एन. वी. कुरुप का जन्म।
1935-डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पत्नी रमाबाई आम्बेडकर का निधन।
1937-अमरीका के सान फ्रांसिस्को में गोल्डन गेट नामक दुनिया के एक सबसे खूबरसूरत पुल का उद्घाटन हुआ।
1951-मुंबई में तारापोरवाला एक्वेरियम का उद्घाटन हुआ।
1954-हिन्दी के कवि, पत्रकार एवं पत्रकारिता के प्राध्यापक हेमन्त जोशी का जन्म।
1957-भारत के उद्योगपति और %भारतीय जनता पार्टी% के वरिष्ठ राजनेता नितिन गडकरी का जन्म।
1962-प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी एवं कमेंटेटर रवि शास्त्री का जन्म।
1964-भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के महान सेनानी एवं स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री (1947-1964) जवाहरलाल नेहरू का निधन।
1981-सोवियत संघ के पूर्वी कजाख क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया गया।
1994-नोबेल साहित्य पुरस्कार विजेता रूसी लेखक एलेक्ज़ेंडर सोल्केनित्सिन पश्चिम में 20 वर्ष का निर्वासन समाप्त कर स्वदेश लौटे।
1999-बोत्सवाना की सुन्दरी पुले क्वेलागोव वर्ष 1999 की मिस यूनिवर्स चुनी गयीं।
2000-फिजी में महेन्द्र चौधरी सरकार बर्खास्त, राष्टपति मारा ने प्रशासन सम्भाला।

**पहल** बैजयंत पांडा के नेतृत्व में बहरीन की सफल यात्रा के बाद कुवैत पहुंचा प्रतिनिधिमंडल

## आतंकवाद के खिलाफ व्यापक लड़ाई के बारे में दी जानकारी

**कुवैत सिटी, 26 मई (एजेंसियां)। बहरीन में अपनी सफल यात्रा पूरी करने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को कुवैत पहुंचा। यह दो दिवसीय यात्रा ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को रेखांकित करना है। कुवैत में भारत के राजदूत आदर्श स्वैका ने एयरपोर्ट पर बैजयंत पांडा के नेतृत्व में आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल कुवैत पहुंचा, जो आतंकवाद के खिलाफ भारत का दृढ़ संदेश लेकर आया है।**

■ भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को रेखांकित करना है उद्देश्य

इससे पहले कुवैत में भारतीय दूतावास ने एक अन्य एक्स पोस्ट में लिखा कि पहलगाम आतंकवादी हमला, ऑपरेशन सिंदूर, आतंक के खिलाफ लड़ाई, कभी मत भूलो कभी मत माफ करो। बहरीन में भारतीय दूतावास ने एक एक्स पोस्ट में लिखा कि बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बहरीन की अपनी सफल यात्रा पूरी की। भारत अपने मित्र बहरीन को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता व्यक्त करने के लिए धन्यवाद देता है। इस पोस्ट को भाजपा नेता पांडा ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भी साझा किया। बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में निशिकांत दुबे, फंगनन कोन्याक, रेखा शर्मा, असदुद्दीन ओवैसी, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व भारतीय राजनयिक हर्ष श्रृंगला शामिल हैं।



## कतर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति का किया समर्थन



**दोहा।** कतर के विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल अजीज बिन सालेह अल खुलैफी ने सोमवार को एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में यहां पहुंचे भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। इस दौरान पश्चिम एशियाई देश ने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद और ऑपरेशन सिंदूर के महत्व पर भारत के एकीकृत रुख की पुष्टि की।

### सुडोकू 6925

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 8 | | 3 | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| | 8 | 3 | | | | | | 4 |
| | 7 | | 1 | 8 | 6 | | | |
| | | 1 | | 7 | | 3 | | |
| | | | 2 | 3 | 5 | | 6 | |
| 8 | | | | | | 6 | 9 | |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| | 2 | | 6 | 1 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### वर्ग पहेली 6925

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | ■ |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. दुर्गा, लक्ष्मी
४.मन की ताकत
६. खारा, नमकीन
७. विक्षिप्त (उर्दू)
८. अंगड़ाई, बदला, प्रतिफल, दंड,कष्ट ,हानि (उर्दू)
१०. अन्यथा (उर्दू)
११. बांस की तिलियोंका बना परदा, (उर्दू)
१३. किसी गीत के मुखड़े के अतिरिक्त अन्य पद
१४. असंगत, अशिष्ट, भद्दा (उर्दू)
१५. मृतप्राय, जो मरने के निकट हो
१७. तनिक, थोड़ा, (उर्दू)
१९. रक्तपान करने वाला
२१. उचित, ठीक, जरूरी (उर्दू)
२२. संदेशवाहक (उर्दू)
२४. राजाओं का निवास

**ऊपर से नीचे:-**

१. साथ पढ़ने वाला
२. शुभ समय
३. पांडवों को जीवित जला देने के लिए बनाया गया लाख का महल
४. मदिरालय (उर्दू)
५. श्रेष्ठ, उत्तम
९. केसर (उर्दू)
११.चमड़े, मांस,चरबी के जलने से निकलने वाली दुर्गंध
१२. शराब
१३. अनुमान हाव-भाव (उर्दू)
१४. असमय (उर्दू)
१५. जिसका निवारण न किया जा सके अटल अत्यावश्यक
१६. कब्र, मज़ार (उर्दू)
१८. राई, सरसों
१९. दया, कृपा (उर्दू)
२०. शुरुआत
२३. रहस्य, भेद, गुप्त बात (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6924

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ उ | न्न | २ य | न | ■ | ■ | ३ अ | भि | ४ क | र्ता |
| पा | ■ | था | ■ | ५ ख | स | म | ■ | च्छ | ■ |
| ६ स | र्व | नि | यं | ता | ■ | ७ रा | ष्ट्र | प | ८ ति |
| ना | ■ | र्दि | ■ | ९ वा | क | ई | ■ | ■ | क |
| ■ | १० क | ष्ट | ११ क | र | ■ | ■ | १२ रो | क | ड़ |
| ■ | म | ■ | मा | ■ | १३ पा | ठ | क | ■ | म |
| १४ उ | ला | १५ ह | ना | ■ | व | ■ | १६ ना | १७ थ | ■ |
| प | ■ | म | ■ | १८ ता | क | १९ ना | ■ | री | ■ |
| २० यो | ज | ना | ■ | रि | ■ | २१ प | ह | ना | २२ वा |
| ग | ■ | २३ म | नो | का | म | ना | ■ | ■ | णी |

यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6925 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 | 4 | 5 |

### दुनिया को जानें

## शंघाई में शुरू होने जा रहा है दुनिया का सबसे बड़ा लेगोलैंड रिसॉर्ट

**शंघाई,** 26 मई (एजेंसियां)। दुनियाभर में बेहद लोकप्रिय लेगो टॉय ब्रांड पर आधारित लेगोलैंड चीन में शंघाई रिसॉर्ट दुनिया का सबसे बड़ा लेगोलैंड गंतव्य बनने जा रहा है। शंघाई रिसॉर्ट अपने अंतिम प्री-ओपनिंग चरण में प्रवेश कर चुका है और शनिवार से पार्क ट्रायल ऑपरेशन शुरू करेगा, जिसमें चुनिंदा मेहमानों को इसके आकर्षण, शो, रेस्तरां और होटल सुविधाओं का अनुभव करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। चरणबद्ध उद्घाटन का उद्देश्य 5 जुलाई को आधिकारिक लांच से पहले मेहमानों के अनुभव के सभी तत्वों को बेहतर बनाना है।

शंघाई के जिनशान जिले में स्थित यह रिसॉर्ट 318,000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है और इसे 2 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों वाले परिवारों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें 75 से अधिक इंटरैक्टिव राइड, शो और आकर्षण हैं साथ ही आठ थीम वाले क्षेत्रों में हजारों लेगो मॉडल भी हैं। इस सप्ताह एक आधिकारिक हैंडओवर समारोह के साथ परियोजना एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंच गई, जहां एक लेगो ईंट-निर्मित कुंजी परियोजना टीम से रिसॉर्ट की संचालन टीम और फिर बाल बच्चे पत्रकारों के एक समूह को सौंपी गई।

# खेल जगत

## राशिद खान की विकेट लेने की क्षमता कम हो रही है : अनिल कुंबले

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के मुताबिक गुजरात टाइटंस के लेग स्पिनर राशिद खान की विकेट लेने की क्षमता हाल में कम हुई है। इसकी वजह से टीम का गेंदबाजी विभाग कमजोर हुआ है। ईएसपीएनक्रिकइंफो से बात करते हुए अनिल कुंबले ने कहा, 'राशिद खान आईपीएल में अपने सबसे खराब सीजन से गुजर रहे हैं। सीजन के 14 मैचों में 53.66 की औसत और 9.47 की इकॉनमी रेट से वह केवल 9 विकेट ले सके हैं।' कुंबले ने कहा, जीटी के लिए शुरुआती 6 ओवरों में चीजें अच्छी नहीं रही, गेंदबाजी पर दबाव था। यहां राशिद खान से उम्मीद की जाती है कि वे आएंगे और विकेट लेंगे। लेकिन, उनकी विकेट लेने की क्षमता गायब है। वे संघर्ष कर रहे हैं। आरसीबी की कप्तानी के साथ-साथ पंजाब किंग्स के हेड कोच रह चुके कुंबले ने कहा, 'शुभमन गिल की कप्तानी वाली जीटी को अब शांत रहने और ध्यान केंद्रित रखने की जरूरत है।




# आरसीबी को शीर्ष दो की होड़ में बने रहने के लिए लखनऊ से आखिरी मैच जीतना ही होगा




■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 26 मई (देशबन्धु)। अपने पिछले मैच में विराट कोहली (43 रन, 25 गेद,एक छक्का, सात चौके) और फिल साल्ट (62 रन, 32 गेंद, पांच छक्के, चार चौके) की सात ओवर में 80 रन की तूफानी शुरुआत के बाद राह भटक सनराइजर्स हैदराबाद से लखनऊ में 42 रन से हारने वाली प्ले ऑफ के लिए पहले ही क्वॉलिफाई कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) 13 मैचों से 2025 आईपीएल में 17 अंक पर अटक गई। आरसीबी के लिए शीर्ष दो में पहुंचने के लिए अब प्ले ऑफ की होड़ से बाहर चुकी लखनऊ सुपर जायंटस (एलएसजी) से मौजूदा संस्करण के आखिरी लीग मैच में लखनऊ में मंगलवार को अपना 14वां आखिरी लीग मैच हर हाल में जीतना होगा। मिचेल मार्श के तूफानी शतक और निकोलस पूरन के अर्द्धशतक तथा न्यूजीलैड के तेज गेंदबाज विल ओ' रुक के चटकाए तीन तथा आवेश खान और ऑफ स्पिनर आयुष बड़ोनी के दो दो विकेट की बदौलत लगातार चार मैच हारने वाली सातवें स्थान पर लखनऊ सुपर जायंटस ने सबसे पहले प्ले ऑफ में पहुंचने वाली गुजरात टाइटंस को 33 रन से हराया था। सबसे पहले प्ले ऑफ के लिए क्वॉलिफाई करने वाली तीनों टीमों -गुजरात टाइटंस (14 मैच, 18 अंक) अपने पिछले लगातार दो तथा आरसीबी और पंजाब किंग्स अपना अपना 13 वां मैच हार गई और इससे एकबारगी शीर्ष दो की लड़ाई फिर दिलचस्प हो गई।



आरसीबी के लिए अच्छी खबर है कि उसके लिए दस मैचों में सबसे ज्यादा 18 विकेट चटकाने वाले कंधे की चोट के चलते सरहद पर पाकिस्तान की आतंकी गतिविधि के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के चलते आईपीएल के एक हफ्ते के लिए स्थगित होने पर ऑस्ट्रेलिया लौटने के बाद अब वापस उससे जुड़ गए हैं। बेशक आरसीबी की बल्लेबाजी मौजूदा संस्करण में सबसे ज्यादा सात अर्द्धशतक जड़ने वाले विराट कोहली और उनके सलामी जोड़ीदार फिल साल्ट पर निर्भर करेगी। अभी हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके विराट कोहली ने मौजूदा संस्करण में सबसे ज्यादा सात अर्द्धशतक सहित आरसीबी के लिए 548 रन और उनके सलामी जोड़ीर फिल साल्ट ने दस मैचों में तीन अर्द्धशतक सहित 301 रन बनाए हैं। वहीं आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने दो अर्द्धशतक सहित 257 रन, टिम डेविड ने 12 मैचो में एक अर्द्धशतक सहित 187 रन, क्रुणाल पांडया ने एक अर्द्धशतक सहित 105 रन बनाए हैं। विराट कोहली खासतौर पर लखनऊ सुपर जायंटस के बाएं हाथ के स्पिनर क्र्णाल पांडया और मिस्ट्री स्पिनर दिग्वेश राठी से चौकस रहना होगा। लखनऊ सुपर जायंटस के लिए बाएं हाथ के स्पिनर कुणाल पांडया ने 12 मैचों में 15 विकेट, लेग स्पिनर दिग्वेश राठी ने 12 मैचों में 14 और इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में पांच टेस्ट की सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुने गए अपने कप्तान ऋषभ पंत के साथ 18 सदस्यीय टीम में चुने तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर ने 10 मैचों से 13 विकेट, तेज गेंदबाज आवेश खान ने 12 मैचों में 12 विकट , लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने 11 मेचों में 9 विकेट, आकाशदीप ने 6 मेचो मे तीन विकेट चटकाए हैं। भारत की टेस्ट टीम में वापस स्थान पाकर बेशक शार्दूल ठाकुर और आकाशदीप जरूर बड़े जिगरे से गेंदबाजी कर खासतौर पर आरसीबी के शीर्ष क्रम में विराट कोहली और साल्ट को सस्ते में आउट कर उसका शीर्ष दो पहुंचने का सपना तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## प्लेऑफ से पहले आरसीबी की टीम से जुड़े ब्लेसिंग मुजरबानी

नई दिल्ली। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी आईपीएल 2025 प्लेऑफ मुकाबलों से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम का हिस्सा बन चुके हैं। मुजरबानी को आरसीबी ने लुंगी एनगिडी के अस्थायी रिप्लेसमेंट के रूप में साइन किया था। एनगिडी दक्षिण अफ्रीकी पेसर हैं जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले अपनी तैयारियों के लिए प्रोटियाज टीम में शामिल होने के लिए रवाना होंगे। जिम्बाब्वे के मुजरबानी को आरसीबी ने 75 लाख रुपये में साइन किया है। मुजरबानी शनिवार को ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ जिम्बाब्वे के ऐतिहासिक टेस्ट का हिस्सा थे, जिसे मेहमान टीम ने एक पारी और 75 रन से गंवा दिया था। इस मैच में मुजरबानी 3-143 के आंकड़ों के साथ टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। 28 वर्षीय यह खिलाड़ी मंगलवार को लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आरसीबी के अंतिम लीग चरण के खेल के लिए उपलब्ध रहेगा। उन्होंने अब तक जिम्बाब्वे के लिए 70 टी20 मैच खेले हैं और 78 विकेट लिए हैं।

### जूनियर शूटिंग विश्व कप

## तेजस्विनी के 25 मीटर पिस्टल गोल्ड ने भारत को टॉप स्थान दिलाया

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। भारत की तेजस्विनी ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व कप के अंतिम दिन स्वर्ण पदक जीत लिया। यह प्रतियोगिता जर्मनी के सुहल शहर में हुई थी। तेजस्विनी की इस जीत की बदौलत भारत पदक तालिका में चीन जैसे देशों को पीछे छोड़ते हुए पहले स्थान पर रहा।



■ 20 वर्षीय तेजस्विनी का यह पहला व्यक्तिगत विश्व कप पदक

हरियाणा की 20 वर्षीय तेजस्विनी का यह पहला व्यक्तिगत विश्व कप पदक है। भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल 11 पदक जीते – 3 स्वर्ण, 4 रजत और 4 कांस्य। चीन ने भी 3 स्वर्ण पदक जीते, लेकिन उनके पास भारत से केवल एक अतिरिक्त कांस्य पदक था। फाइनल में तेजस्विनी ने कुल 31 अंक हासिल किए। दूसरे स्थान पर रही एलिना नेस्टियारोविच ने रजत और हंगरी की 23 वर्षीय मिरियम जाको ने कांस्य पदक जीता।

तेजस्विनी का यह यादगार प्रयास था, जिन्होंने दिन की शुरुआत ग्रिड पर 24वें स्थान से की, जबकि क्वालिफिकेशन के पहले दिन संभावित 300 में से 282 अंक प्राप्त किए थे। आज दूसरे रैपिड-फायर राउंड में उन्होंने 293 का शानदार स्कोर बनाया, जिससे उनका कुल स्कोर 575 रहा। 50 खिलाड़ियों की सूची में वे टॉप 8 में जगह बनाने वाली अकेली भारतीय रहीं। रिया शिरीष थत्ते, जो पहले दिन सबसे आगे थीं, उन्होंने आखिरी रैपिड-फायर राउंड में 92 अंक बनाए और कुल 569 अंकों के साथ सिर्फ 4 अंकों से फाइनल में जगह नहीं बना पाईं। जबकि दो बार की जूनियर यूरोपीय चैंपियन मिरियम ने आठवां स्थान हासिल किया। फाइनल में जब 10 राउंड की रैपिड-फायर शूटिंग शुरू हुई, तो तेजस्विनी ने लगातार दो बार चार अंक बनाकर अच्छी शुरुआत की। उनके साथ चीनी खिलाड़ी झाओ ताओताओ भी अच्छा कर रही थीं, लेकिन पांचवें राउंड में तेजस्विनी ने फिर चार अंक बनाए जबकि झाओ सिर्फ एक ही अंक बना सकीं, जिससे उनका मुकाबला वहीं खत्म हो गया। इसके बाद भी तेजस्विनी ने बहुत शांति और सटीकता से हर चुनौती को पीछे छोड़ते हुए जीत हासिल की।

### पीकेएल 12 की नीलामी से पहले सुनील कुमार ने कहा

# 'टीम को अनुभवी और युवा दोनों खिलाड़ियों की जरूरत'

मुंबई, 26 मई (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के लिए 31 मई और 1 जून को नीलामी होने जा रही है। यू मुंबा के कप्तान सुनील कुमार इसके लिए तैयार हैं और उनका मानना है कि यह अब तक की सबसे प्रतियोगी नीलामी में एक होगी, जिसमें जबरदस्त बीडिंग वॉर देखने के लिए मिलेगा।

अनुभवी डिफेंडर ने सात साल के सूखे बाद सीजन 11 में अपनी टीम को प्लेऑफ के लिए पहुंचाया था। उनको उम्मीद है कि आने वाली सीजन में उनके पास एक मजबूत टीम होगी। कुमार टीम की तैयारी की रणनीति पर विचार करते हुए कहते हैं, 'मैं नीलामी को लेकर आशान्वित हूं। टीम प्रबंधन ने एक योजना बनाई है, और हम उससे आगे बढ़ेंगे। हमें उम्मीद है कि हमें एक अच्छी टीम मिलेगी।'

सीजन 11 में यू मुंबा का फिर से उभार शानदार रहा। फ्रेंचाइजी ने 2019 के बाद से अपना पहला प्लेऑफ बर्थ सुरक्षित किया, 12 गेम जीते जो सीजन 7 के बाद से उनका सबसे ज़्यादा रहा। यू मुंबा की टीम का बाद के चरणों तक का सफर अनुभवी नेतृत्व और उभरती हुई प्रतिभा की नींव पर बना था। सुनील कुमार




■ 12वें सीजन के लिए 31 मई और 1 जून को नीलामी होने जा रही

इस फ़ॉर्मूले को आगामी नीलामी में महत्वपूर्ण मानते हैं।

कुमार ने बताया, 'अगर आप एक अच्छी टीम बनाना चाहते हैं, तो आपको अनुभवी और युवा दोनों खिलाड़ियों की जरूरत है। अनुभवी खिलाड़ी अपने ज्ञान से टीम को आगे बढ़ने में मदद करते हैं, जबकि युवा खिलाड़ी खेल के प्रति अपने जुनून और फिटनेस के साथ आते हैं। जब दोनों चीजें तालमेल के साथ काम करती हैं, तो टीम आगे बढ़ती है।'

# टूर्नामेंट का पहला संस्करण 7 से 20 जून तक राजकोट में खेला जाएगा

राजकोट, 26 मई (एजेंसियां)। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) ने 'सौराष्ट्र प्रो टी20 लीग' (एसपीटीएल) की शुरुआत की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह एक फ्रेंचाइजी आधारित टी20 टूर्नामेंट होगा, जिसका मकसद सौराष्ट्र क्षेत्र के बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ियों को एक मंच देना है। इस टूर्नामेंट का पहला संस्करण 7 जून से 20 जून तक राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेला जाएगा।



■ इस टूर्नामेंट में पांच टीमें हिस्सा लेंगी

■ खिलाड़ियों का चयन आज 'प्लेयर्स ड्राफ्ट' के जरिए किया जाएगा

सौराष्ट्र प्रो टी-20 लीग

इसकी घोषणा सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। एससीए के अध्यक्ष जयदेव शाह ने इस अवसर पर टूर्नामेंट की जानकारी दी। उनके साथ एससीए के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे -सचिव हिमांशु शाह, कोषाध्यक्ष श्याम रायचूरा, संयुक्त सचिव करण शाह और एसपीटीएल के चेयरमैन जयवीर शाह।

इस टूर्नामेंट में पांच टीमें हिस्सा लेंगी: अनमोल किंग्स हालार, आर्यन सौरठ लायंस, डिटा गोहिलवाड़ टाइटंस, झालावाड़ स्ट्राइकर्स, जेएमडी कच्छ राइडर्स टीमों के खिलाड़ियों का चयन 27 मई को 'प्लेयर्स ड्राफ्ट' के जरिए किया जाएगा, जिसमें लगभग 125 खिलाड़ी तीन श्रेणियों में शामिल होंगे।

कोच और सपोर्ट स्टाफ सभी एससीए से ही चुने जाएंगे। इसके अलावा कुछ राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय पूर्व खिलाड़ी मेंटर की भूमिका में हो सकते हैं। एससीए ने इस टूर्नामेंट के संचालन के लिए 'अरिवा स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' के साथ साझेदारी की है, जो पहले बंगाल प्रो टी20 लीग का प्रबंधन कर चुकी है। एससीए का उद्देश्य इस लीग के माध्यम से क्षेत्र में पेशेवर क्रिकेट को बढ़ावा देना है, जिससे नए खिलाड़ी आगे चलकर आईपीएल या भारतीय टीम तक पहुंच बना सकें।

**ये टीमें हिस्सा लेंगी**

- अनमोल किंग्स हालार
- आर्यन सौरठ लायंस
- डिटा गोहिलवाड़ टाइटंस
- झालावाड़ स्ट्राइकर्स
- जेएमडी कच्छ राइडर्स

### सार संक्षेप

## धोनी के अंदर अभी भी जोश और फिर से खिताब जीतने की चाहत बाकी: रॉबिन उथप्पा

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज एमएस धोनी अब भी टीम के लिए खेलना चाहते हैं। उनके अंदर अभी भी एक और खिताब जीतने की चाह बाकी है। हालांकि सीएसके ने आईपीएल 2̀25 का अंत अपने आखिरी लीग मैच में शानदार जीत के साथ किया, लेकिन 43 वर्षीय धोनी इस सीजन में पहले जैसी फॉर्म में नजर नहीं आए। उन्होंने 14 मैचों में 24.5 की औसत से 196 रन बनाए। 135.17 के उनके स्ट्राइक रेट ने पिछले सीजन में उनके द्वारा दर्ज किए गए 22.55 के विस्फोटक स्ट्राइक रेट से काफी गिरावट दर्ज की। उथप्पा ने जियो हॉटस्टार पर कहा, 'सब कुछ इस पर निर्भर करता है कि धोनी का शरीर कैसा महसूस करता है। आपको यह समझना होगा कि वह वास्तव में खेलना चाहते हैं - उनमें अभी भी जोश है। उन्होंने मैच के बाद जो बातें कहीं, उनसे साफ है कि वे अब भी मैदान पर उतरना और खिताब जीतना चाहते हैं। अब वे अपने शरीर पर मेहनत करेंगे ताकि अगली आईपीएल के लिए तैयार हो सकें। अगर शरीर साथ नहीं देगा, तो वे मिनी ऑक्शन से पहले संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। नहीं तो सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट के जरिए इशारा मिलेगा।'

## हर्ष दुबे चालाक गेंदबाज, उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं : डेनियल विटोरी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2̀25 के प्लेऑफ की रेस से बाहर सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने अपने अंतिम लीग मैच में जीत हासिल कर टूर्नामेंट के सफर का शानदार अंत किया। इस मैच में ऑलराउंडर हर्ष दुबे के प्रदर्शन से मुख्य कोच डेनियल विटोरी काफी प्रभावित हुए। न्यूजीलैंड के इस पूर्व दिग्गज क्रिकेटर ने युवा खिलाड़ी को 'बहुत ही चालाक गेंदबाज' बताया। अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स पर हैदराबाद ने 11̀ रनों की बड़ी जीत दर्ज की। जिसमें दुबे ने अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह को आउट किया और अपने चार ओवरों में उन्होंने 34 रन देकर तीन विकेट लिए।

# ओलंपिक का कभी सपना नहीं देखा था, बस परिवार की मदद के लिए नौकरी करना चाहती थी : पैरालिंपियन सिमरन

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। पैरालिंपियन सिमरन शर्मा ने विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने तक की अपनी चुनौतीपूर्ण यात्रा के बारे में बताया। सिमरन का जन्म समय से पहले हुआ था। किसी ने उनसे जीवन में इतना आगे निकलने की अपेक्षा नहीं की थी। सिमरन ने अपनी लड़ाई के बारे में बताया जिसमें धैर्य और दृढ़ संकल्प की झलक मिलती है। ट्रैक पर उनका सफर आम नहीं था, हर कदम पर चुनौतियों से भरा था, जो उनके जन्म से ही शुरू हो गई थी।

सिमरन ने गगन नारंग स्पोर्ट्स फाउंडेशन की पहल हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट में याद किया, 'डॉक्टरों ने कहा कि मैं बच नहीं पाऊंगी, और तब कोई भी बहुत परेशान नहीं था। यह समय से पहले की बात थी, और मैं एक लड़की थी। लेकिन मेरे पिता ने मुझे जीवित रखने का फैसला किया। मैं मशीनों के बिना जीवित रही, लेकिन कई समस्याओं के साथ। मेरी आंखें कमजोर थी, कमजोर मांसपेशियों और शरीर के साथ मैं बड़ी हुई। मैंने कभी ओलंपिक के बारे में सपना भी नहीं देखा था। बस अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए एक छोटी सी नौकरी की उम्मीद थी।' लेकिन शादी के बाद सब कुछ बदल गया। उनके पति और कोच गजेंद्र सिंह ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। 2024 पेरिस पैरालिंपिक कांस्य पदक विजेता ने बताया, 'उन्होंने मुझे कभी घर का काम नहीं करने दिया। उन्होंने कहा कि बस अच्छा खाना खाओ और ट्रेनिंग करो। उन्होंने सुनिश्चित किया कि मैं घूंघट न पहनूं, हमारे गांव की बाकी महिलाओं पर जिस तरह के प्रतिबंध थोपे जाते रहे हैं, वह मैं खुद पर लागू न करूं। उनका एक ही लक्ष्य था – ओलंपिक'



मैंने कभी ओलंपिक के बारे में सपना भी नहीं देखा था। बस अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए एक छोटी सी नौकरी की उम्मीद थी।' लेकिन शादी के बाद सब कुछ बदल गया। उनके पति और कोच गजेंद्र सिंह ने उनकी प्रतिभा को पहचाना: सिमरन

सेना के जवान गजेंद्र ने याद किया, 'ऐसे दिन भी थे जब मैंने उसे इतनी कड़ी ट्रेनिंग दी कि वह जमीन पर उल्टी कर देती थी। मेरी मां ने उसे एक बार देखा और मुझसे पूछा, 'क्या तुम उसे मारने की कोशिश कर रहे हो?' लेकिन मुझे पता था कि उसे उस स्तर तक पहुंचने के लिए क्या चाहिए। मैं रसोई में घंटों बिताता था, उसके आहार पर काम करता था और मैदान पर उसे व्यवस्थित तरीके से ट्रेनिंग देता था।' शारीरिक कठिनाइयों के साथ-साथ मानसिक संघर्ष भी कम नहीं थे। 2019 की वर्ल्ड चैंपियनशिप के समय सिमरन के पिता वेंटिलेटर पर थे और उनके पति कर्ज में डूबे हुए थे, क्योंकि उन्होंने सारा पैसा सिमरन की ट्रेनिंग में लगा दिया था।

सिमरन ने बताया, 'पापा की एक दवा 150 रुपए की थी, और हमारे पास पैसे नहीं थे। लोग मेरे पति को दोष देते थे कि वह मेरा साथ क्यों दे रहा है। मैं टूट गई थी। लगा कि शायद अगर मैं ही नहीं रहूं, तो सारी परेशानियां भी खत्म हो जाएँगी। मैंने आत्महत्या की कोशिश की।' लेकिन एक बार फिर उनके पति ने उन्हें संभाला।

# पंजाब किंग्स को करना होगा अपनी डेथ बॉलिंग पर काम : मांजरेकर

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले एक अहम मुकाबले से पहले, पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को अपनी डेथ ओवर की गेंदबाजी पर खास ध्यान देना होगा। पंजाब किंग्स 11 साल बाद आईपीएल प्लेऑफ में पहुंची है और अगर सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में वे मुंबई इंडियंस को हरा देते हैं, तो वे अंकतालिका में टॉप-2 में जगह बनाने वाली पहली टीम बन जाएँगे। हालांकि, टीम पिछला मैच दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार गई, जहां वे 206 रन का स्कोर भी नहीं बचा पाए।



■ आईपीएल 2025: मांजरेकर ने कहा, पंजाब किंग्स को करना होगा अपनी डेथ बॉलिंग पर काम

टीम की चिंता इस बात को लेकर भी है कि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल चोट के कारण टीम से बाहर हैं। पंजाब किंग्स की बल्लेबाज़ी तो अच्छी लग रही है, लेकिन गेंदबाजी अभी भी चिंता का विषय है।' मांजरेकर ने जियोहॉटस्टार पर कहा, 'उम्मीद है चहल जल्दी फिट हो जाएँ। जब आप उमरजई से 18वां ओवर और स्टॉइनिस से 20वां ओवर करवा रहे हैं, तो करीबी मैचों में हार की संभावना बढ़ जाती है। यही वह पहलू है जिस पर टीम को मेहनत करनी होगी।'

शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चहल की गैरमौजूदगी में, बाएं हाथ के युवा स्पिनर हरप्रीत बरार ने दो विकेट लिए (2/41), लेकिन वह जीत दिलाने के लिए काफी नहीं थे। इस सीजन में अब तक बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 13 मैचों में 8.70 की इकॉनमी रेट से सबसे ज्यादा 16 विकेट लिए हैं। चहल और मार्को यान्सन के नाम 14-14 विकेट हैं, जबकि बरार ने अब तक 9 विकेट लिए हैं। दिल्ली से हार के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने माना कि उनकी टीम ने जरूरत से ज्यादा बाउंसर गेंदें फेंकी और अपनी योजना ठीक से लागू नहीं कर पाई।

# प्रो लीग के जरिए भारत के पास विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का अच्छा मौका : हार्दिक सिंह

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 (पुरुष वर्ग) के यूरोपीय चरण की शुरुआत करते हुए भारतीय टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर मजबूती से बनी हुई है। टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतकर खत्म करना बहुत जरूरी है।

हार्दिक ने कहा, 'हमने टीम में इस पर बात की है और सब मानते हैं कि अगर हम अपनी योजना पर टिके रहें, ज़्यादा से ज़्यादा अंक जुटाएं, और मैच जीतने की कोशिश करें, यहां तक कि ड्रॉ और शूटआउट से भी अंक लें तो हमारे पास प्रो लीग के माध्यम से वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने का शानदार मौका है।' उन्होंने आगे समझाया, 'बेल्जियम (वर्तमान में नंबर 2 रैंक) और नीदरलैंड्स (भारत से एक रैंक पीछे नंबर 4 पर) 2026 के पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप की सह-मेजबानी कर रहे हैं, इसलिए वे सीधे क्वालीफाई कर चुके हैं। अब मुख्य मुकाबला इंग्लैंड, जर्मनी और स्पेन से है। इसके अलावा अर्जेंटीना के खिलाफ हमारे मैच भी बहुत अहम होंगे। यह हमारे लिए एक अच्छा अवसर है और अगर हम जल्दी क्वालीफाई कर लें, तो वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए हमारे पास ज्यादा समय रहेगा।' फिलहाल ऑस्ट्रेलिया पिछले संस्करण की विजेता होने के कारण वर्ल्ड कप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है। ऑस्ट्रेलिया प्रो लीग में छठे नंबर पर है। बेल्जियम और नीदरलैंड्स मेजबान होने के नाते पहले से क्वालीफाई हैं। जर्मनी, जो इस समय पांचवें स्थान पर है, उसके अभी छह मैच बचे हैं, और वह भारत की राह में चुनौती बन सकता है।




इस बीच, भारतीय टीम ने बेंगलुरु के साई सेंटर में पिछले तीन हफ्तों में कड़ी मेहनत की है। अभ्यास सत्रों से साफ है कि खिलाड़ी मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तैयारी कर रहे हैं। हार्दिक मुस्कराते हुए कहते हैं, 'हमारे अभ्यास सत्र काफी कठोर रहे हैं। फिटनेस और ताकत को लेकर हमने काफी मेहनत की है। कोच और हमारे वैज्ञानिक सलाहकार एलेन ने हमें पूरी तरह पसीना बहाने पर मजबूर किया। हम लगातार मैच खेलने वाले हैं, हमारे पास आराम के लिए ज़्यादा समय नहीं होगा। जो थोड़ा-बहुत समय मिलेगा, उसमें हमें एक देश से दूसरे देश की यात्रा करनी है।'

भारत अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत 7 और 9 जून को नीदरलैंड के खिलाफ लगातार दो मैचों के साथ करेगा, उसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटेलवीन के वैगनर स्टेडियम में अर्जेंटीना के खिलाफ डबल-हेडर होगा। फिर टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से एंटवर्प में खेलेगी और अंत में 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ अपने मैच खेलेगी।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 14 | 9 | 5 | 18 | +0.254 |
| 2- | पंजाब किंग्स | 13 | 8 | 4 | 17 | +0.327 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 13 | 8 | 4 | 17 | +0.255 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 13 | 8 | 5 | 16 | +1.292 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 14 | 7 | 6 | 15 | - 0.011 |
| 6- | सनराइजर्स हैदराबाद | 14 | 6 | 7 | 13 | -0.241 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 13 | 6 | 7 | 12 | - 0-337 |
| 8- | कोलकाता नाइट राइडर | 14 | 5 | 7 | 12 | +0.305 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 14 | 4 | 10 | 8 | -0.549 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 14 | 4 | 10 | 8 | -0.647 |

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.17 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.65 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.53 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.52 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.49 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटरनल | 4.51 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 0.47 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.45 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.45 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.32 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 96,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 97,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.37 | 89.71 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.02 | 121.84 |
| यूरो | 88.24 | 102.34 |
| चीन युआन | 8.38 | 13.6 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7650-7750 |
| उड़द दाल | 9250-9350 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।




## महंगाई दर कम होने से लोगों के क्रय शक्ति में होगा सुधार : एचएसबीसी

- बारिश अनुकूल होने की संभावना से खाद्य मुद्रास्फीति कम रहने का अनुमान
- वित्त वर्ष 2025 की मार्च तिमाही पहले की तुलना में बेहतर रही

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। एचएसबीसी रिसर्च की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि बचे हुए वर्ष के लिए महंगाई दर कम होने से भारत में परिवारों की वास्तविक क्रय शक्ति में सुधार होगा और कॉर्पोरेट्स के लिए इनपुट लागत कम होगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कम स्पष्ट, लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण लाभ राजकोषीय वित्त के माध्यम से हो सकता है। शेष वर्ष को अगले छह महीनों के लिए लगभग 2.5 प्रतिशत की कम मुद्रास्फीति से समर्थन मिलने की संभावना है।

सार्वजनिक अन्न भंडारों में स्टॉक होने और मानसून की बारिश अनुकूल होने की संभावना के साथ, खाद्य मुद्रास्फीति कम रहने की संभावना है। देश के लिए अपने 100 इंडीकेटर्स डेटाबेस को अपडेट करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि कम कमोडिटी कीमतों, धीमी वृद्धि, मजबूत रुपया (अमेरिकी डॉलर के मुकाबले) और चीन से आयातित अवस्फीति के कारण कोर मुद्रास्फीति भी सीमित दायरे में रहने की संभावना है। ये संकेतक विभिन्न क्षेत्रों को दर्शाते हैं और विकास की



एक विस्तृत तस्वीर पेश करते हैं। वित्त वर्ष 2026 के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य पर बजट से कम नॉमिनल जीडीपी वृद्धि, प्रत्यक्ष कर उछाल और उच्च रक्षा व्यय से कुछ दबाव हैं। एचएसबीसी रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि, कुछ ऑफसेटिंग कारक विशेष रूप से बजट से अधिक आरबीआई लाभांश (2.7 ट्रिलियन रुपए) भी मौजूद हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार के पास तेल उत्पाद शुल्क बढ़ाकर वैश्विक तेल कीमतों में गिरावट का कुछ हिस्सा अपने पास रखने का विकल्प है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति पहले से ही कम है। हमारा अनुमान है कि अगर सरकार पंप कीमतों को कम करने के बजाय ऑयल 'बाउंटी' का आधा हिस्सा रख लेती है, तो यह न केवल राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पूरा करेगा, बल्कि विकास समर्थन के लिए कुछ अतिरिक्त फंड भी उपलब्ध करवाएगा।

वित्त वर्ष 2025 की मार्च तिमाही पहले की तुलना में एक पायदान बेहतर रही, जिसमें पिछली दो तिमाहियों में 64 प्रतिशत और 61 प्रतिशत के मुकाबले 66 प्रतिशत संकेतक सकारात्मक रूप से बढ़े।

### भारत के पीसी बाजार ने की 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली।** भारत के पारंपरिक पीसी बाजार (डेस्कटॉप, नोटबुक और वर्कस्टेशन) में 2025 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें 3.3 मिलियन यूनिट शिप किए गए हैं। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) के आंकड़ों के अनुसार, यह भारत के पीसी बाजार के लिए लगातार सातवीं तिमाही में वृद्धि को दर्शाता है। नोटबुक में 13.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि वर्कस्टेशन में 30.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जनवरी-मार्च तिमाही में प्रीमियम नोटबुक शिपमेंट (1,000 डॉलर और उससे अधिक) में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि लोअर बेस के कारण 185.1 प्रतिशत की वृद्धि देखने के बावजूद एआई नोटबुक का मूल्यांकन जारी है। गणतंत्र दिवस की बिक्री और मार्च में विभिन्न श्रेणियों में भारी शिपमेंट के कारण कंज्यूमर सेगमेंट में सालाना आधार पर 2025 की पहली तिमाही में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## नीति आयोग ने मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए छह-सूत्री रोडमैप किया जारी

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। नीति आयोग ने सोमवार को एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें भारत के मध्यम उद्यमों को अर्थव्यवस्था के भविष्य के विकास इंजन में बदलने के लिए एक व्यापक छह-सूत्री रोडमैप पेश किया गया है।




रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि मध्यम उद्यम देश के एमएसएमई का मात्र 0.3 प्रतिशत हिस्सा हैं, लेकिन इस क्षेत्र के निर्यात में इनका योगदान 40 प्रतिशत है। मध्यम उद्यमों की पूरी क्षमता को अनलॉक करने के लिए लक्षित हस्तक्षेपों की रूपरेखा तैयार की गई है। रिपोर्ट एमएसएमई क्षेत्र में संरचनात्मक विषमता पर गहराई से चर्चा करती है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 29 प्रतिशत और निर्यात में 40 प्रतिशत का योगदान देता है। साथ ही 60 प्रतिशत से अधिक वर्कफोर्स को रोजगार देता है। इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, इस क्षेत्र की संरचना असमान रूप से भारित है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रजिस्टर्ड एमएसएमई में से 97 प्रतिशत माइक्रो एंटरप्राइज हैं, 2.7 प्रतिशत स्मॉल और केवल 0.3 प्रतिशत मध्यम उद्यम हैं। रिपोर्ट में मध्यम उद्यमों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों को रेखांकित किया गया है, जिसमें अनुकूलित वित्तीय उत्पादों तक सीमित पहुंच, एडवांस तकनीकों को सीमित रूप से अपनाना, अपर्याप्त आरएंडडी सपोर्ट, सेक्टोरल टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा उद्यम आवश्यकताओं के बीच बेमेल शामिल हैं। ये सीमाएं उनके पैमाने और इनोवेशन की क्षमता में बाधा डालती हैं।

इन मुद्दों को संबोधित करने के लिए, रिपोर्ट में छह प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में लक्षित हस्तक्षेपों के साथ एक व्यापक नीति की रूपरेखा दी गई है।

इनमें उद्यम टर्नओवर से जुड़ी एक वर्किंग कैपिटल फाइनेंसिंग स्कीम की शुरूआत, बाजार दरों पर 5 करोड़ रुपए के क्रेडिट कार्ड की सुविधा और एमएसएमई मंत्रालय की देखरेख में रिटेल बैंकों के माध्यम से त्वरित निधि वितरण तंत्र शामिल हैं।

## सोने की कीमतों में तेजी जारी



- 96 हजार रुपए के करीब पहुंचा भाव

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में तेजी का ट्रेंड जारी है। सोमवार को 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 96,000 रुपए के करीब और चांदी की कीमत 97,000 रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गई।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की ओर से शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 24 कैरेट सोने का दाम 342 रुपए बढ़कर 95,813 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं, 22 कैरेट सोने का भाव बढ़कर 87,765 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 18 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 71,860 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। चांदी की कीमत 488 रुपए बढ़कर 97,397 रुपए प्रति किलो हो गई है। आईबीजेए की ओर दिन में दो बार हाजिर बाजार की सोने और चांदी की कीमतें जारी की जाती है। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतीन त्रिवेदी ने कहा कि आने वाले सत्रों में सोने के 95,000 से 96,500 रुपए के बीच में कारोबार करने की उम्मीद है। अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग और सेवा पीएमआई आंकड़ों के साथ-साथ नए घरों की बिक्री के आंकड़ों सहित प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर निवेशकों की कड़ी नजर रहेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई।

## वर्ष 2025 में वैश्विक क्षमता केंद्रों के लिए फ्रेशर्स की नियुक्ति में सबसे आगे रहेगा बेंगलुरु

- 17 प्रतिशत कंपनियों ने 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का अनुमान लगाया

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) सेक्टर में फ्रेशर्स की नियुक्ति के लिए बेंगलुरु सबसे अधिक आशावादी बना हुआ है, जहां 17 प्रतिशत कंपनियों ने 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जो 2025 में दूसरे शहरों की तुलना में ज्यादा एग्रेसिव हायरिंग अप्रोच का संकेत देता है। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।

एनएलबी सर्विसेज के अनुसार, पिछले साल की तुलना में, 2025 में अब तक आईटी सेक्टर में नियुक्ति में सालाना आधार पर 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। एनएलबी सर्विसेज के सीईओ सचिन अलुग ने कहा कि उद्योग की उभरती मांगों की प्रतिक्रिया के रूप में भारतीय कॉर्पोरेट जगत का




फोकस एंट्री लेवल टैलेंट पर बना हुआ है, जो कि ऑटोमेशन, साइबर-सिक्योरिटी, क्लाउड ट्रांसफॉर्मेशन में प्रगति की वजह से देखा जा रहा है। कंपनियां न केवल रिक्त स्थानों के लिए भर्ती कर रही हैं, बल्कि फ्रेशर्स पर निवेश भी कर रही हैं ताकि वे फ्यूचर-रेडी वर्कफोर्स को तैयार कर सकें।

सेक्टर में आईटी-हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर ने बढ़त हासिल की है, जो 2024 में 17 प्रतिशत से लगभग दोगुना होकर 2025 में 34 प्रतिशत हो गया, इसके बाद एफएमसीजी ने 16 प्रतिशत, बीमा ने 15 प्रतिशत और फार्मा ने 11 प्रतिशत बढ़त हासिल की है। आईटी सेक्टर में प्रवेश करने वाले फ्रेशर्स अपने स्किल सेट और रोल के आधार पर 3.5 लाख रुपए से 8 लाख रुपए प्रति वर्ष तक के वेतन पैकेज की उम्मीद कर सकते हैं।

उदाहरण के लिए, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स आमतौर पर 2.8 लाख रुपए से 8.2 लाख रुपए प्रति वर्ष कमाते हैं। वेब डेवलपर्स का वेतन फ्रेशर्स के लिए 2 लाख रुपए से 8 लाख रुपए प्रति वर्ष तक है।


## व्यापार तनाव घटने की उम्मीद में चढ़ा बाजार

- सेंसेक्स 455.37 अंक की छलांग लगाकर 82,176.45 पर रहा
- निफ्टी 148.00 अंक की तेजी के साथ 25001.15 अंक पर बंद

**मुंबई,** 26 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ चल रही व्यापार वार्ता की समय सीमा बढ़ाए जाने के वैश्विक स्तर पर व्यापार तनाव घटने की उम्मीद में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन चढ़ गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 455.37 अंक की छलांग लगाकर चार कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,176.45 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 148.00 अंक की तेजी के साथ 25 हजार अंक के पार 25001.15 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत उछलकर 45,111.47 अंक और स्मॉलकैप 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 51,766.72 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4267 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2301 में लिवाली जबकि 1772 में बिकवाली हुई वहीं 194 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2982 कंपनियों के शेयरों में से 1735 में तेजी जबकि 1173 में गिरावट रही वहीं 74 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय संघ के साथ चल रही व्यापार वार्ता की समयसीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस कदम से संभावित नए व्यापार युद्ध की आशंका कम हो गई है, जिसने हाल के दिनों में वैश्विक निवेशकों की




चिंता बढ़ा दी थी। विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला विश्व बाजारों में स्थिरता बनाए रखने में मदद करेगा और निवेशकों की भावना को सहारा देगा। ट्रम्प प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम संकेत देता है कि अमेरिका फिलहाल विवाद के बजाय समाधान की दिशा में बढ़ना चाहता है।

इनके अलावा भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की खबर बाजार के लिए निकट भविष्य में मनोबल बढ़ाने वाली होगी। यह न केवल वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करेगा, बल्कि घरेलू स्तर पर भी निवेश भावना को मजबूत करेगा।

विशेषज्ञों के अनुसार, भारत की यह प्रगति मजबूत आर्थिक बुनियाद, सतत सुधारों और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच स्थिर विकास दर का परिणाम है। ऐसे समय में जब कई विकसित अर्थव्यवस्थाएं सुस्ती से जूझ रही हैं, भारत की रैंकिंग में यह उछाल देश को वैश्विक निवेश के लिए और अधिक आकर्षक बना सकता है। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.17, नेस्ले इंडिया 1.65, एचसीएल टेक 1.53, टाटा मोटर्स 1.52, आईटीसी 1.49, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.41, एलटी 1.35, टेक महिंद्रा 1.27, इंफ़ोसिस 1.02, टाइटन 0.90, इंडसइंड बैंक 0.87, भारती एयरटेल 0.82, आईसीआईसीआई बैंक 0.73, टीसीएस 0.68, बजाज फिनसर्व 0.67, रिलायंस 0.54, एसबीआई 0.49, एशियन पेंट 0.45 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इटरनल 4.51, अल्ट्रासिम्को 0.47, सन फार्मा 0.45, पावरग्रिड 0.45, एनटीपीसी 0.32, टाटा स्टील 0.31, कोटक बैंक 0.30 और मारुति के शेयर 0.17 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## राष्ट्र निर्माण व आर्थिक विकास के लिए रहें प्रतिबद्ध : सर्बानंद सोनोवाल

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने देश के नागरिकों से राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में ईमानदारी से काम करने का आह्वान किया। डिब्रूगढ़ में 'तिरंगा यात्रा' में उपस्थित लोगों और मन की बात कार्यक्रम की ऑडियंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम ने देश भर से परिवर्तनकारी विचारों और साहस की कहानियों के माध्यम से नागरिकों को लगातार प्रेरित किया है।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सभी नागरिकों से एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए खुद को समर्पित करने का आग्रह किया है। उनके नेतृत्व में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। हमें विकास और समृद्धि की इस यात्रा को और भी अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करना चाहिए और अंततः मोदी जी के विकसित भारत के सपने को पूरा करना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए तिरंगा यात्रा में शामिल होकर केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने भारत के सशस्त्र बलों की वीरता को श्रद्धांजलि दी और मिशन की सफलता के लिए उनके निडर समर्पण और पीएम मोदी के दृढ़ नेतृत्व को अहम बताया। रास्ते में केंद्रीय मंत्री ने रिक्शा चालकों और मजदूरों से भी बातचीत की और समाज के प्रति उनकी सेवा के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि श्रमिक हमारे महान राष्ट्र की प्रमुख प्रेरक शक्तियों में से एक हैं। इन मेहनती व्यक्तियों से मिलना मेरे लिए हमेशा खुशी और प्रेरणा का स्रोत है।

## खाद्य तेल व दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा आठ रिंगिट की बढ़त के साथ 3832 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.24 सेंट चढ़कर 49.35 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 439 रुपए, सूरजमुखी तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 219 रुपए और वनस्पति तेल 513 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए और पाम ऑयल 147 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 100 रुपए,, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 150 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई जबकि मूंग दाल 50 रुपए और अरहर दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। **दाल-दलहन :** चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8800-8900 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## नेशनल अप्रेंटिस प्रमोशन स्कीम में स्टाइपेंड 3 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ाया : जयंत

**नई दिल्ली,** 26 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने सोमवार को कहा कि नेशनल अप्रेंटिस प्रमोशन (नैप्स) स्कीम में लाभार्थियों के लिए स्टाइपेंड बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के अकाउंट में ट्रांसफर होने वाले स्टाइपेंड को 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ाया गया है।

केंद्रीय अप्रेंटिसशिप परिषद की 38वीं बैठक के साइडलाइन में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि नैप्स और नैट्स दोनों ही स्कीम में स्टाइपेंड को बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इसका सीधा लाभ लाभार्थी युवाओं को मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि यह उद्योगों की भी मांग थी।

केंद्रीय मंत्री चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि इंडस्ट्री के पे-स्केल समय-समय पर बदलते रहते हैं। आज की बैठक में एक समिति के गठन को हरी झंडी दिखाई गई है। हर दो साल में महंगाई की दर को देखते हुए यह




समिति तय करेगी कि स्टाइपेंड निरंतर बढ़ाया जाएगा, जिससे मार्केट और इंडस्ट्री स्टैंडर्ड के हिसाब से स्टाइपेंड के माध्यम से लाभार्थियों को सपोर्ट किया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह 2021 के बाद बुलाई गई एक बड़ी बैठक थी। अप्रेंटिस कानून के लिए केंद्रीय समिति की इस बैठक में सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के विभागों के प्रतिनिधि, राज्य सरकारों के प्रतिनिधि, इंडस्ट्रियलिस्ट, इकोनॉमिस्ट और कई स्टेकहोल्डर्स की भागीदारी रही। यह बैठक कई घंटों तक चली और कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

> नैप्स व नैट्स दोनों ही स्कीम में स्टाइपेंड को बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इसका सीधा लाभ लाभार्थी युवाओं को मिलेगा : जयंत चौधरी

उन्होंने बताया कि इस नई बैठक में पूर्व में पारित होने वाले एजेंडों, दिशा-निर्देशों को लेकर मंत्रालय ने क्या काम किया, क्या बदलाव और सुधार किए गए, इसकी समीक्षा की गई। इसके अलावा, आगे के लिए प्रस्तावित सुधारों का अनुमोदन किया गया।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि नए क्षेत्रों जैसे एआई, रोबोटिक्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी में अगर कोई छात्र अप्रेंटिस बनना चाहता है तो वह अवसर उन्हें दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज और यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करते हुए, डिग्री हासिल कर रहे हैं तो आप किस प्रकार अप्रेंटिस बन सकते हैं और उसका क्रेडिट आपको कैसे मिल सकता है, इसके लिए भी एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

## सार संक्षेप

### नीरज चोपड़ा की ऑडी इंडिया के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** दोहरा ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने जर्मन लक्जरी कार निर्माता ऑडी के साथ साझेदारी की है। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने सोमवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि उसके एथलीट नीरज चोपड़ा ने यह साझेदारी की है। उसने कहा कि नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक पदक जीत कर देश और दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया था। अब ऑडी इंडिया के साथ साझेदारी एथलीट और ब्रांड के बीच साझा मूल्यों का आदान प्रदान है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि ऑडी में हम उन लोगों के लिए खड़े हैं जो सीमाओं को लांघते हैं - वे जो सिर्फ़ प्रदर्शन से नहीं, बल्कि उत्कृष्टता की निरंतर खोज से परिभाषित होते हैं। नीरज चोपड़ा उस भावना के प्रतीक हैं। दृढ़ निश्चयी और प्रतिष्ठित, महत्वाकांक्षा से उपलब्धि तक का उनका सफ़र ऑडी के प्रगतिशील डीएनए को दर्शाता है।

### अमेरिका ने गैर-टैरिफ बाधाओं को हल करने का किया आह्वान

**सोल।** दक्षिण कोरिया के एक व्यापार अधिकारी ने सोमवार को बताया कि अमेरिका ने कार्य-स्तरीय व्यापार वार्ता के नए दौर में सोल से विभिन्न गैर-व्यापार बाधाओं को हल करने के लिए कहा है। दक्षिण कोरिया ने ट्रंप प्रशासन से टैरिफ कम करने या समाप्त करने का आग्रह किया है। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार मामले के जानकार एक अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि पिछले सप्ताह के कार्य-स्तरीय परामर्श में वाशिंगटन ने सोल से अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के कार्यालय की मार्च में जारी विदेशी व्यापार बाधाओं पर 2025 राष्ट्रीय व्यापार अनुमान (एनटीई) रिपोर्ट में सूचीबद्ध गैर-व्यापार बाधाओं के समाधान का आग्रह किया था। एनटीई रिपोर्ट में कोरिया के गैर-टैरिफ उपायों की एक विस्तृत श्रृंखला का जिक्र किया गया है, जिसमें अमेरिका से 3 महीने या उससे अधिक उम्र के मवेशियों के गोमांस के आयात पर प्रतिबंध, दक्षिण कोरिया की ऑफसेट रक्षा व्यापार नीति, आयातित कारों पर उत्सर्जन-संबंधी विनियम और दवाइयों के लिए मूल्य निर्धारण नीतियां शामिल थीं।

### गेमिंग कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज का मुनाफा घटा

**मुंबई।** गेमिंग कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज ने सोमवार को वित्त वर्ष 25 की मार्च तिमाही के नतीजे घोषित किए। जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी का मुनाफा तिमाही आधार पर 54 प्रतिशत गिरकर 4 करोड़ रुपए रह गया है, जो कि अक्टूबर-दिसंबर अवधि में 8.8 करोड़ रुपए पर था। हालांकि, सालाना आधार पर वित्त वर्ष 25 की मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा करीब 22 गुना बढ़ा है। वित्त वर्ष 24 की समान अवधि में यह आंकड़ा 18 लाख रुपए पर था। वित्त वर्ष 25 की मार्च तिमाही में कंपनी की ऑपरेशंस से आय 52 करोड़ रुपए रही है, जो कि दिसंबर तिमाही में 535 करोड़ रुपए पर थी। इसमें तिमाही आधार पर 2.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

# सामाज हित में कार्य करने के लिए कलार समाज को सदैव आगे रहना होगा : स्वास्थ्य मंत्री

## कलार समाज के कार्यों को उद्योग मंत्री ने सराहा

## जायसवाल कलार समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि सम्मानित



**कोरबा**, 25 मई (देशबन्धु)। कलचुरी समाज की अपनी गौरवशाली इतिहास है, समाज ने देश व प्रदेश के विकास में अपना अतुलनीय योगदान दिया है। जायसवाल कलार समाज सदैव सर्वहित की बात करता रहा है और यह एक अच्छी सोच है। स्वजातीय बंधुओं को अपने संस्कृति और इतिहास पर गर्व करने के साथ-साथ भगवान सहस्त्रबाहु के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है।

प्रदेश के लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण व चिकित्सा शिक्षा मामलों के मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कोरबा के मिशन रोड स्थित कलचुरी भवन में जायसवाल कलार समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बीते महिनों कटघोरा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सम्मेलन के दौरान कटघोरा में 100 बिस्तर अस्पताल की मांग की। जिसे पूरा करने के साथ-साथ बजट में शामिल किया गया और इस पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया। श्रम, उद्योग व वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि कलार समाज की ओर से जब भी किसी प्रकार की मांग पत्र सामने आई है उसे सहर्ष पूरा करने संकल्पित हूं। महापौर संजूदेवी राजपूत ने भी कलार समाज के कार्यों को सराहा। राष्ट्रीय कलचुरी राजवंश विकास एवं पुरातत्व शोध समिति के संयोजक कौन्तेय जायसवाल ने समाज के इतिहास और पुरातत्व के बारे में तथ्यात्मक और दस्तावेजी जानकारी के साथ अनेकोनेक बिन्दुओं पर अवगत कराया। कार्यक्रम को नगर पालिका कटघोरा के अध्यक्ष राज जायसवाल, नपं पाली के अध्यक्ष अजय जायसवाल, जिपं कोरबा उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जायसवाल, छत्तीसगढ़ हैहय क्षत्रिय कलचुरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज राय, प्रगतिशील जायसवाल (कन्नौ.) कलार समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र जायसवाल ने भी संबोधित किया। जिले से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि पार्षद अनुज जायसवाल, भानुमति, चंद्रकली, सुनीता, दीपक डिक्सेना, उप सरपंच व पंच सहित देवेश कुमार जायसवाल, मॉडल प्रिशिखा और खेल के क्षेत्र में दिशा जायसवाल को शॉल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष रामगोपाल डिक्सेना ने की। कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि के रूप में जिला भाजपाध्यक्ष गोपाल मोदी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, समाज के महामंत्री आनंद प्रसाद जायसवाल, कोषाध्यक्ष आनंद जायसवाल, मनोज पराशर, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, विनोद जायसवाल, युवा सभा के अध्यक्ष संजय जायसवाल, कार्य. अध्यक्ष आशीष जायसवाल, मनीष जायसवाल, विरेन्द्र जायसवाल, रोशन जायसवाल, राजेश, जीवन, भास्कर उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन महिला सभा अध्यक्षा पल्लवी जायसवाल ने किया।

### कोरबा में जल्द खुलेगा नर्सिंग कॉलेज

सर्ववर्गीय जायसवाल सभा के निर्वाचित प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह के दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने घोषणा करते हुए कहा कि कोरबा में जल्द ही सर्वसुविधायुक्त शासकीय नर्सिंग कॉलेज खोला जाएगा। मंत्री की घोषणा का उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया।

### दीक्षा जायसवाल का हुआ अभिनंदन

छत्तीसगढ़, हिन्दी और भोजपुरी फिल्मों की स्टार और छइया-भुइया-3 सहित दर्जनों छत्तीसगढ़ी फिल्म की अभिनेत्री दीक्षा जायसवाल का आयोजन के दौरान समाज की ओर से मंत्री द्वय के द्वारा अभिनंदन करते हुए छत्तीसगढ़ी फिल्मों में छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने की अपेक्षा जताते हुए छत्तीसगढ़ का नाम देश में रौशन करने के लिए दीक्षा जायसवाल के अभिनय को सराहा।



# अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने वाले आरोपी मां-बेटा पुलिस की गिरफ्त में

## कब्जे से 1.425 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 30 हजार रूपए जब्त

## आरोपियो के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया

**बिलासपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा आपरेशन प्रहार'' के तहत थाना क्षेत्र में अवैध नशा के विरूद्ध कार्रवाई करने निर्देशित दिये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक (सरकंडा) सिद्धार्थ बघेल, थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक निलेश पाण्डे के मार्गदर्शन में नशा के कारोबार करने वालो की पतासाजी हेतु मुखबिर लगाया गया था। रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि जीतन बाई वर्मा निवासी भाटापारा मोपका अपने घर में अधिक मात्रा में अवैध रूप मादक पदार्थ गांजा रखी है व से बिक्री कर रही हैं सूचना तस्दीक हेतु गवाहों को तलब कर उनकी उपस्थिति में घर की विधिवत तलाशी लेने पर बरामदे में बने सीढ़ी के नीचे एक सफेद रंग के झोले में नीले रंग के पॉलीथिन में छोटे छोटे पैकेट में मादक पदार्थ गांजा मिला। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत विधिवत् कार्यवाही की गई आरोपिया के कब्जे से तौल करने पर1.425 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला गांजा के संबंध में पूछने पर बेटे महेन्द्र उर्फ बांडया वर्मा द्वारा लाकर बेचने



देने बताया। गांजा को जप्त कर आरोपिया जीतन बाई वर्मा और उसके बेटे आरोपी महेन्द्र उर्फ बांडया वर्मा को विधिवत गिरफतार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

कार्रवाई में उपनिरीक्षक भावेश शेंडे, सउनि ढोलाराम मरकाम, प्र आर रविकांत सैनिक, आर दीपक खांडेकर, आर संतोष पाटले, आर सैय्यद अली, म आर रामकुमारी धुर्वे का योगदान रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह द्वारा उक्त कार्रवाई की सराहना की गई है।

# वरिष्ठ भाजपा नेता ननकी राम कंवर ने कहा-प्रदेश की सरकार तो बस जय श्रीराम है

**बिलासपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। पूर्व केबिनेट मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता ननकी राम कंवर ने सोमवार को यहां कलेक्ट्रेट में कई ऐसी बातें कह दी है जो प्रदेश की भाजपा सरकार और पार्टी के वरिष्ठ नेता को विचलित कर सकता है। श्री कंवर ने साफ शब्दों में कह दिया है कि भाजपा के कार्यकर्ता खुश नहीं है ,कोई काम भी नहीं हो रहा और सरकार तो बस जय श्रीराम है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष पर 3बार उन्हें चुनाव में हराने का भी आरोप लगाया।



भाजपा के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व गृह एवं वन मंत्री ननकी राम कंवर ने सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन पर गंभीर आरोप लगाए है। उनका कहना है कि पार्टी में पार्टी के लोगों को हराने का काम डॉक्टर रमन सिंह जैसे लोग करते हैं। रमन सिंह उन्हें तीन बार हराने का प्रयास किया है। पार्टी के सभी नेताओं को पता है। कार्रवाई करना चाहिए लेकिन नहीं करते। नक्सलवाद के सवाल पर श्री कंवर ने कहा कि जब मैं गृह मंत्री था उसी समय हमने निर्णय कर लिया था कि नक्सलवाद को खत्म करेंगे, लेकिन उस समय के केंद्र सरकार ने एक पैसे की मदद नहीं की और न ही फोर्स भेजाज। उस समय केंद्र सरकार में बैठे लोग ही नक्सलियों को मदद कर रहे थे।

एक सवाल के जवाब उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का काम ठीक है लेकिन राज्य सरकार काम तो जय श्री राम है। हमारा एक भी कार्यकर्ता खुश नहीं है और न ही जनता खुश है। भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है कि कोई भी काम बिना पैसे के नहीं हो रहा है।

# आटो पार्ट्स विक्रताओं को प्रेशर हॉर्न एवं मोडिफाइड साइलेंसर की बिक्री नही करने निर्देश

## ऑटो पार्ट्स दुकान में प्रेशर हॉर्न एवं मोडिफाइड साइलेंसर नहीं बेचे जाने के संबंध में लगाई जाएगी सूचनात्मक बोर्ड

**बिलासपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में जिले में सरल, सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आवागमन हेतु नियमित रूप से सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए जाने सघन प्रयास किया जा रहा है साथ ही जिले के समस्त अलग-अलग इकाइयों के साथ यातायात विचार विमर्श करते हुए आम जन के लिए बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने निरंतर सभी स्तर पर कार्य की जा रही है।

इसी क्रम मे सोमवार को शहर के समस्त आटो पार्ट्स विक्रेताओं का वाहनों में लगाये जाने वाले मॉडिफाईड़ साईलेंसर एवं प्रेसर हार्न के कारण होने वाले ध्वनि प्रदूषण एवं तीव्र ध्वनि के कारण हृदय सम्बन्धी दुष्प्रभाव, अन्य शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुये उसके क्रय, विक्रय एवं संग्रहण पर प्रभावी नियंत्रण रखने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे द्वारा यातायात कार्यालय में अत्यावश्यक बैठक आहुत की गई।

उक्त बैठक में वाहन चालकों, यात्रियों एवं आम जन के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये, निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर आमसहमति एवं निर्देशित कर उसके पालन



हेतु निर्णय लिया गया-मॉडिफाईड़ साईलेंसर एवं प्रेशर हार्न का क्रय, विक्रय एवं संग्रहण नहीं करेंगे। किसी भी विक्रताओं के द्वारा इस तरह का उपकरण विक्रय किये जाने की स्थिति में उनके विरूध्द विधिसम्मत कार्यवाही की जावेगी। सभी दुकान संचालक अपने आटो पार्ट्स दुकान के सामने मॉडिफाईड साईलेंसर एवं प्रेशर हार्न, विक्रय नहीं किया जाता है का सूचनात्मक बोर्ड अनिवार्य रूप से लगायेंगे। इस तरीके का कोई भी उपकरण वाहन चालकों द्वारा इनके आटो पार्ट्स द्वारा लगाई जाती है, या आग्रह की जाती हो तो उसकी सूचना तत्काल यातायात मुख्यालय को उनके द्वारा दी जावेगी। मॉडिफाईड़ साईलेंसर में फटाके की आवाज वाली कोई भी उपकरण या सिस्टम नहीं लगाई जावेगी। यदि ऐसे वाहन जिसमें इस तरह के उपकरण लगें हैं, और सुधार कार्य हेतु आपके आटो पार्ट्स में आने पर यातायात मुख्यालय को दी जावेगी। वाहनों के विधिमान्य मॉडल/प्रारूप/संरचना में सुरक्षा मानकों की अव्हेलना करते हुये किसी तरीके का छेड़-छाड़ किये जाने पर उनके विरूध्द विधिवत् कार्यवाही की जावेगी। अनाधिकृत लोगों को म्युलिकल हार्न एवं पुलिस/मेडिकल सायरन का विक्रय नहीं करेंगे।

बैठक में ऑटो पार्ट्स दुकान संचालकों के द्वारा उक्त महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपनी सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हुए जिले में सरल सुगम सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन हेतु यातायात नियमों का समुचित पालन करते हुए उक्त किसी भी सामग्री का विक्रय अपने दुकान में नहीं करने हेतु सहमति जताई। उक्त बैठक में जिले के समस्त ऑटो पार्ट्स दुकान के संचालक गण अधिकाधिक संख्या में उपस्थित हुए एवं यातायात पुलिस के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनिज टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित



**बिलासपुर,** 26 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनिज टॉस्क फोर्स की बैठक का आयोजन मंथन सभाकक्ष में किया गया। बैठक में एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर,उप वनमण्डलाधिकारी, उप संचालक (ख. प्रशा.) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिलासपुर/बिल्हा/मस्तूरी, क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर, जिला परिवहन अधिकारी बिलापसुर, कार्यपालन अभियंता जलसंसाधन / ग्रा.यां.से. संभाग / पीएमजेएसवाई / एमएमजेएसवाई बिलासपुर एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित हुए।

उप संचालक खनिज प्रशासन बिलासपुर द्वारा बैठक में वर्ष 2024-25 में अवैध खनिज परिवहन के 629 प्रकरण, अवैध खनिज उत्खनन के 85 तथा अवैध खनिज भंण्डारण के 15 कुल 729 प्रकरण दर्ज किये जाने की जानकारी दी गई। जिसमें से 718 प्रकरणों का निराकरण कर अर्थदण्ड की राशि रू. 1 करोड़ 99 लाख 65 हजार आरोपित कर खनिज मद में जमा कराया गया है तथा शेष 11 प्रकरण में सें 10 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 (22 मई 2025 की स्थिति में) में अवैध खनिज परिवहन के 93 प्रकरण, अवैध खनिज उत्खनन के 7 तथा अवैध खनिज भण्डारण के 1 कुल 101 प्रकरण दर्ज कर निराकरण करते हुए अर्थदण्ड की राशि रू. 26 लाख 03 हजार आरोपित कर खनिज मद में जमा कराने की जानकारी प्रस्तुत की गई। उपरोक्तानुसार कार्यवाही में राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा दर्ज किये गये प्रकरणों का भी ब्योरा प्रस्तुत किया गया। जिस पर कलेक्टर द्वारा सभी विभागों को अपने अपने नियमों के परिप्रेक्ष्य में अधिक से अधिक कार्रवाई कर की गई कार्यवाही की सूचना प्रति माह खनिज विभाग को देने का निर्देश दिया गया। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण पर प्रभावी कार्यवाही एवं नियंत्रण हेतु तहसीलदारों को भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 247(7) के तहत सीधे प्रकरण दर्ज करने निर्देशित किया गया तथा वन विभाग के अधिकारियों को भी वन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई जैसे वाहन राजसात करने के निर्देश दिये गये।

**■ वर्ष 2024-25 में अवैध खनिज परिवहन के 629 प्रकरण, अवैध खनिज उत्खनन के 85 तथा अवैध खनिज भंण्डारण के 15 कुल 729 प्रकरण दर्ज**

कलेक्टर द्वारा बिलासपुर जिले में अधिक से अधिक रेत खदान स्वीकृत किये जाने नवीन क्षेत्र का चिन्हांकन करने तथा ऑक्सन के माध्यम से स्वीकृति की कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिससे कि जिले में निर्माण कार्यों के लिये खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके तथा शासन एवं ग्राम पंचायतों को राजस्व आय भी प्राप्त हो सके। जिले में नवीन क्षेत्र चिन्हांकन कर कुल 15 रेत खदानों का जांच प्रतिवेदन अतिशीघ्र उपलब्ध कराने राजस्व विभाग, वन विभाग को निर्देशित किया गया तथा क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर को खदानों में पर्यावरण स्वीकृति अतिशीघ्र जारी करने निर्देशित किया गया। शासकीय निर्माण एजेंसी के द्वारा निर्माण कार्य में लगने वाले खनिजों की उपलब्धता के संबंध में लावारिस स्थति में जप्तशुदा खनिजों को निर्माणाधीन कार्यों में उपयोग हेतु निर्माण विभागों को भण्डारित खनिजों की रायल्टी सहित समस्त कर जमा करने पश्चात् परिवहन / उपयोग की अनुमति दिए जाने के संबंध में कलेक्टर द्वारा खनिज विभाग को निर्देश दिये गये।

## एमए और बीए द्वितीय सेमेस्टर की भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 30 को

**बिलासपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। महाविद्यालयीन स्वशासी परीक्षा के अंतर्गत के एम.ए. भूगोल द्वितीय सेमेस्टर नियमित की प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि, आपकी प्रायोगिक परीक्षा भूगोल 30 मई दिन-शुक्रवार समय-प्रात: 10 बजे से एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षा के अंतर्गत बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर (स्वाध्यायी) भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 30 मई दिन-शुक्रवार समय-प्रात: 10 बजे से प्रारंभ होगी। अत: समस्त छात्र-छात्राएं निर्धारित तिथि एवं समय पर, अपनी प्रायोगिक फाईल के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होंवे अन्यथा अनुपस्थित होने की स्थिति में छात्र-छात्राऍ स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# उद्योगों में भूमिगत जल के दोहन की जांच करेंगे अधिकारी

## सामुदायिक भागीदारी से पौधारोपण करने पर दिया बल

## कलेक्टर ने बैठक में की फ्लेगशीप योजनाओं की समीक्षा

**बिलासपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक टीएल की बैठक में राज्य सरकार द्वारा संचालित फ्लैगशीप योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री की खोंगसरा समाधान शिविर में की गई घोषणाओं पर अमल के लिए प्राक्कलन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने खोंगसरा में 33 केव्हीए विद्युत सब स्टेशन, सामुदायिक भवन और बेलगहना में कॉलेज खोलने की घोषणा की थी। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण की कार्य-योजना जिला पंचायत में जमा कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने पौधरोपण में सामुदायिक भागीदारी की वकालत करते हुए लगाये गये पौधों की सुरक्षा पर ज्यादा जोर दिया। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करने वाले ठेकेदारों और उद्योगपतियों को संतुलन के लिए पेड़ लगाना ही होगा। उन्होंने एक निर्धारित फार्मेट में विभागीय अधिकारियों से इसकी विस्तृत जानकारी चाही है। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम शुरू होने ही वाला है। अभी पेड़ लगाने के लिए गड्ढा खोदने का उपयुक्त समय है। उन्होंने सभी एजेन्सियों को पेड़ की जरूरत का आकलन कर खरीदने के लिए वर्क आर्डर जारी कर दिया जाये ताकि समय पर पौधा



उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि लोगों की भागीदारी से पौधे लगाये जाने चाहिए। इससे पौधों के प्रति उनका लगाव बढ़ेगा और उनकी सुरक्षा के लिए आगे आएंगे। कलेक्टर ने भूमिगत जल का उपयोग करने वाले उद्योगों का सर्वे करने के निर्देश दिए। उद्योग एवं बिजली विभाग के अधिकारी सर्वे करेंगे। देखेंगे कि वे कितना भूमिगत जल का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्हों भू-जल चार्जिंग संरचना निर्माण के लिए बाध्य किया जायेगा। ताकि जल स्तर बढ़ सके।

कलेक्टर ने बताया कि अभी भी लगभग 27 प्रतिशत लोगों की आयुष्मान कार्ड नहीं बन सके हैं। हर आदमी का आयुष्मान कार्ड बनना चाहिए, ताकि बीमार होने पर मुफ्त में इलाज हो सके। उन्होंने विभिन्न समाज प्रमुखों को इस अभियान से जोड़कर प्रगति लाने का सुझाव दिया। एसडीएम को निर्देश दिए कि स्वयं बैठक लेकर इसकी समीक्षा करें और लोगों को इसके लिए जागरूक करें। उन्होंने खाद-बीज की समीक्षा करते हुए इनके एडवांश लिफ्टिंग पर जोर दिया। बरसात में आवारा मवेशियों के सड़क पर बैठने की समस्या शुरू होती है। अभी से कार्य-योजना बनाकर इसकी नौबत नहीं आये, इसके लिए प्रयास करें। संयुक्त रूप से गठित दल लगातार सड़कों पर पहरा देकर कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने लम्बे समय से दफ्तरों से नदारद कर्मचारियों को सेवा से हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्रवाई लगातार जारी रखने को कहा है। सड़क दुर्घटना रोकने के लिए दुर्घटना स्थल पहुंचकर कारणों का विश्लेषण किया जाये और उसके अनुरूप सड़क डिजायनिंग में सुधार किया जाये। स्कूल खुलने के पूर्व स्कूल भवनों की साफ-सफाई और मरम्मत करने के निर्देश दिए।

## डैम में डूबे रेलवे इंजीनियर का शव हुआ बरामद

**बिलासपुर**, 26 मई (देशबन्धु)। पिकनिक मनाने गए रेलवे के जूनियर इंजीनियर की डैम में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सत्येंद्र सिंह कंवर (30 वर्ष) के रूप में हुई है, जो रेलवे के कंस्ट्रक्शन विभाग में जूनियर इंजीनियर थे और अंबिकापुर के निवासी थे। रविवार को सत्येंद्र सिंह अपने पांच दोस्तों—तीन लड़कों और दो लड़कियों के साथ—पिकनिक मनाने कोटा के घोंघा जलाशय स्थित कोरी डैम गए थे। सभी ने दोपहर में नहाया और फिर बाहर आ गए, लेकिन शाम के समय सत्येंद्र कुछ दोस्तों के साथ दोबारा नहाने के लिए डैम में उतरे। इसी दौरान सत्येंद्र गहराई में चला गया और डूब गया।आज सुबह सत्येंद्र का शव पानी में तैरता हुआ मिला।

NECC

| 27.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 515 | 75 | 160 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 185 |
| डिलीवरी | 530 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771